सच, सिर्फ सच **
वॉयस ऑफ लखनऊ
मंगलवार, 08 जुलाई , 2025 लखनऊ, महानगर, वर्ष 20, अंक 184, पेज 16, 3.50 रुपये
www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com

सेंसेक्स में 9.61 अंकों की बढ़त

उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में दोनों मानक सूचकांक सेंसेक्स 9.61 अंक की नाममात्र तेजी के साथ 83,442.50 अंक पर बंद हुआ। } 12

बदली नहीं जा सकती संविधान की प्रस्तावना : धनखड़

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि भारतीय संविधान की प्रस्तावना बच्चों के लिए माता पिता की तरह है और इसे बदला नही जा सकता, चाहे कोई कितनी भी कोशिश कर ले। } 12

खनिज आपूर्ति सुरक्षा पर काम करे ब्रिक्स : मोदी

एजेंसी

रियो डी जिनेरियो। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ब्रिक्स समूह के वार्षिक शिखर सम्मेलन में कहा कि समूह के देशों को महत्वपूर्ण खनिजों और प्रौद्योगिकी की आपूर्ति श्रृंखलाओं को सुरक्षित बनाने के लिए मिलकर काम करना चाहिए तथा यह सुनिश्चित करना चाहिए कि कोई भी देश इन संसाधनों का उपयोग अपने स्वार्थी लाभ के लिए या दूसरों के खिलाफ हथियार के रूप में न करे।

बहुपक्षवाद, वित्तीय मामलों और कृत्रिम बुद्धिमत्ता पर आयोजित सत्र में रविवार को अपने संबोधन में मोदी ने पारदर्शिता बनाए रखने और दुरुपयोग को रोकने के वास्ते एआई के उपयोग के लिए वैश्विक मानक बनाने का भी आह्वान किया। महत्वपूर्ण खनिजों पर प्रधानमंत्री की टिप्पणी, इन महत्वपूर्ण संसाधनों के निर्यात पर चीन द्वारा लगाए गए प्रतिबंधों तथा इस क्षेत्र में उसकी अपारदर्शी नीतियों को लेकर वैश्विक स्तर पर जताई जा रही चिंता के बीच आई है। मोदी ने कहा हमें महत्वपूर्ण खनिजों और प्रौद्योगिकी की आपूर्ति श्रृंखला को सुरक्षित और विश्वसनीय बनाने के लिए मिलकर काम करने की जरूरत है। यह सुनिश्चित करना

महत्वपूर्ण है कि कोई भी देश इन संसाधनों का उपयोग अपने स्वार्थ के लिए या दूसरों के खिलाफ हथियार के रूप में न करे। लिथियम, निकल और ग्रेफाइट जैसे महत्वपूर्ण खनिजों को इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी), ड्रोन और बैटरी भंडारण सहित उच्च-स्तरीय प्रौद्योगिकी उत्पादों के लिए महत्वपूर्ण माना जाता है। चीन वैश्विक स्तर पर महत्वपूर्ण खनिजों की आपूर्ति श्रृंखला में प्रमुख भूमिका निभाता रहा है। कृत्रिम बुद्धिमत्ता के बारे में मोदी ने कहा कि इससे रोजमर्रा की जिंदगी में काफी सुधार आ सकता है, लेकिन दूसरी ओर इससे जोखिम, नैतिकता और पूर्वाग्रह के बारे में चिंताएं भी पैदा हुई हैं।

प्रधानमंत्री ने घोषणा की कि भारत अगले साल एआई प्रभाव शिखर सम्मेलन का आयोजन करेगा। मोदी ने कहा हमारा मानना है कि चिंताओं के समाधान और नवाचार को प्रोत्साहित करने को एआई शासन में समान महत्व दिया जाना चाहिए। हमें जिम्मेदार एआई के लिए मिलकर काम करना चाहिए। उन्होंने कहा ऐसे वैश्विक मानक बनाए जाने चाहिए, जो डिजिटल सामग्री की प्रामाणिकता को सत्यापित कर सकें, ताकि हम सामग्री के स्त्रोत की पहचान कर सकें और पारदर्शिता बनाए रख सकें तथा दुरुपयोग को रोक सकें। समुद्र तटीय ब्राजील के इस शहर में आयोजित शिखर सम्मेलन में ब्रिक्स के शीर्ष नेताओं ने विश्व के समक्ष उपस्थित विभिन्न चुनौतियों पर विचार-विमर्श किया। चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग और उनके रूसी समकक्ष व्लादिमीर पुतिन ने शिखर सम्मेलन में भाग नहीं लिया। ईरानी राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियान और मिस्र के राष्ट्रपति अब्दुल-फतह अल-सिसी भी सम्मेलन में शामिल ...शेष पृष्ठ 12 पर

मतदाता सूचियों के पुनरीक्षण के फैसले पर 10 को सुनवाई

एजेंसी

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय निर्वाचन आयोग के बिहार में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण के फैसले को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर 10 जुलाई को सुनवाई करने के लिए सोमवार को राजी हो गया। बिहार में विधानसभा चुनाव से पहले विशेष गहन पुनरीक्षण कराने के निर्वाचन आयोग के फैसले के खिलाफ विपक्षी दलों कांग्रेस, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार), शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे), समाजवादी पार्टी (सपा), झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो), भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा) और भाकपा (माले) के नेताओं की संयुक्त याचिका सहित कई नयी याचिकाएं उच्चतम न्यायालय में दायर की गईं।



न्यायमूर्ति सुधांशु धूलिया और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने कई याचिकाकर्ताओं की ओर से कपिल सिब्बल की अगुवाई में कई वरिष्ठ वकीलों की दलीलों को सुना और याचिकाओं पर 10 जुलाई को सुनवाई के लिए राजी हुई। राष्ट्रीय जनता दल (राजद) सांसद मनोज झा की ओर से पेश हुए सिब्बल ने पीठ से इन ...शेष पृष्ठ 12 पर

पूर्व वर्षों की भाँति हिन्दी दैनिक समाचार पत्र वॉयस ऑफ लखनऊ अपना स्थापना दिवस मना रहा है। लगभग दो दशक के इस सफर में हमने खबरों की निष्पक्षता, विश्वसनीयता, पारदर्शिता एवं वस्तुपरकता को हमेशा कसौटी पर कसा। परिवार के मूल्य, मान्यताओं एवं सिद्धान्तों के आधार पर हमने अपनी एक विशिष्ट पहचान बनाई है। इस दौरान हमें आपका भरपूर सहयोग मिला। आगे भी हमारे, आपके बीच भरोसे का यह रिश्ता कायम रहे, ऐसी हमारी कामना है और इसकी हम पूरी कोशिश करेंगे। -कार्यकारी सम्पादक

पौधरोपण का रिकॉर्ड बनायेगी योगी सरकार

एजेंसी

लखनऊ। उत्तर प्रदेश सरकार ने सोमवार को कहा कि बुधवार को पौधारोपण अभियान-2025 के तहत राज्य के सभी जिलों में 37 करोड़ पौधे लगाए जाएंगे। राज्यव्यापी भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए, उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री सभी 75 जिलों में अभियान का नेतृत्व करेंगे। बयान में कहा गया कि वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों को जिला नोडल अधिकारी नामित किया गया है जो मंगलवार सुबह तैयारियों की समीक्षा करने के लिए अपने-अपने जिलों में पहुंचेंगे। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अयोध्या और आजमगढ़ में पौधारोपण अभियान का नेतृत्व करेंगे, जबकि उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल बाराबंकी में अभियान में भाग लेंगी। बयान में कहा गया है कि उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य मेरठ

और उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक लखनऊमें पौधारोपण अभियान में हिस्सा लेंगे। उत्तर प्रदेश सरकार के सभी मंत्री बुधवार को राज्यव्यापी पौधारोपण अभियान में भाग लेंगे और अपने-अपने जिलों में पौधे लगाएंगे। सरकार ने पौधारोपण अभियान की सफलता सुनिश्चित करने के लिए सभी 75 जिलों में नोडल अधिकारी नियुक्त किए हैं। पर्यावरण संरक्षण और नदियों को पुनर्जीवित करने के लिए एक महत्वाकांक्षी कदम के तहत प्रदेश में वन महोत्सव के दौरान वन विभाग ने प्रमुख नदियों के किनारे लगभग 3.5 करोड़ पौधों का रोपण करने का लक्ष्य रखा है। प्रदेश सरकार ने सोमवार को एक बयान जारी कर कहा कि इस महा अभियान के तहत प्रदेश की प्रमुख नदियों- गंगा, यमुना, गोमती, केन, बेतवा आदि के किनारे पांच किलोमीटर के क्षेत्र में पौधारोपण किया जाएगा। इसके मुताबिक, प्रदेश में जैव विविधता संरक्षण और पर्यावरण संतुलन के कई विशेष अभियान चलाए जा रहे हैं। बयान में कहा गया ...शेष पृष्ठ 12 पर

हमारे प्रेरणास्त्रोत, पथ प्रदर्शक, देश के विकास में अपने को समर्पित करने वाले महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी और भूतपूर्व मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश

पूज्य बाबू बनारसीदास गुप्ता जी

की जयन्ती पर

हम सब उन्हें नमन करते हैं और उनके बताये मार्ग पर चलने का संकल्प लेते हैं।

विनम्र श्रद्धांजलि

8 जुलाई 1912-3 अगस्त 1985

नैनं छिन्दन्ति शस्त्राणि नैनं दहति पावकः।
न चैनं क्लेदन्त्यापो न शोषयति मारुतः॥

बीबीडी ग्रुप

सशक्त ऊर्जा सक्षम उत्तर प्रदेश

उत्तर प्रदेश सरकार ने ऊर्जा उत्पादन, वितरण और नवीकरणीय ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए व्यापक स्तर पर योजनाएं शुरू की हैं, जिनके सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं। हर घर तक निर्बाध बिजली पहुंचाने के साथ-साथ औद्योगिक विकास को भी ऊर्जा संसाधनों से मजबूती मिली है। पिछले आठ वर्षों में 'सौभाग्य योजना' के अंतर्गत लाखों परिवारों को नि:शुल्क बिजली कनेक्शन प्रदान किए गए हैं। ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में बिजली प्रणाली को आधुनिक बनाया गया है। ट्रांसफॉर्मरों, सब-स्टेशनों और विद्युत लाइनों के आधुनिकीकरण से आपूर्ति अधिक स्थिर हुई है और कटौती की समस्या में कमी आई है। तापीय एवं जल विद्युत परियोजनाओं के साथ सौर ऊर्जा उत्पादन में 10 गुना वृद्धि दर्ज की गई है। सरकार अब ग्रीन एनर्जी पर विशेष जोर दे रही है, जिससे प्रदूषण में कमी के साथ पर्यावरण का संरक्षण संभव हो रहा है। एक दशक पहले जहां हरित ऊर्जा नगण्य थी, वहीं अब गांव-शहरों में सोलर पैनल आम हो गए हैं। वर्तमान में राज्य में 2,653 मेगावाट सौर ऊर्जा का उत्पादन हो रहा है। स्मार्ट मीटरिंग, प्रीपेड मीटर और मोबाइल ऐप आधारित शिकायत निवारण से ऊर्जा क्षेत्र में पारदर्शिता और जवाबदेही भी सुनिश्चित हुई है।



वर्ष 2024-25 में मार्च तक औसत विद्युत आपूर्ति

ग्रामीण क्षेत्रों में **20 घंटे 06** मिनट

तहसील क्षेत्रों में **22 घंटे 22** मिनट

जनपद मुख्यालयों में **24 घंटे**

प्रदेश में **3.61 करोड़** से अधिक उपभोक्ताओं को मिल रही निर्बाध बिजली

वर्ष 2017 तक कुल **1.28 लाख** मजरों तक बिजली आपूर्ति थी

वर्ष 2025 में अब तक कुल **2.5 लाख** मजरों को विद्युतीकृत किया गया

वर्ष 2017 में **288 मेगावॉट** सौर ऊर्जा का उत्पादन होता था

वर्ष 2025 में **2,653 मेगावॉट** सौर ऊर्जा का उत्पादन हो रहा है

घरेलू उपभोक्ताओं के नये बिजली कनेक्शन के लिए **झटपट पोर्टल** क्रियाशील

वर्ष 2012 से वर्ष 2017 तक कुल **8.44 लाख** विद्युत कनेक्शन दिये गये

वर्ष 2017 से मार्च 2025 तक कुल **1.79 करोड़** विद्युत कनेक्शन दिये गये

वर्ष 2017 से अब तक **24,800 करोड़** रुपये की लागत से **193 नये सब-स्टेशन** का निर्माण किया गया है

वर्ष 2017 से अब तक **24,800 करोड़** रुपये की लागत से **193 पारेषण उप केंद्रों** और लाइनों का ऊर्जीकरण

- 1,000 से अधिक आबादी वाले 19,031 गांवों और मजरों में खुले तार के स्थान पर 51,941 किलोमीटर एबी केबल लगाये गये
- 1 लाख से अधिक किसानों को निजी नलकूप कनेक्शन देने में डार्क जोन में लगे प्रतिबंध को हटाने से मिला लाभ
- 9,926 नये ट्रांसफॉर्मरों की स्थापना तथा 28,602 ट्रांसफॉर्मरों की क्षमता में वृद्धि
- 3,99,899 निजी नलकूपों को सिंचाई सुविधा के लिए दिया गया कनेक्शन
- रोजगार सृजन और कौशल विकास के लिए वर्ष 2025-26 में 3,000 से अधिक सूर्यमित्रों को कौशल विकास के लिए दिया जा रहा प्रशिक्षण
- ओबरा डी. तापीय विद्युत परियोजना में स्थापित की जायेंगी 800 मेगावॉट की दो इकाइयां
- एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड तथा उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड द्वारा संयुक्त उपक्रम के माध्यम से झांसी जनपद के तहसील गरौठा में 200 मेगावॉट और जालौन में 500 मेगावॉट की सौर ऊर्जा संयंत्र के स्थापना की प्रक्रिया जारी
- 749 नये विद्युत उप केंद्रों की स्थापना और 1,528 विद्युत उप केंद्रों की क्षमता में वृद्धि
- कृषि फीडरों के पृथक्कीरण की योजना के अंतर्गत 4,680 फीडर्स के लक्ष्य के सापेक्ष 3,817 कृषि फीडर्स का निर्माण पूर्ण
- कानपुर के घाटमपुर में 660 मेगावॉट की तीन तापीय विद्युत परियोजनाओं की प्रथम इकाई पूर्ण हो गयी है। द्वितीय और तृतीय इकाइयों में क्रमशः जुलाई, 2025 और अगस्त, 2025 से उत्पादन प्रारंभ हो जायेगा
- 86 हजार किसानों को पीएम कुसुम योजना के अंतर्गत सोलर नलकूप दिये गये
- गोरखपुर में कम्प्रेस्ड बायो-गैस प्लांट की स्थापना
- ट्रांसफॉर्मर खराब होने पर 24 घंटे में बदलने की व्यवस्था
- उत्तर प्रदेश राज्य जैव ऊर्जा नीति-2022 के अंतर्गत कम्प्रेस्ड बायो-गैस, बायो-कोल, बायो-डीजल और बायो-एथेनॉल से संबंधित 53 परियोजनाओं को स्वीकृति। इनमें से 24 परियोजनाएं स्थापित
- गैर पारंपरिक ऊर्जा स्रोतों को बढ़ावा देने हेतु पंप स्टोरेज जल विद्युत परियोजनाओं की स्थापना का कार्य प्रगति पर

कुल उपभोक्ता/बिजली कनेक्शन

वर्ष	2014	142.64	लाख
वर्ष	2017	180.13	लाख
वर्ष	2019	259.79	लाख
वर्ष	2020	287.11	लाख
वर्ष	2022	316.70	लाख
वर्ष	2023	326.79	लाख
वर्ष	2024	345.92	लाख
मार्च	2025	361.26	लाख

मीटर बिल वाले उपभोक्ताओं की संख्या

वर्ष	2014	84.93	लाख
वर्ष	2017	108.96	लाख
वर्ष	2019	209.01	लाख
वर्ष	2020	256.90	लाख
वर्ष	2022	298.94	लाख
वर्ष	2023	321.25	लाख
वर्ष	2024	340.33	लाख
मार्च	2025	356.22	लाख

सब स्टेशनों व लाइन विस्तार में रिकॉर्ड वृद्धि

- 33/11 केवी सब स्टेशनों की संख्या 3,817 से बढ़कर 4,565
- 400 केवी सबस्टेशन 19 से बढ़कर 40
- 220 केवी सबस्टेशन 98 से बढ़कर 170
- उच्च विभव लाइनें 33,172 से बढ़कर 58,672 सर्किट किमी

सुदृढ़ होती यूपी की विद्युत व्यवस्था

- सौर ऊर्जा नीति-2022 के तहत अगले पांच वर्षों में 22,000 मेगावॉट विद्युत उत्पादन का लक्ष्य
- रूफटॉप सोलर पावर प्लांट योजना के अंतर्गत घर की छतों पर अब तक 508 मेगावॉट क्षमता की सौर परियोजनाओं की स्थापना पूर्ण
- सौभाग्य योजना में 53,354 सोलर पावर पैक संयंत्रों की स्थापना
- अयोध्या को सोलर सिटी और बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे को सोलर एक्सप्रेसवे के रूप में विकसित करने का कार्य प्रगति पर
- प्रदेश के 16 नगर निगमों और नोएडा शहर को सोलर सिटी के रूप में किया जा रहा है विकसित
- झांसी, ललितपुर, कानपुर नगर, कानपुर देहात, चित्रकूट और जालौन में सोलर पार्क की स्थापना
- 22,000 मेगावॉट सौर ऊर्जा उत्पादन का लक्ष्य हासिल करने के लिए प्रदेश सरकार 53 हजार से अधिक किसानों को सोलर पैनल उपलब्ध करायेगी
- रूफटॉप सोलर पावर प्लांट योजना के अंतर्गत घर की छतों पर अब तक 508 मेगावॉट क्षमता की सौर परियोजनाओं की स्थापना पूर्ण

धर्मपाल सिंह के गांव पहुंचे मुख्यमंत्री, मां के निधन पर जताया शोक

बीजेपी संगठन महामंत्री की मां का 95 वर्ष की आयु में शनिवार को हुआ था निधन

विशेष संवाददाता (vol)

- बिजनौर के हुरनंगला गांव पहुंचकर शोकसंतप्त परिवार से मिले योगी आदित्यनाथ
- मुख्यमंत्री ने हेलीकॉप्टर से कांवड़ यात्रा रूट का भी किया सर्वेक्षण

लखनऊ/बिजनौर। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश संगठन महामंत्री धर्मपाल सिंह की माता भगवती देवी के निधन पर सोमवार को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उनके गांव हुरनंगला पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त की। भगवती सिंह का निधन शनिवार रात 95 वर्ष की आयु में हुआ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने धर्मपाल सिंह के परिवार को सांत्वना देते हुए उनकी माता जी को श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री सोमवार दोपहर लखनऊ से राजकीय विमान द्वारा गाजियाबाद के हिंडन एयरपोर्ट पहुंचे। इसके बाद उन्होंने राजकीय हेलीकॉप्टर से कांवड़ यात्रा मार्ग का

हवाई सर्वेक्षण किया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। सर्वेक्षण के बाद वे हेलीकॉप्टर से नगीना क्षेत्र के गांव हुरनंगला पहुंचे, जहां उन्होंने शोकाकुल परिवार के साथ समय बिताया। इससे पहले, प्रदेश संगठन महामंत्री धर्मपाल सिंह की माता जी भगवती देवी की अंत्येष्टि में उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और ब्रजेश पाठक के साथ ही भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी गंगा बैराज घाट पर शामिल हुए थे। मुख्यमंत्री के हुरनंगला आगमन के अवसर पर कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिलदेव अग्रवाल, प्रदेश उपाध्यक्ष मोहित बेनीवाल, एमएलसी डॉ. महेंद्र कुमार सिंह, एमएलसी अशोक कटारिया सहित बड़ी संख्या में भाजपा नेता और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

इसरो अध्यक्ष ने की सीएम से मुलाकात

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के अध्यक्ष एवं भारत सरकार के अंतरिक्ष विभाग के सचिव डॉ. वी. नारायणन ने सोमवार को मुलाकात की। इस शिष्टाचार भेंट में कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई। इस दौरान राज्य के लिए रिमोट सेंसिंग तकनीकों के माध्यम से विकास की नई संभावनाओं पर भी विस्तार से चर्चा हुई।

इस दौरान इसरो अध्यक्ष ने मुख्यमंत्री को रिमोट सेंसिंग क्षेत्र में अब तक हुई प्रगति और उपलब्धियों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मौसम पूर्वानुमान, वन और हरित क्षेत्र की निगरानी, भूजल प्रोफाइल, मानचित्रण और जलवायु परिवर्तन जैसे विषयों पर पहले से ही व्यापक कार्य हो चुका है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राज्य में आकाशीय बिजली से हो रही जनहानि पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए सुझाव दिया कि उत्तर प्रदेश के लिए पृथक उपग्रह विकसित किया जाए, जो विशेष रूप से आकाशीय बिजली की पूर्व चेतावनी देने में सक्षम हो। मुख्यमंत्री ने बताया कि पिछले कुछ वर्षों में राज्य में बिजली गिरने की घटनाओं में औसतन 300 लोगों की मृत्यु हुई है। ऐसे में प्रदेश में आपदा जनित जनहानि को रोकने में यह अत्याधुनिक तकनीक प्रभावी सिद्ध हो सकती है। मुख्यमंत्री के अनुरोध पर इसरो अध्यक्ष डॉ. नारायणन ने आश्वस्त किया कि वे इस विषय पर गंभीरता से विचार करेंगे और शीघ्र ही इसका ठोस समाधान निकालने की दिशा में कार्य करेंगे।

महत्वपूर्ण नंबर		फायर स्टेशन	एम्बुलेंस	
वूमेन पावर लाइन	1090	हजरतगंज- कंट्रोल रूम	मेडिकल सेवा-	102, 108
पुलिस	100	9454418642		
	2629999	गोमती नगर-9454418657		
पुलिस स्टेशन गंज	2622556			

दो दोस्तों की खाटू श्याम जाते समय सड़क हादसे में मौत

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। राजस्थान के कोटा के पास बारां में 4 दोस्तों की मौत हो गई। इसमें लखनऊ के नमन चतुर्वेदी (25) और जया शर्मा (25) भी थे। नमन अपनी मां से कानपुर में दोस्त का बर्थडे मनाने की बात कहकर निकला था। वहीं, जया ने घर में बताया था कि वह दोस्तों के साथ खाटूश्याम दर्शन करने जा रही है।

इस हादसे में जान गंवाने वाली जया के 2 भाई-बहनों की भी एक्सीडेंट में ही जान गई थी। अब तीसरी बेटी की भी दर्दनाक मौत से परिवार पूरी तरह से टूट चुका है। गहरे सदमे की वजह से जया के पिता किसी से कोई बातचीत नहीं कर रहे हैं। वहीं, नमन के घर मातम पसरा है। मोहल्ले में सन्नाटा है।

हाईवे पर गड्ढे से बचने में बेकाबू हुई थी कार: राजस्थान में शनिवार रात सड़क हादसे में दो दोस्तों के साथ लखनऊ के युवक-युवती की मौत हो गई थी। वे कार से खाटू श्याम दर्शन करने जा रहे थे। हाईवे पर गड्ढे से बचने की कोशिश में कार बेकाबू होकर आगे चल रही पिकअप में घुस गई थी। हादसा राष्ट्रीय राजमार्ग-27 पर गजनपुरा में हाड़ौती पैनोरमा के पास हुआ था। हादसे में शिवाजी मार्ग अमीनाबाद के राम प्रसाद चतुर्वेदी के बेटे नमन चतुर्वेदी (25), गणेशगंज अमीनाबाद के विनोद शर्मा की बेटी जया शर्मा (25), गोरखपुर की अंशिका मिश्रा, दिल्ली के राहुल प्रकाश (30) की मौत हो गई। चारों आपस में दोस्त थे। परिजनों के अनुसार दोनों युवकों का शव सुबह साढ़े छह बजे लखनऊ घर लाया गया। 15 मिनट घर पर रोकने के बाद भैंसाकुंड लेजाकर उनका अंतिम संस्कार कर दिया गया।

अज्ञात वाहन की टक्कर से घायल पिता की गयी जान

- मृतक के बड़े बेटे की शिकायत पर मुकदमा दर्ज सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस तलाश में जुटी

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। आशियाना थाना इलाके में बीते शनिवार को बेटे संग साइकिल से ड्यूटी पर जा रहे स्मारक कर्मी पिता पुत्र को एक अज्ञात वाहन चालक ने टक्कर मार चालक फरार हो गया। जिन्हें इलाज के लिए नजदीकी लोकबंधु अस्पताल पहुंचाया गया। लेकिन पिता ने बीच रास्ते में ही दम तोड़ दिया वहीं सड़क दुघर्टना में चोटिल बेटे का लोकबंधु अस्पताल में भर्ती कर इलाज चल रहा है। पुलिस ने

मृतक के बड़े पुत्र की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। मूलरूप से ग्राम मधुबनी थाना बैरिया जनपद बलिया निवासी भीम कुमार साह ने बताया उसके के पिता और छोटा भाई अर्जुन लखनऊ स्मारक समिति में सफाईकर्मी थे 5 जुलाई की सुबह उसके पिता छोटे भाई के साथ साइकिल से ड्यूटी जा रहा थे सेक्टर आई बंगला पुल सर्विस लेन पर अज्ञात वाहन टक्कर मार फरार हो गया।जिससे उसके पिता और छोटे भाई गंभीर रूप से घायल हो गए राहगीरों की मदद से अस्पताल ले जाते वक्त बीच रास्ते में ही पिता ने दम तोड़ जबकि छोटे भाई की हालत गंभीर बनी हुई है और लोकबंधु अस्पताल में भर्ती कर इलाज चल रहा है। पुलिस के अनुसार मृतक के बड़े बेटे की शिकायत पर अज्ञात वाहन के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर घटना स्थल के आस पास लगे सीसीटीवी फुटेज के आधार पर तलाश की जा रही है।

दामाद संग रह रही महिला का शव पेड़ से लटकता हुआ मिला

लखनऊ। बीबीडी थाना क्षेत्र स्थित नरेंदी गांव में 45 साल की महिला का शव जामुन के पेड़ से लटकता मिला है। महिला अपने दामाद के साथ रह रही थी। घटना के बाद से दामाद फरार है। पुलिस शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है।

संतकबीरनगर निवासी शकुंतला देवी पत्नी स्व0 परेश बीबीडी थाना क्षेत्र के नरेंदी गांव में अपने दामाद अरविंद के साथ की वर्षों से रह रही थी। शकुंतला देवी का शव सोमवार सुबह किसान पथ किनारे खेत पर लगे जामुन के पेड़ से लटकता मिला। पुलिस ने बताया है कि प्रथमदृष्टया मामला आत्महत्या का लग रहा है। शकुन्तला के पति परेश की 13 साल पहले मौत हो चुकी है। शव की सूचना ग्राम प्रधान सुरेश कुमार ने पुलिस को दी। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि महिला अपने दामाद के साथ कई साल से रह रही थी। स्थानीय लोगों ने हत्या की आशंका जताई है।? घटना के बाद से दामाद फरार है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

अधेड़ ने की आत्महत्या, नहीं मिला सुसाइड नोट, हत्या की आशंका

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। नगराम थाना क्षेत्र के सलेमपुर अचाका गांव में रविवार देर रात अधेड़ ने आत्म हत्या कर लिया। उसका शव गांव से बाहर पेड़ की डाल में रस्सी के फंदे के सहारे लटकता हुआ मिला। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची नगराम पुलिस द्वारा शव पेड़ से नीचे उतरवाकर पोस्टमार्टम को भेजा गया। ग्रामीणों के अनुसार मृतक शराब का लती था जो मानसिक अवसाद में रहता था। थानाध्यक्ष नगराम के अनुसार आत्म हत्या के कारणों का पता नहीं चल सका है रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का कारण स्पष्ट हो सकेगा। प्रथम दृष्टया मामला आत्म हत्या का प्रतीत हो रहा है।

नगराम थाना क्षेत्र के सलेमपुर अचाका गांव निवासी मृतक आनंद कुमार मानसिक रूप से अस्वस्थ था और लंबे समय से शराब पीने का लती था। ग्रामीणों के अनुसार वह अकेला रहता था जो मानसिक अवसाद में रहता था। करीब 12 साल पहले मृतक का उसकी पत्नी से अलगाव हो

गया था तब से वह अकेला रहता था। मृतक के परिवार में वृद्ध माता रजाना पिता सुखई और छोटे भाई का 9 वर्षीय लड़का सोनू हैं। मृतक के छोटे भाई की सड़क हादसे में कई साल पहले मौत हो चुकी है। थानाध्यक्ष नगराम विवेक चौधरी ने बताया कि रविवार रात सूचना मिली की सलेमपुर अचाका गांव से बाहर वहीं के आनंद कुमार उर्फ मटरु का शव पेड़ की डाल में रस्सी के फंदे के सहारे लटका हुआ है। मौके पर पहुंच कर शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा गया है रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का कारण स्पष्ट हो सकेगा। परिजनों द्वारा किसी पर कोई आरोप नहीं लगाया गया है फिलहाल कई बिंदुओं पर जांच की जा रही है।

गेहूं और धान खरीद में 27 लाख का घोटाला तीन को ई.ओ.डब्लू ने किया गिरफ्तार

- सरकार से दी जाने वाली सब्सिडी किसानो को न देकर व्यापारी और बिचौलिये को दी गई
- आर्थिक अपराध अनुसंधान संगठन की जाँच में खुली सच्चाई

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। आर्थिक अपराध अनुसंधान संगठन (ई.ओ.डब्लू) नें यूपी के श्रावस्ती जिले में वित्तीय वर्ष-2018-19 में गेहूं में लगभग 27 लाख रुपए के घोटाले में फरार चल रहे तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

आर्थिक अपराध अनुसंधान संगठन (ई.ओ.डब्लू) नें बताया कि वर्ष 2018-19 में श्रावस्ती जिले में आरोपियों नें मिलकर धान और गेहूं की खरीद के लिये महिला उपभोक्ता सहकारी समिति का गठन कर समिति तेन्दुआ पडित व कटरा के सचिव व केन्द्र प्रभारी द्वारा गेहू और धान की खरीद किसानों से न करके बल्कि बिचौलियों से किया गया और बिचौलिये किसानो से सस्ते दामों पर गेहूं और धान खरीद लेते थे तथा सरकार द्वारा दी जाने वाली सब्सिडी किसानो को न मिलकर व्यापारी और बिचौलिये के खाते में चली जाती थी और ये आपस में बॉट लेते थे। किसानों के नाम पर फर्जी रसीद काटकर गेहूं व धान की खरीद दिखा दी जाती थी। इस प्रकार आरोपियों नें करीब 26 लाख राजकीय धन का गबन किया। आर्थिक अपराध अनुसंधान संगठन (ई.ओ.डब्लू) नें बताया कि इस सम्बन्ध में श्रावस्ती जिले के थाना इकौना में धारा 409/420/467/468/471/120 बी आईपीसी का मुकदमा दर्ज हुआ था। मुकदमे की विवेचना में कुल बारह लोग दोषी पाये गये थे। आरोपी काफी दिनों से फरार चल रहें थे। जिनमें से तीन आरोपी मोतीलाल यादव पुत्र रामप्रकाश व राजकुमार गुप्ता पुत्र छोटकन गुप्ता तथा सच्चिदान्द शुक्ला पुत्र अश्वनी कुमार शुक्ला निवासीगण ग्राम तेन्दुआ पंडित थाना न्यू गार्डेन जनपद श्रावस्ती को आर्थिक अपराध अनुसंधान संगठन नें सोमवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

दहेज हत्या मामले के वांछित दो सगे भाई भेजे गये जेल

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। वांछित दो सगे भाइयों को थाना क्षेत्र स्थित डीआरएम चौराहे से गिरफ्तार किया है।

कृष्णा नगर कोतवाली प्रभारी पी के सिंह ने बताया कि पुलिस पूछताछ में पकड़े गए आरोपित ने अपना परिचय रमेश सिंह व रामनरेश सिंह पुत्र छोटेलाल ग्राम मोहब्बतपुर थाना घुंघचिहाई तहसील पुरनपुर जिला पीलीभीत निवासी के रूप में दिया है। पुलिस के अनुसार पकड़े गए आरोपितों को थाने में दर्ज दहेज हत्या के

मुकदमे के तहत कार्रवाई कर जेल भेज दिया गया है।

साइबर ठगों ने उड़ाये खाते से एक लाख

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। मलिहाबाद थाना क्षेत्र के घुसौली गांव निवासी सोफियान पुत्र हमीद के बैंक ऑफ बड़ौदा खाते से साइबर ठगों ने एक लाख रुपए की ठगी कर ली है। यह घटना बीती रविवार शाम करीब 5 बजे की है, जब सोफियान अपनी दुकान पर मौजूद थे। सोफियान के अनुसार, उनके मोबाइल नंबर 9076649264 पर '0' (शून्य) नामक एक मैसेज आया था। इस मैसेज पर क्लिक करते ही उनके मोबाइल से कई अनजान नंबरों पर जैसे 73 51447877, 07799041797, 08096000275, 07799750996, 08460169983 अपने आप मैसेज सेंड होने लगे। इसके तुरंत बाद, उन्हें एक आधार ओटीपी (वन टाइम पासवर्ड) प्राप्त हुआ, जिसके कुछ ही देर में उनके बैंक ऑफ बड़ौदा के खाता संख्या 36530100011115 से ?10,000 की 10 किस्तों में कुल ?1,00,000 कट गए। सोफियान को इस घटना का पता शाम 6:15 बजे चला जब उन्होंने अपना मोबाइल देखा। तत्काल वह बैंक की मिनी ब्रांच पहुंचे और अपने खाते का स्टेटस निकलवाया, जहां उन्हें ठगी की पुष्टि हुई। इस घटना से व्यथित सोफियान ने अब पुलिस से त्वरित दर्ज करने की अपील की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

बाइक सवार लुटेरे महिला की चेन छीन फरार, चार दिन बाद मुकदमा दर्ज : आलमबाग कोतवाली इलाके में चार दिन पूर्व राह चलती महिला के गले से बाइक सवार लुटेरे चेन छीन फरार हो गए। वहीं पुलिस ने पीड़ित महिला की शिकायत पर घटना के चार दिन बाद मुकदमा दर्ज कर लिया है। आलमबाग कोतवाली प्रभारी सुभाष चन्द्र सरोज ने बताया कि थाना क्षेत्र स्थित छोटा बरहा निवासी पीड़िता मीरा कटियार के अनुसार बीते 3 जुलाई को वह अपने घर लौट रही थी इसी बीच एक दुकान के पास बाइक सवार युवक अचानक गले पर झपट्टा मार गले से सोने की चेन छीन फरार्टा भरते हुए फरार हो गये। जिसकी जानकारी उसने स्थानीय आलमबाग थाने पर पुलिस दी। पुलिस के अनुसार पीड़िता की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर घटना स्थल के आस पास लगे सीसीटीवी फुटेज के आधार पर बदमाशों की तलाश की जा रही है।

स्कूलों के विलय के विरुद्ध दाखिल याचिकाएं खारिज

- संविधान के तहत अनिवार्य शिक्षा का अधिकार लेकिन एक किमी के भीतर स्कूल स्थापित करने की बाध्यता नहीं: हाईकोर्ट

विधि संवाददाता

लखनऊ। हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने राज्य सरकार को बड़ी राहत देते हुए, बेसिक शिक्षा अधिकारियों के तहत आने वाले स्कूलों का विलय करने के विरुद्ध दाखिल याचिकाओं को खारिज कर दिया है। न्यायालय ने अपने निर्णय में कहा है कि संविधान के अनुच्छेद 21ए के तहत अनिवार्य व निःशुल्क शिक्षा का अधिकार तो है लेकिन यह नहीं माना जा सकता है कि अनुच्छेद 21ए के तहत राज्य की यह जिम्मेदारी है कि वह छह से चौदह वर्ष की आयु के बच्चों को एक किलोमीटर की दूरी के भीतर ही निःशुल्क और अनिवार्य शिक्षा प्रदान करे।

यह निर्णय न्यायमूर्ति पंकज भाटिया की एकल पीठ ने सीतापुर की कृष्णा कुमारी समेत 51 स्कूली बच्चों व अन्य रिट याचिकाओं पर एक साथ सुनवायी करते हुए सोमवार को पारित किया है। शुक्रवार को मामले में सुनवायी पूरी कर, न्यायालय ने अपना निर्णय सुरक्षित कर लिया था। मामले में

याचियों की ओर से दलील दी गई थी कि 16 जून 2025 का स्कूलों के विलय का सरकार का निर्णय मनमाना व अवैध है व अनुच्छेद 21ए के विरुद्ध है। कहा गया था कि शिक्षा का अधिकार कानून के तहत बने नियम में 300 की आबादी व आबादी के एक किलोमीटर के दायरे में 6 से 14 वर्ष के बच्चों के लिए एक स्कूल की स्थापना का दायित्व राज्य सरकार पर है। यह भी दलील दी गई थी कि यदि एक किलोमीटर के दायरे में एक भी बच्चा है तो स्कूल स्थापित करना होगा। वहीं राज्य सरकार की ओर से याचिकाओं का विरोध करते हुए दलील दी गयी थी कि एक किलोमीटर के दायरे में स्कूल स्थापित करने का आशय है कि बच्चों के रिहायश से स्कूल बहुत अधिक दूर न हो, यह दो-ढाई किलोमीटर की दूरी पर हो सकता है। यह भी कहा गया कि सरकार ने नियमों के तहत ही निर्णय लिया है जिसमें कोई खामी नहीं है, कई स्कूल तो ऐसे हैं जिनमें एक भी छात्र नहीं हैं। यह भी तर्क दिया गया कि सरकार ने मर्जर (विलय) नहीं किया है अपितु स्कूलों की पेयरिंग की गयी है। न्यायालय ने कहा कि सम्बंधित नियमों की याचियों के अधिवकताओं द्वारा जो व्याख्या दी जा रही है यदि उसे माना जाय तो प्रदेश की आबादी लगभग 24 करोड़ है और इस प्रकार सरकार को 8 लाख स्कूल खोलने पड़ेंगे। न्यायालय ने कहा कि व्याख्या के सिद्धांतों को अपनाते हुए, नियम की व्याख्या इस तरह से की जानी चाहिए कि वह प्रभावी और कार्यशील हो, न कि एक मृतप्राय प्रावधान बन के रह जाय। न्यायालय ने शिक्षा का अधिकार कानून और इसके तहत बने नियमों की व्याख्या करते हुए कहा कि राज्य सरकार का दायित्व है कि वह आवासीय क्षेत्र के निकटतम संभव स्थान पर विद्यालय स्थापित करे और यदि विद्यालय नहीं स्थापित हो सकता बच्चों को परिवहन सुविधाएं प्रदान करे, इसके साथ ही बच्चों आसपास के विद्यालयों की पहचान करना भी जरूरी है, चाहे वे सरकारी हों या निजी।

वॉयस ऑफ लखनऊ के स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

नन्हे लाल वर्मा

सीएमडी

ग्रुप ऑफ कीर्ति कुन्ज

जौनपुर

दबंगों ने महिला को जमकर पीटा, केस दर्ज

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। नगराम के डुडवा खेड़ा गांव में रविवार रात खेत की मेड़ के विवाद में दबंग ने महिला की पिटाई कर दिया। थानाध्यक्ष नगराम के अनुसार पीड़िता महिला द्वारा दी गई तहरीर पर आरोपी युवक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

नगराम के समेसी का मजरा डुडवा खेड़ा गांव निवासी दिनेश कुमार की पत्नी सुनीता द्वारा नगराम थाने पर दी गई तहरीर के अनुसार रविवार रात करीब आठ बजे गांव का ही पड़ोसी दुर्गेश उसके घर आया और खेत की मेड़ के विवाद को लेकर गंदी गंदी गालियां देने लगा गालियां देने का विरोध करने पर जान से मारने की धमकी देते हुए लात घूसों से मारने लगा मारपीट से उसके दाहिने हाथ पैर व शरीर में काफी चोटें आई हैं। थानाध्यक्ष नगराम विवेक चौधरी ने बताया कि पीड़िता महिला द्वारा दी गई तहरीर पर आरोपी दुर्गेश के विरुद्ध मारपीट की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

कोचिंग जाती छात्रा से छेड़छाड़ किसान पथ पर हुई घटना: मोहनलालगंज में एक छात्रा के साथ छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। छात्रा साइकिल से कोचिंग जा रही थी। किसान पथ की सर्विस रोड पर एक स्कूटी सवार ने उसका रास्ता रोक लिया और छेड़छाड़ शुरू कर दी। लड़की के चिल्लाने पर लोगों की भीड़ जमा हो गई तो आरोपी स्कूटी छोड़कर भाग निकला। पीड़िता ने सोमवार को पिता के साथ थाने पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई। पीड़िता ने बताया- शुक्रवार को साइकिल से कोचिंग जा रही थी। किसान पथ पर स्कूटी से आए लड़के ने आगे गाड़ी लगाकर रोक लिया। इसके बाद हाथ पकड़कर छेड़छाड़ शुरू कर दी। चिल्लाने पर लोग जमा हो गए। राहगीरों ने लड़के को पकड़ने की कोशिश की, लेकिन वह अपनी स्कूटी छोड़कर फरार हो गया। उन्होंने बताया- घर वापस आने के बाद पिता को पूरी बात बताई। इसके बाद थाने में शिकायत दर्ज कराई। पीजीआई पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस स्कूटी के नंबर के आधार पर आरोपी की तलाश कर रही है। मामले की विवेचना कर रही महिला सब इंस्पेक्टर ने बताया- आरोपी युवक आजम काकोरी के हाजी कालोनी का रहने वाला है। आरोपी को गिरफ्तार कर शांति भंग की कार्रवाई की गई है।

नवविवाहिता ने पति सहित ससुरालियों पर लगाया प्रताड़ना का आरोप, मुकदमा दर्ज

लखनऊ। कृष्णा नगर कोतवाली इलाके में रहने वाली एक नवविवाहिता ने पति सहित ससुरालियों पर दहेज प्रताड़ना का आरोप लगाया है। कृष्णा नगर कोतवाली प्रभारी पी के सिंह ने बताया कि थाना क्षेत्र स्थित नारायण पुरी निवासी रजनी पाण्डेय पत्नी आदित्य कुमार सिंह के अनुसार उसका विवाह बीते 8 मई 25 को आदित्य कुमार सिंह पुत्र अजय सिंह के साथ हुआ था। आरोप है कि विवाह के उपरांत पति आदित्य कुमार सिंह सहित सास कल्पना सिंह, ससुर अजय सिंह, नंद पलक व देवर उत्कर्ष ने मिलकर कम दहेज का ताना दे उसपर और दहेज लाने का दबाव बनाना शुरू कर दिया। वहीं पीड़िता का कहना था कि जिसका विरोध करने पर पति सहित ससुरालियों ने गाली-गलौज करने के साथ उसे मानसिक प्रताड़ना दे जान से मारने की घमकी दे मारपीट करने लगे। जिसपर उसने स्थानीय कृष्णा नगर कोतवाली में पति सहित ससुरालियों के खिलाफ नामजद शिकायत की है। पुलिस के अनुसार पीड़िता की शिकायत पर गाली-गलौज मारपीट धमकी सहित दहेज प्रतिषेध अधिनियम की धारा में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

संक्षेप

लूट की सूचना ने पुलिस को छकाया

गोला गोकर्णनाथ, संवाददाता। एक व्यापारी के साथ लूट की घटना की सूचना अपने पुलिस को छका दिया। जब हकीकत सामने आई तो पुलिस ने राहत की सांस ली। सोमवार को बाइक से फेरी लगा कर कुर्सी बेच रहे एक युवक ने अपने साथ हुई लूट का मामला बता कर पुलिस को छका दिया। पुलिस हरकत में आ गई। मौका मुआयना कर सीसीटीवी खंगालने शुरू किया तो उसमें कुछ सुराग नहीं मिले। कोतवाली क्षेत्र के गांव कंचनपुर मुड़िया निवासी समीउद्दीन ने रजागंज निवासी दो युवकों पर 3800 रुपए लूट लेने का आरोप लगाकर पुलिस को तहरीर दी। लूट की सूचना पाते ही पुलिस हरकत में आ गई। हल्का इंचार्ज अरविंद मौर्य ने तत्काल मौका मुआयना किया और सीसीटीवी कैमरे खगाले। जब सीसीटीवी फुटेज में कुछ नहीं दिख तो पुलिस दोनों युवकों को और फेरी वाले को कोतवाली लाई और काफी देर तक पूछताछ की गई। पुलिस ने थोड़ी सख्ती दिखाई तो कुर्सी बेचने वाले ने हकीकत बयां कर दी। पुलिस को बताया कि मामला लेनदेन में लड़ाई झगड़ा हुआ था।उसी को लेकर झूठा आरोप लगाया है। तब पुलिस ने कुर्सी विक्रेता को कड़ी नसीहत दी और चैन की सांस ली।

रास्ते के विवाद में मारपीट

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। (वीओएल) हैदराबाद थाना क्षेत्र में रास्ते के विवाद में दो पक्षों में जमकर लाठी डन्डे चल गये। पुलिस ने पीडिता की तहरीर पर एक महिला समेत चार के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। ग्राम जियनपुर निवासी सौरवी देवी पत्नी अमरीश कुमार ने दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि रविवार को रास्ते के विवाद में भवानीगंज निवासी राधेश्याम पुत्र सुन्दर लाल उसकी पत्नी ममता देवी, गुडडू व उसका पुत्र अंकित उसके पति के साथ गाली गलौज कर रहे थे। विरोध करने पर उसे और उसके पति को लात घूसों व बेल्ट से मारा पीटा। जिसमें वह दोनों घायल हो गये।

किशोरी को भगा ले गया युवक

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। (वीओएल) हैदराबाद थाना क्षेत्र निवासी 13 वर्षीय किशोरी को एक युवक बहला फुसलाकर भगा ले गया। पुलिस ने किशोरी के पिता की तहरीर पर युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। किशोरी के पिता ने दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि शनिवार की देर रात में उसकी 13 वर्षीय पुत्री छत पर लेटी थी। सुबह जब उठकर देखा तो वह छत पर नहीं थी। काफी खोजबीन के बाद पता चला कि उसकी पुत्री को कपरहा निवासीद सौरभ पुत्र हरीराम बहला फुसलाकर भगा ले गया।

सड़क किनारे खुले में रखे ट्रांसफार्मर

मोहम्मदी खीरी। सावन महीने का ऐतिहासिक कावड़ मेला शुरू होने में चंद दिन शेष बचे हैं वही मोहम्मदी शाहजहांपुर स्टेट हाईवे पर कस्बा में जगह-जगह पर खुले में रखें उच्च क्षमता के ट्रांसफार्मर मौत को दावत दे रहे हैं। जिम्मेदार अधिकारी बेखबर बने हुए हैं। कस्बा में जगह-जगह पर सड़क किनारे खुले चबूतरे पर रखें ट्रांसफार्मर लोगों के जान माल का खतरा बने हुए हैं। इस रास्ते से लाखों की संख्या में निकलने वाले कावड़ यात्री अपने बड़े वाहनों के साथ गोला शिव मंदिर पर कावड़ चढ़ाने जाते हैं। विद्युत विभाग के उदासीन रवैया के चलते ट्रांसफार्मरों के चारों जाली लगाकर सुरक्षित करना कागजों में दर्ज है वही धरातल पर स्थित विपरीत है।

श्री अन्न को मिले बढ़ावा, किसानों की मिली भागीदारी

जिला संवाददाता(vol)

लखीमपुर खीरी। कृषि क्षेत्र में नवाचार और टिकाऊ खेती को बढ़ावा देने के उद्देश्य से डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल की अध्यक्षता में सोमवार को अटल सभागार में आत्मा गवर्निंग बोर्ड की बैठक आयोजित हुई।

बैठक में डीडी कृषि गिरीश चंद्र ने आत्मा योजना, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा एवं पोषण मिशन और श्री अन्न योजना की 2024-25 की उपलब्धियों और 2025-26 के प्रस्तावित कार्यक्रमों की जानकारी पीपीटी के जरिए प्रस्तुत की। बैठक की अध्यक्षता करते हुए डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने कहा कि आत्मा योजना किसानों को तकनीकी ज्ञान से जोड़ने का सशक्त जरिया है। सरकार की मंशा है कि खेती टिकाऊ बने और किसान की आय बढ़े। उन्होंने श्री अन्न को त्योहारों में शामिल कर पोषण और परंपरा दोनों को बढ़ावा देने की बात कही। साथ ही अधिकारियों को योजनाओं के पारदर्शी क्रियान्वयन और किसानों के सुझावों को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह ने किसानों से योजनाओं में सक्रिय भागीदारी का आह्वान करते हुए कहा कि श्री अन्न जैसे पोषक अनाज हमारे स्वास्थ्य और परंपरा दोनों की सुरक्षा हैं। बैठक में मौजूद कृषक प्रतिनिधियों ने योजनाओं को लेकर अपने सवाल एवं सुझाव साझा किए, जिनका मौके पर ही समाधान डीडी कृषि ने किया। उन्होंने आश्वासन दिया कि किसानों के सुझावों को योजनाओं में समुचित रूप से शामिल किया जाएगा। डीडी कृषि ने जानकारी दी कि विभाग में 33 प्राविधिक सहायक, 15 बीटीएम (ब्लॉक टेक्निकल मैनेजर) एवं 30 एटीएम (असिस्टेंट टेक्निकल मैनेजर) समेत कुल 78 कर्मचारी कार्यरत हैं, जो न्याय पंचायत स्तर पर सेवाएं दे रहे हैं। कर्मचारियों की सीमित संख्या के चलते एक-एक कर्मचारी को दो-दो न्याय पंचायतें आवंटित की गई हैं। बैठक में विभिन्न विभागीय अधिकारी, कर्मचारी, कृषक प्रतिनिधि एवं संबंधित जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

डीएम ने ली जिला भूमि व जल संरक्षण समिति की बैठक, दिए निर्देश

लखीमपुर खीरी। जिले में प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण को लेकर प्रशासन द्वारा गंभीर प्रयास किए जा रहे हैं। सोमवार को कलेक्ट्रेट स्थित अटल सभागार में डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल की अध्यक्षता में जिला भूमि एवं जल संरक्षण समिति तथा जिला मिशन समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि भूमि व जल संरक्षण योजनाओं को समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण और पारदर्शी तरीके से पूरी हों। उन्होंने कहा कि यह प्रयास न सिर्फ पर्यावरण संरक्षण के लिए जरूरी हैं, बल्कि कृषक आय वृद्धि और जल संकट से निपटने में भी अहम भूमिका निभाते हैं। डीएम ने ग्राम स्तर पर जागरूकता बढ़ाने और स्थानीय जरूरतों के अनुसार योजनाओं की प्राथमिकता तय करने पर भी बल दिया। भूमि संरक्षण अधिकारी बी.एन. उपाध्याय ने गत वर्ष की बैठक की कार्यवृत्ति समिति के समक्ष प्रस्तुत की। इसके बाद उन्होंने जनपद में संचालित विभिन्न योजनाओं की प्रगति की जानकारी दी। बताया कि जनपद में कार्यरत भूमि संरक्षण की दो इकाइयों द्वारा पं. दीनदयाल उपाध्याय किसान समृद्धि योजना, खेत तालाब योजना, वर्षा सिंचित क्षेत्र फ्लद्ध योजना व मनरेगा के अंतर्गत विभिन्न कार्य कराए जा रहे हैं। बैठक में खेत तालाब योजना के तहत 50 तालाबों के निर्माण हेतु ?26.25 लाख का अनुदान प्रस्तावित किया गया। वहीं फ्लद्ध योजना के अंतर्गत 94.50 हेक्टेयर भूमि पर कार्य हेतु ?50.40 लाख की वित्तीय व्यवस्था प्रस्तावित की गई। इसके अतिरिक्त, मनरेगा योजना के माध्यम से 389.40 हेक्टेयर क्षेत्र में जल संरक्षण संबंधी कार्य प्रस्तावित हैं। इन सभी कार्यों को कराए जाने हेतु डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने अनुमोदन प्रदान किया।

वन महोत्सव सप्ताह के तहत हुई प्रतियोगिताएं

गोला गोकर्णनाथ, खीरी।(वीओएल) वन महोत्सव सप्ताह के तहत कृषक समाज इंटर कॉलेज में पौधा रोपण कर विभिन्न प्रतियोगिताएं कराई गईं। विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। प्रधानाचार्य आनंद प्रकाश सरोज के दिशा

निर्देशन में साप्ताहिक कार्यक्रम के तहत भाषण, गीत, पोस्टर आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना की स्वयं सेविका अंशिका सोनी ने वन हमारे जीवन के लिए क्यों आवश्यक हैं, विषय पर बहुत ही संजीदा एवं जोशपूर्ण ढंग से भाषण प्रस्तुत कर सबका मन मोह लिया। रिया वर्मा ने वन महोत्सव पर बात जरूरी समझ लो भैया, गीत प्रस्तुत किया। जीव विज्ञान प्रवक्ता डॉ अनिल कुमार ने इको क्लब फॉर मिशन लाइफ के तहत एक पेड़ मां के नाम सभी विद्यार्थियों को अपने-अपने घर में लगाने का आह्वान किया। उन्होंने यह बताने का प्रयास किया कि आज जब प्रदूषण बढ़ रहा है, ग्लोबल वार्मिंग एक चिंता का विषय है। तब पेड़ ही वह समाधान है जो इस संकट को रोक सकते हैं। प्रधानाचार्य ने विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया।पौधा रोपण कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी ओम प्रकाश यादव, लखपत भारती ,अशोक कुमार वर्मा, कृषि प्रवक्ता अरविंद यादव, स्काउट प्रभारी देवेंद्र सिंह मौजूद थे।

आम महोत्सव में प्रगतिशील कृषक अखिलेश कुमार सम्मानित

शाहजहांपुर/उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग, उत्तर प्रदेश के तत्वावधान में उत्तर प्रदेश आम महोत्सव-2025 का आयोजन अवध शिल्प ग्राम, लखनऊ में दिनांक 04.07.2025 से 0607.2025 तक किया गया जिसका उद्घाटन मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश योगी आदित्यनाथ द्वारा दिनांक-04.07. 2025 को किया गया एवं समापन व पुरस्कार वितरण उद्यान मंत्री दिनेश प्रताप सिंह द्वारा किया गया। इस महोत्सव में प्रदेश के विभिन्न जनपदो से आए प्रगतिशील किसानों ने अपने-अपने विशेष आम उत्पादों एवं प्रसंस्कृत उत्पादो का प्रदर्शन किया। आम महोत्सव-2025 में जनपद के बागवानों की प्रतिभागिता सुनिश्चित करने हेतु विभिन्न प्रजातियो के आम प्रदर्श भी लगाये गये। जनपद शाहजहाँपुर के आम उत्पादक किसानो द्वारा उत्पादित आम की प्रजातियों जैसे गुलाबखास, दशहरी, लगड़ा, चौसा, मल्लिका, आम्रपाली, सफेदा, याकूती, हुस्नआरा, अरुणिका, अम्बिका, अनामिका, सेन्सेशन, मियाजाकी, टॉमी एटकिंस सहित 25 प्रदर्श प्रर्दशनी में लगाये गये। इस अवसर पर जनपद शाहजहाँपुर के प्रगतिशील कृषक अखिलेश कुमार को आम का तना बनाने में द्वितीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। उन्हें यह पुरस्कार राज्य मंत्री, उद्यान एवं कृषि विपणन, कृषि निर्यात एवं मडी, उ०प्र० सरकार दिनेश प्रताप सिंह एवं माननीय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग उ०प्र० सरकार डा० अरूण कुमार सक्सेना द्वारा प्रदान किया गया। अखिलेश कुमार द्वारा तैयार किया गया आम का पना स्वाद, गुणवत्ता एवं स्वास्थ्यवर्धक गुणों के आधार पर श्रेष्ठ घोषित हुआ। उनकी इस उपलब्धि से जनपद का नाम गौरवान्वित हुआ है। इस उपलब्धि पर मुख्य विकास अधिकारी डा० अपराजिता सिह सिनसिनवार एवं जिलाधिकारी धर्मेन्द्र प्रताप सिंह द्वारा अखिलेश कुमार को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ देते हुए हर्ष व्यक्त किया एवं कहा कि यह सम्मान जनपद के अन्य किसानो के लिए भी प्रेरणा का स्त्रोत बनेगा तथा आम उत्पादों के क्षेत्र में नवाचार को बढ़ावा मिलेगा।

जाम की समस्या को लेकर बैठक

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। (वीओएल) गन्ने की सीजन में शहर में गन्ना भरे ट्रक और ट्राली लगने वाली जाम की समस्या को लेकर विधायक अमन गिरि ने विकास चैराहा, मोहम्मदी रोड बाईपास, मिल डायवर्जन रोड आदि का स्थलीय निरीक्षण कर लोगों से सुझाव लिए। विधायक अमन गिरि ने रविवार की शाम अपने काफिले के साथ गन्ना सीजन में होने वाली जाम से निजात दिलाने के लिए निरीक्षण कर लोगों के साथ बैठक की और समस्या पर विचार विमर्श किया। विधायक ने कहा कि गन्ने की सीजन में शहर में गन्ना भरे ट्रक और ट्राली से लगने वाली जाम से स्कूली बच्चे, आमजन लोगों को भारी समस्या का सामना करना पड़ता है। गन्ना सीजन शुरू होने से पहले जाम की समस्या से निजाम दिलाने के लिए रोड मैप तैयार किया जा रहा है। जिससे लोगों को इस समस्या से निजात मिल सकेगी। इस मौके पर राजेश आनन्द मिन्नी, पंकज कोहली, उमेश जायसवाल, दामोदर वर्मा, अवधेश मिश्रा, मुकेश वर्मा, विजय पाल वर्मा, आदि लोग मौजूद रहे।

संकीर्तन खाटू श्याम के भजनों से गुंजायमान रहा

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। (वीओएल नगर के समीप कंजा देव स्थान देवशयनी एकादशी के उपलक्ष्य में खाटू श्याम मंदिर के प्रांगण में संकीर्तन का किया गया।

मंदिर प्रांगण श्रद्धालुओं से भरा था। खाटू नरेश के जयकारों से मंदिर प्रांगण गूंजायन हो गया। रात्रि 8 बजे से बाबा का संकीर्तन शुरू किया गया। मधुर आवाज से बाबा की महिमा का गुणगान किया गया। बाबा श्याम को सुंदर सुंदर भजनों से रिझाया और भक्तों के अपने भजनों पर थिरकने पर मजबूर कर दिया। सुंदर भजनों में- पकड़ लो हाथ बनवारी नही तो डूब जाएंगे। ओ सांवरे मुझे तेरी जरूरत है,श्याम नाम की कमाई मेरे काम आ रही है। भजन गाया तो श्याम की भक्ति में सराबोर होकर झूम उठी। संकीर्तन में श्याम भक्तों से मंदिर प्रांगण पुरुष महिलाओं बच्चों से काफी श्रद्धालु संकीर्तन में हुए सम्मिलित। श्री खाटू श्याम बाबा के मंदिर प्रांगण श्रद्धालुओं से पूरा भरा हुआ था। पुराणों के अनुसार भगवान विष्णु ने वामन अवतार में राजा बलि से तीन पग भूमि दान में मांगी थी भगवान ने पहले पग में पूरी पृथ्वी, आकाश और सभी दिशाओं को ढक लिया अगले पग में स्वर्ग लोक ले लिया तीसरा पग बलि ने अपने आप को समर्पित करते हुए सिर पर रखने को कहा इस तरह दान से प्रसन्न होकर भगवान ने बलि को पाताल लोक का राजा बना दिया और वर मांगने को कहा बलि ने वर मांगते हुए कहा कि भगवान आप मेरे महल में निवास करें तब भगवान ने बलि की भक्ति देखते हुए चार महीने तक उसके महल में रहने का वरदान दिया तब से धार्मिक मान्यता के अनुसार भगवान विष्णु देवशयनी एकादशी से देवप्रबोधिनी एकादशी तक पाताल में बलि के महल में निवास करते हैं संकीर्तन का समापन श्री खाटू श्याम बाबा की आरती करके मंदिर में पुजारी जी ने भक्तों को श्याम बाबा का दिया आशीर्वाद तत्पश्चात श्रद्धालुओं ने पंक्ति में रखें प्रसाद किया ग्रहण। इस अवसर पर अनिल जलोटा, दीपक राजपूत, अजय गुप्ता, सुधीर गुप्ता,मोहित गुप्ता, शिवम गुप्ता, संदीप राजपूत, अभिषेक राजपूत,आयुष गुप्ता,प्रमोद सोनी,मयंक सहित समिति के आदि सेवादार उपस्थित रहे।

महापौर व नगर आयुक्त ने किया पेयजल इकाइयों का लोकार्पण

शाहजहांपुर। नगर के नागरिकों को स्वच्छ व शुद्ध जल उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए सोमवार को नगर आयुक्त विपिन मिश्रा और महापौर अर्चना वर्मा द्वारा दो नवीन शुद्ध पेयजल इकाइयों का उद्घाटन किया गया। इन इकाइयों की स्थापना जिला अस्पताल के निकट एवं बरेली मोड़, खाटू श्याम मंदिर के बाहर की गई है।

इस अवसर पर महापौर अर्चना वर्मा एवं नगर आयुक्त विपिन मिश्रा ने फीता काटकर इन इकाइयों का लोकार्पण किया। कार्यक्रम में नगर आयुक्त बिपिन कुमार मिश्र, सहायक नगर आयुक्त राज कुमार गुप्ता, महाप्रबंधक जल विजय कुमार नारायण, पार्षद मनीष कुमार गुप्ता व अधिकारीगण भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। नगर निगम की इस पहल का उद्देश्य नागरिकों को आसानी से उपलब्ध और पूर्णतः सुरक्षित पेयजल प्रदान करना है, जो स्वास्थ्य की दृष्टि से अत्यंत लाभकारी होगा। लोकार्पण कार्यक्रम के दौरान महापौर श्रीमती अर्चना वर्मा ने कहा, स्वच्छ जल जीवन की आधारशिला है। पर्यावरण संरक्षण और जल बचत आज समय की सबसे बड़ी मांग है। हम सभी को जल का संयमित उपयोग करना चाहिए और अधिकाधिक वृक्षारोपण के माध्यम से हरियाली को बढ़ावा देना चाहिए। शाहजहाँपुर को स्वच्छ, सुंदर और हरित नगर बनाना हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है। महापौर ने यह भी बताया कि आने वाले समय में नगर निगम द्वारा और भी स्थानों पर शुद्ध पेयजल इकाइयाँ स्थापित की जाएँगी, ताकि हर नागरिक तक यह सुविधा पहुँच सके। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे इन सार्वजनिक संसाधनों का उचित उपयोग करें और पानी की बबादी से बचें।

नगर निगम, द्वारा संचालित यह प्रयास न केवल नागरिकों के स्वास्थ्य के लिए उपयोगी है, बल्कि शहर को स्वच्छ एवं पर्यावरण-अनुकूल बनाने की दिशा में एक सशक्त कदम है।

सुलह-संवाद से सजेगा न्याय का रास्ता

लखीमपुर खीरी। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निदेर्शानुसार पूरे देश में 1 जुलाई से 30 सितम्बर 2025 तक राष्ट्रीय मध्यस्थता अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत जनपद न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, लखीमपुर खीरी के अध्यक्ष से० माऊज बिन आसिम के निदेर्शानुसार जिले में भी व्यापक स्तर पर कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। अपर जिला जज/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, वीरेंद्र नाथ पाण्डेय ने आमजन से अपील करते हुए कहा कि इस पहल का उद्देश्य दीवानी मामलों का त्वरित, सौहार्दपूर्ण और सुलभ निस्तारण सुनिश्चित करना है। वैवाहिक विवाद, सड़क दुर्घटना क्षतिपूर्ति, घरेलू हिंसा, चेक बाउंस, वाणिज्यिक मामले, सेवा विवाद, उपभोक्ता विवाद, ऋण वसूली, संपत्ति बंटवारा, बेदखली, भूमि अधिग्रहण जैसे कई मामलों को आपसी सुलह से सुलझाया जाएगा। उन्होंने नागरिकों से आह्वान किया कि वे अधिक से अधिक संख्या में आगे आकर अपने मामलों को आपसी सहमति से निपटाएं और न्याय प्रणाली पर बोझ को कम करते हुए अभियान को सफल बनाएं।

गांव पहुंचकर एडीएम ने सफाई कर्मचारियों की लगाई क्लास

जिला संवाददाता(vol)

शाहजहांपुर। जिलाधिकारी के निर्देश पर सोमवार सुबह अपर जिलाधिकारी (वि/रा) अरविंद कुमार करनपुर पड़री गांव पहुंचे। जहां ग्रामीणों ने सफाई कर्मचारियों की शिकायत की और जब एडीएम ने गांव में गंदगी फैली देखी तो एडीएम का पारा हाई हो गया और।

सफाई कर्मी की जमकर फटकार लगाई। एडीएम ने सख्त लहजे में कहा जिस गांव की सफाई के लिए तुम्हें वेतन मिल रहा है, अगर 48 घंटे में गांव चमकता नहीं दिखा तो पूरी सैलरी की वसूली कराकर सफाई कराई जाएगी। उन्होंने पंचायत भवन, प्राथमिक विद्यालय और सामुदायिक शौचालय का भी निरीक्षण किया। शौचालय की साफ-सफाई पर भी जताई नाराजगी। निरीक्षण के दौरान सामुदायिक शौचालय में गंदगी देख एडीएम ने प्रधान को निर्देश दिए कि साफ-सफाई की जिम्मेदारी तय करें। उन्होंने कहा कि केयरटेकर की जिम्मेदारी तय की जाए और शौचालय सुबह 5 बजे से 10 बजे और शाम 4 बजे से 8 बजे तक खुला रहना चाहिए। किसी भी हाल में शौचालय के गेट पर ताला न मिले। इस दौरान गांव के प्रधान, ग्राम सचिव, डीसी एसबीएम सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। ग्रामीणों ने प्रशासनिक सक्रियता की सराहना करते हुए जल्द सफाई व्यवस्था में सुधार की उम्मीद जताई।

साधू के भेष में घर की महिलाओं से हुई ठगी

लखीमपुर-खीरी। कोतवाली लखीमपुर क्षेत्र के मोहल्ला पदमावती कालोनी में साधू के भेष में घर की महिलाओं से हुई ठगी। जब तक कोई कुछ समझ पाता तब तक साधू फरार हो गये। सी0सी0टी0वी की मदद से साधू की तलाश की जा रही है। सोमवार को प्रातः करीब 10 बजे पदमावती कालोनी गढी रोड पर नीतू सिंह पत्नी जसपाल सिंह के घर दो साधू पहुंच गये। साधुवों ने महिला नीतू को बलगलाकर जेवर उतरवा लिए। एक रूद्राक्ष महिला नीतू को पकड़ा दिया। साधू बोले यह रूद्राक्ष अपने पास रख लो तुम्हारी सब बला टल जायेगी। महिला ने जेवर उतार कर साधू को दे दिया। थोड़ी देर बाद महिला को ठगी का एहसास हुआ।

एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत विधायक ने किया पौधरोपण

गोला गोकर्णनाथ, खीरी।(वीओएल) एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के तहत विधायक अमन गिरि ने विधान सभा क्षेत्र के उच्च प्राथमिक विद्यालय परसपुर में पौधारोपण किया। विधायक अमन गिरि ने कहा कि प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक पेड़ मां के नाम अभियान का शुभारंभ किया है। इस अभियान को जनआंदोलन का रूप देने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि वृक्षारोपण केवल हरियाली के लिए नहीं, बल्कि मातृभूमि के प्रति सम्मान प्रकट करने का भी माध्यम है। सरकार की योजना के अनुसार 9 जुलाई को प्रदेश में 37 करोड़ पौधे लगाए जाएंगे। इस दौरान स्कूली बच्चों व वन विभाग के अधिकारी व कर्मचारियों ने मिलकर एक पेड़ मां के नाम पर लगाया। इस मौके पर अवधेश मिश्रा, मोहमद शाहिद, आत्मानंद शुक्ल, रामनाथ राठौर, अमर सिंह, पुनीत मिश्रा, पूर्व प्रधान रिंकू सिंह, पूर्व प्रधान संदीप, कोटेदार प्रदीप, हरगोविंद यादव, उमेश शुक्ला, आदि मौजूद रहे।

लखनऊ विकास प्राधिकरण

(ISO 14001 : 2004, ISO 9001 : 2008 प्रमाणित संस्था)

प्राधिकरण भवन, विपिन खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ (उ0प्र0) टोल-फ्री: 1800 1800 5000, वेबसाइट: http://www.ldalucknow.in

-: सार्वजनिक सूचना :-

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्राधिकरण की आवासीय/व्यावसायिक/रेन्ट/नजूल/इम्प्रूवमेन्ट ट्रस्ट योजनाओं के निम्नलिखित आवेदकों द्वारा उनके नाम के सामने अंकित सम्पत्ति का हस्तानान्तरण/नामान्तरण किये जाने हेतु प्राधिकरण में प्रार्थना-पत्र प्रस्तुत किया गया है:-

क्र सं.	मूल आवंटी का नाम	भवन/ भूखण्ड संख्या	योजना का नाम	मृत्यु दिनांक	मूल आवंटी के उत्तराधिकारी अथवा आवेदक का नाम	उत्तराधिकारी के पक्ष में अनापत्तिकर्ताओं के नाम	मूल आवंटी से (मृतक) का सम्बन्ध
1.	स्व0 जगतनारायण	भूखण्ड/भवन सं0 2/552	रश्मि खण्ड शारदा नगर योजना	10.11.2022	श्री रजनीश कुमार	वसीयतनामा के आधार पर	पुत्र
2.	स्व0 अतिबल सिंह	भूखण्ड सं0 बी-2/105	विशाल खण्ड गोमती नगर योजना	25.02.2022	श्रीमती आशा सिंह	श्री अभिषेक सिंह,श्रीमती आकांक्षा श्रीवास्तव, कु0 अनामिका सिंह	पत्नी, पुत्र एवं पुत्रियाँ
3.	स्व0 श्रीमती विद्यावती मेहरोत्रा (मृतक)	भूखण्ड सं0 डी-42	कुतुबपुर इरादत नगर योजना	26.05.2011	श्री कन्हैया लाल मेहरोत्रा पुत्र स्व0 श्रीमती विद्यावती मेहरोत्रा	----	पंजीकृत वसीयत के आधार पर
4.	स्व0 हरवंश सिंह स्व0 हरमीत सिंह	भूखण्ड/भवन सं0 ए-2/97	विशाल खण्ड गोमती नगर योजना	31.03.2019 22.03.2021	श्रीमती प्रितपाल कौर श्रीमती शर्मिंदर कौर	श्रीमती गुरप्रीत कौर	पुत्री, पत्नी एवं पुत्री
5.	स्व0 सुनीता गौड़ (आवंटी)	भूखण्ड सं0 3/84	सेक्टर वास्तु खण्ड गोमती नगर योजना	02.05.2021	श्री संजीव प्रकाश गौड़ (पति)	(1) श्री सिद्धार्थ गौड़ (2) श्री उत्कर्ष गौड़	पुत्रगण

उपर्युक्त नामान्तरण के आवेदन के सम्बन्ध में यदि किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह साक्ष्य सहित प्रकाशन तिथि से 30 दिनों के अन्दर अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्राप्त करा दें। निर्धारित तिथि तक कोई आपत्ति प्राप्त न होने पर प्राधिकरण अभिलेखों में कालम-6 पर लिखित व्यक्ति का नाम दर्ज कर लिया जायेगा तथा उसके बाद किसी आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।

सचिव

लखनऊ नगर निगम

टी.एन.मार्ग, लालबाग, लखनऊ, ई-मेल: nnlko@up.nic.in

पत्रांक: 10/TS-2 **जोन-2** दिनांक: 02/07/2025

निम्नलिखित भवनों का नाम परिवर्तन हेतु आवेदन पत्र प्राप्त होने के उपरान्त नगर निगम अधिनियम 1959 की धारा-213(बी0-2) के अन्तर्गत नोटिस जारी की जा चुकी है। निम्नलिखित नाम परिवर्तन में यदि कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 20 दिन के अन्दर लिखित आपत्ति साक्ष्यों सहित सम्बन्धित जोनल कार्यालयों में प्रस्तुत करें, आपत्ति प्राप्त न होने की पलों में नाम परिवर्तन की कार्यवाही सम्पादित कर दी जाएगी।

क्र. स.	भवन संख्या एवं मोहल्ले का नाम	दर्ज भवन स्वामी का नाम	जिसके नाम दर्ज होना है	नाम परिवर्तन का आधार
1.	248/027क लकडमंडी यहियागंज	हीरालाल	सरोजनी मिश्रा	विक्रय विलेख
2.	226/070 मौलवी अनवर बाग यहियागंज	मो० रफत अली व श्रीमती असमा बानों	श्रीमती राहला हैदर, अनिल कुमार वाजपेयी, रार्जरहमान व सै०मिन्हाज हैदर	विक्रय विलेख
3.	239/041 कटरा मीर जहागीर बेग राजाबाजार	अली हुसैन	मो० इस्माईल	विक्रय विलेख
4.	231/022 राजाबाजार	अब्दुल कय्यूम	शब्दो	विक्रय विलेख
5.	259/013क इटकी तिलक नगर	श्रीमती राज कुमारी	श्रीमती रानी गुप्ता	बैनामा
6.	547ए/plot no.-6, sec- A, B, C & D राजाजीपुरम वाड	श्री नरेन्द्र बहादुर श्रीवास्तव पुत्र के०एस० लाल	श्रीमती स्वाती श्रीवास्तव पत्नी श्री मनोज कुमार सिंह	रजिस्ट्री
7.	ई-1956 (जी०आई०एस०) ई०-ब्लाक राजाजीपुरम वार्ड	श्रीमती निर्मला गुप्ता पत्नी स्व० सुरेन्द्र कुमार गुप्ता	श्री संजय गुप्ता व अर्चना गुप्ता	दान विलेख
8.	255/390 वार्ड तिलक नगर	श्रीमती जया शेखर पत्नी स्व० विभु शेखर	रूपेश गुप्ता एवं चारू गुप्ता	विक्रय विलेख
9.	SF-322 राजेन्द्र नगर	श्री अमर सिंह पुत्र स्व० हनुमन्त सिंह	श्री राजेन्द्र सिंह	मृत्यु
10.	278/F405NRA राजेन्द्र नगर	श्री प्रभात अग्रवाल	अनूप अग्रवाल एवं इन्दू अग्रवाल	रजिस्ट्री
11.	271/16,019 राजेन्द्र नगर	भवंर लाल पुत्र स्व0 बाबू लाल	संजय कुमार	रजिस्ट्री
12.	255/062 कुण्डरी रकाबगंज	श्याम सुन्दर	मालती मिश्रा	बैनामा
13.	224/50ख राजाबाजार	किरन रस्तोगी, शालिनी रस्तोगी, कल्पना रस्तोगी	ज्योति गुप्ता	विक्रय विलेख
14.	292/44 राजाबाजार	बशीर हुसैन आवदी, मुसेबहा आवदी	मुसेबहा आवदी	वसीयत
15.	एफ-3393 राजाजीपुरम, कुँवर ज्योति प्रसाद वार्ड	अशोक प्रताप सिंह	सुवीर सिंह	मृत्यु
16.	एफ-52/एस-3 राजाजीपुरम कुँवर ज्योति प्रसाद वार्ड	देवेन्द्र श्रीवास्तव	विनोद कुमार गुप्ता	विक्रय विलेख
17.	एफ-391 राजाजीपुरम कुँवर ज्योति प्रसाद वार्ड	किरन शर्मा	वन्दना व अरविन्द कुमार	विक्रय विलेख
18.	एफ-3591 राजाजीपुरम कुँवर ज्योति प्रसाद वार्ड	सचिन त्रिपाठी	लोकेन्द्र गुप्ता	विक्रय विलेख
19.	एफ - 429 राजाजीपुरम कुँवर ज्योति प्रसाद वार्ड	सालिगराम सेठ	सलिल व समीर सेठ	मृत्यु
20.	सी-12/5792 राजाजीपुरम कुँवर ज्योति प्रसाद वार्ड	अनिल कुमार दुबे	सलमा, निदा अशरफ व समीर अहमद	विक्रय विलेख
21.	ई - 4448 राजाजीपुरम कुँवर ज्योति प्रसाद वार्ड	विजय लक्ष्मी शुक्ला	अरूण कुमार शुक्ला	वसीयत
22.	ई-3443 राजाजीपुरम कुँवर ज्योति प्रसाद वार्ड	जे०पी० गुप्ता	पियूष व अंकिता श्रीवास्व	विक्रय विलेख
23.	356/016/001 मेंहदी खेड़ा	ओम नारायण श्रीवास्तव	रागनी श्रीवास्तव	विक्रय विलेख
24.	355/678ए आलमनगर मंडी	शाजिया अजीज	विनय कुमार सैनी	विक्रय विलेख
25.	एफ-1822 राजाजीपुरम	एस०पी० गुलाटी	पंकज गुलाटी	दान विलेख
26.	267/042घ ऐशबाग वार्ड	श्रीमती रानी	श्रीमती नीलम	रजिस्ट्री
27.	268/083क ऐशबाग वार्ड	अजहर हुसैन	मो० निहाल	रजिस्ट्री
28.	266/820क ऐशबाग वार्ड	श्रीमती शागुप्ता बारी	नईम खान	रजिस्ट्री
29.	सी-005 मालवीय नगर वार्ड	सचिव एल०डी०ए०	अंकित जवाहर	रजिस्ट्री
30.	255/238 (जी०आई०एस०) तिलक नगर	कृष्णा सहाय	अरविन्द कुमार श्रीवास्तव व अनिल कुमार श्रीवास्तव	दान विलेख
31.	258/094ए नादान महल रोड (आंशिक)	टुल्लू C/O मो० यासीन	मोहम्मद यासीन	मृत्यु
32.	ई-1290, ई- ब्लाक, राजाजीपुरम वार्ड	श्री राजेन्द्र कुमार छत्रपाल	1. श्रीमती अंजना शर्द. 2. श्री शुभम शर्द	रजिस्ट्री
33.	268/641/FN/2 (जी०आई०एस०) स्थिर तिलक नगर	विजय कुमार अग्रवाल पुत्र स्व०रामचरन अग्रवाल	अनमोल अग्रवाल	बैनामा

जोनल अधिकारी, जोन-2

संक्षेप

दिलों को जोड़ती है तोड़ती नहीं भाषा: कृपाशंकर

जौनपुर। भाषा न केवल विचारों और भावनाओं को व्यक्त करने का एक साधन है, बल्कि यह संस्कृति, सामाजिक संबंध और ज्ञान के संरक्षण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। जौनपुर लोकसभा के पूर्व प्रत्याशी व महाराष्ट्र के पूर्व गृहराज्य मंत्री कृपाशंकर सिंह ने उपरोक्त बातें कहीं। उन्होंने कहा कि हम जिस प्रदेश में रहते हैं उस प्रदेश की भाषा सीखना आवश्यक है क्योंकि इससे हमें वहां की संस्कृति और इतिहास को जानने में आसानी होती है। साथ ही सामाजिक संबंधों को मजबूत करने की दिशा में भी भाषा एक सेतु साबित होती है। उन्होंने कहा कि प्रेम, सद्भावना और भाईचारे की भाषा सर्वोत्तम होती है। सभी भाषाओं में यही संदेश निहित रहता है। भाषा दिलों को जोड़ने का काम करती है, तोड़ने का नहीं। मुंबई में चल रहे भाषाई विवाद को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए उन्होंने कहा कि भाषा को हथियार के रूप में प्रयुक्त करना उपयुक्त नहीं है। मुंबई में रहने वाले अधिकांश लोग मराठी भाषा समझते और बोलते हैं। कृपाशंकर ने कहा कि महाराष्ट्र वीरों और संतों की भूमि रही है, जहां से पूरे देश में राष्ट्रीय और अध्यात्मिक जागरण का संदेश गया। हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि स्वतंत्रता हमारा जन्मसिद्ध अधिकार है का नारा देने वाले लोकमान्य तिलक और हिंदवी स्वराज की स्थापना करने वाले छत्रपति शिवाजी महाराज, महाराष्ट्र के ही थे, जिन्होंने पूरे देश को संगठित कर जगाने का काम किया।

विश्वजीत बने सीए लोगों ने दी बधाई

जौनपुर। शहर कोतवाली थाना क्षेत्र के ख्वाजगी टोला मोहल्ला निकट काली मंदिर निवासी सुरेंद्र प्रजापति के बड़े पुत्र विश्वजीत प्रजापति के सी .ए बनने पर उनके शुभचिंतकों में हर्ष का माहौल बधाई देने वालों का ताता लगा है। जिसमें मुख्य रूप से चंद्रशेखर यादव. दिलीप प्रजापति . समर बहादुर यादव पूर्व प्रधान .सूरज कुमार. लक्ष्मी प्रजापति बीडीसी. जय हिंद साहु अमन. अरुण. राजेंद्र. जय सिंह यादव .विष्णु साहू एडवोकेट शाहिद तमाम लोगों बधाई दिया है।

स्कूल मर्ज किए जाने के विरोध में प्रदर्शन

मीरजापुर। स्कूल मर्ज किए जाने के विरोध में सपा छात्र सभा के जिलाध्यक्ष श्याम अचल के नेतृत्व में कलेक्ट्रेट पहुंचे और प्रदर्शन कर बताया कि प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों की आर्थिक स्थिति बेहद कमजोर है। उनके बच्चों को शिक्षा दिलाने का एकमात्र साधन सरकारी विद्यालय है। उन्होंने राज्यपाल से प्राथमिक विद्यालयों को मर्ज किए जाने से रोकने की मांग को लेकर एडीएम देवेन्द्र प्रताप सिंह को ज्ञापन सौंपा।

सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है मेरा नाम श्री shree जो कि पूर्ण रूप से गलत है। मेरे आधार कार्ड 3486 2480 7055 में मेरा नाम शिरीन shirin जो कि बिल्कुल सही है। श्री और शिरीन दोनों एक ही व्यक्ति के नाम है। मुझे आज से shirin शिरीन के ही नाम से जाना व पहचाना जाए। **शिरीन पत्नी वसीम निवासी 268/46/156 तकिया चाँद अली शाह ऐशबाग राजेंद्र नगर लखनऊ 226004**

तहसीलदार की अगुवाई में हुई बढ़नीनाला जलाशय की नापी

दुद्धी,सोनभद्र। दुद्धी एसडीएम के निर्देश पर सोमवार को दुद्धी तहसीलदार अंजनी कुमार गुप्ता की अगुवाई में राजस्व टीम ने बढ़नीनाला जलाशय की नापी की। राजस्व टीम ने जलाशय की विधिवत नापी जोखी करके दोनों ओर से मिलान किया गया।

बता दें कि अधिवक्ताओं ने कुछ दिन पहले जलाशय संरक्षण की मांग उठाई थी और बढ़नी जलाशय की नापी कराकर चिन्हित करते हुए अतिक्रमण मुक्त कराने को लेकर मुखर हुए थे। शिकायत के बाद दो बार जलाशय की नापी कराई गई लेकिन अभी तक रिपोर्ट सार्वजनिक नही किया गया कि अतिक्रमण है या नही? इसके बाद पुनः अधिवक्ताओं की मौखिक निवेदन पर एसडीएम ने तहसीलदार की अगुवाई में पुनः टीम गठित की जिस पर आज सोमवार को राजस्व विभाग की टीम ने मौके पर जाकर नापी की राजस्व विभाग की टीम में कानूनगो अखिलेश शुक्ला, खरपत्तु मौर्या, लेखपाल विनय गुप्ता, महेंद्र यादव सहित अन्य शामिल रहे।

बढ़नी नाला पैमाइश रिपोर्ट का इंतजार

दुद्धी स्थित बढ़नीनाला जलाशय की पैमाइश होने के बाद अब नगर वासियों को पैमाइश रिपोर्ट का इंतजार है। लोगों का कहना है कि दुद्धी में सरकारी, स्टेट, जलाशय तथा भीटा आदि के नाम दर्जनों बीघा जमीन है जो अतिक्रमण का शिकार है। उत्तर प्रदेश सरकार के अतिक्रमण मुक्त आदेश के बाद भी दुद्धी में सरकारी जमीनों पर अवैध कब्जा जारी है, जबकि एक मामले में हाई कोर्ट ने भी जलाशय की भूमि को संरक्षित करने का आदेश दे चुका है, फिर भी सौंदर्यकरण के नाम पर अतिक्रमण किया जा रहा है।

क्यों चर्चाओं में हैं दुद्धी में बढ़नीनाला जलाशय

दुद्धी नगर पंचायत के बढ़नी नाला जलाशय तब से चर्चा में आया जब से नगर पंचायत द्वारा जलाशय का सौंदर्यकरण का कार्य शुरू किया गया और जलाशय की भूमि पर कथित तौर पर मिट्टी गिराई गई और घाट का भी निर्माण शुरू किया गया। इसके बाद एक नगरवासी वेद प्रकाश ने एसडीएम से शिकायत की इसके बाद अधिवक्ताओं द्वारा भी संरक्षण की मांग उठाई गईइसके बाद सभासद सहित वार्ड वासियों ने भी तहसील दिवस में प्रार्थना पत्र देकर जलाशय के किनारे सड़क और घाट बनाने का मांग की।

सावन मेले में अजीरेश्वर धाम में तैनात होंगे दो दर्जन वॉलेंटियर

जिला संवाददाता(vol)

बीजपुर/सोनभद्र। अजीरेश्वर धाम जरहा के पवित्र सावन मास में एक महीने तक चलने वाले प्रसिद्ध मेले को लेकर रविवार को ट्रस्ट के अध्यक्ष राजेन्द्र सिंह बघेल की अध्यक्षता में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर एक बैठक सम्पन्न हुई बैठक में निर्णय लिया गया कि पुलिस पीएसी जवानों के अलावा मंदिर समिति अपनी ओर से वाकी टाकी से लैस दो दर्जन वॉलेंटियर भी तैनात करेगी तीन प्रान्तों में मध्यप्रदेश छत्तीसगढ़ और उत्तर प्रदेश के भक्तों में आस्था का केंद्र अजीरेश्वर धाम मंदिर जरहा में सावन महीने भर प्रत्येक सोमवार को हजारों भक्त सिंदूर टीका धाम और गोविंद बल्लभ पंत सागर सहित अजीर नदी से जल उठा कर बाबा को जलाभिषेक करते हैं इस दौरान मंदिर परिसर में कोई अव्यवस्था उतपन्न न हो भीड़ भाड़ को नियंत्रित करने के लिए महिला और पुरुष पुलिस बल के अलावा अजीरेश्वर धाम परमार्थ जनसेवा ट्रस्ट की ओर से भी दो दर्जन वॉलेंटियर की तैनाती की जाएगी।

इस दौरान सभी को समय समय पर पानी चाय खाना आदि की समुचित व्यवस्था भी ट्रस्ट की ओर किया जाएगा।अजीर नदी से जल उठा कर जलाभिषेक करने के दौरान सीढ़ियों पर भीड़ को नियंत्रित करने के लिए जगह जगह वॉलेंटियर मुस्तैद रहेंगे मेले में आए दर्शनार्थियों के लिए परिसर के बगल सहित अन्य स्थानों पर फूल बेलपत्र प्रसाद नारियल आदि की दुकानें इस बार सिसमेटिक लगवाई जाएगी।अवांछित तत्वों पर नजर रखने और जेब कतरो से सावधान रहने के लिए परिसर में एक विशेष सहायता केंद्र स्थापित किया जाएगा।कावड़ स्टैंड बनाए जाने के साथ प्रत्येक सोमवार को एसएचओ अखिलेश मिश्रा के सहयोग से पूरब में बकरिहवा में और पश्चिम में नकटू स्थित बड़े वाहनों के आवागमन पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा।

पौधरोपण से पहले हटायें जड़ में लगी पॉलिथीन: डीएम

आजमगढ़। एक पेड़ मां के नाम 2.0 के अंतर्गत 9 जुलाई को एक ही दिन में पूरे प्रदेश में 37 करोड़ पौधारोपण का नया लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उक्त के दृष्टिगत जिलाधिकारी श्री रविंद्र कुमार द्वारा आज कलेक्ट्रेट सभागार में आजमगढ़ को पूर्व निर्धारित लक्ष्य में 2 लाख और जोड़ते हुए पौधारोपण हेतु निर्धारित नए लक्ष्य के संबंध में आवश्यक तैयारी करने हेतु विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक की गई। जिलाधिकारी ने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया कि विभागों को जो नया लक्ष्य मिला है, उसके सापेक्ष पौधारोपण हेतु निर्धारित समय में गड्ढे खुदवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि पौधारोपण के साइटों के लिए नामित किए गए नोडल अधिकारी से जियो टैगिंग के लिए जीपीएस कैमरा फोन में डाउनलोड कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी विभाग संबंधित अधिकारियों का एक ग्रुप बना लें, जिसमें जीपीएस कैमरा ऐप के लिंक को शेयर करें। उन्होंने कहा कि पौधारोपण का जियो टैग फोटो ही ग्रुप में भेजना सुनिश्चित करें। इसके साथ ही पौधारोपण के सम्बन्ध पूरा माइक्रो से संबंधित अधिकारी को अवगत कराएं। जिलाधिकारी ने जिला पंचायत राज विभाग को निर्देश दिया कि ग्राम प्रधानों से समन्वय स्थापित कर गौशालाओं से उर्वरक को जो विभागीय अधिकारी लेना चाहे, उन्हें उर्वरक देना सुनिश्चित कराएं। उन्होंने कहा कि बड़ी साइटों के विभागीय नोडल अधिकारी पहले से ही उर्वरक मंगा कर रख ले। उन्होंने कहा कि पौधारोपण के पश्चात पौधों को पानी अवश्य दिया जाए। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि पौधारोपण से पहले पौधों के जड़ में लगी पॉलिथीन को हटाकर ही पौधारोपण किया जाए। जिलाधिकारी ने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया कि एक निर्धारित प्रारूप पर पौधारोपण से संबंधित सूचना उपलब्ध कराएं। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी श्री परीक्षित खटाना, मुख्य राजस्व अधिकारी संजीव ओझा, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व गंभीर सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक नगर मधुवन कुमार सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक उपेंद्र कुमार, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी राजीव पाठक सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

करंट से दो ताजियादारों की मौत, तीन झुलसे

जौनपुर ।जिले के खुटहन थाना क्षेत्र के सधनपुर गांव में निमार्णाधीन पानी की टंकी के पास रविवार की देर रात बड़ा हादसा हुआ। कर्बला में ताजिया दफन कर वापस लौटते समय उसका अवशेष ढांचा 11 हजार वोल्ट के लटके मेन लाइन तार को छू गया। जिसकी चपेट में आकर दो ताजियादारों की मौत हो गई। तीन अन्य मामूली रूप से झुलस गए। जो उपचार के बाद घर आ गए। मृतकों का शव कब्जे में लेकर पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। ग्रामीणों का आरोप है कि लटके तार को लेकर एसडीएम शाहगंज से शिकायत की गई थी। विद्युत विभाग को भी दूरभाष पर सूचना दी गई थी, लेकिन उसे दुरुस्त नहीं कराया गया। बतातक है कि गांव में पूर्व की भांति इस वर्ष भी रविवार को ताजिया का धूम- धाम से जुलूस निकालकर उसे पटैला गांव स्थित कर्बला में ले जाकर दफन किया गया। वहां से सभी ताजियादार वापस गांव लौट रहे थे। बस्ती के लगभग दो सौ मीटर पास पहुंचे थे कि पानी की टंकी के पास रास्ते के ऊपर से गए मेन लाइन के एक फेस के लटके तार में ताजिया का अवशेष ढांचा छू गया। जिसकी चपेट में आकर अल्तमस, मोहम्मद कैफ, मोहम्मद मोबीन, मोहम्मद बेलाल और मोहम्मद रमजान झुलस गए। जिन्हें उपचार हेतु सीएचसी लाया गया। चिकित्सकों ने गंभीर रूप से झुलसे अल्तमस और मोहम्मद कैफ को जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया। जहां देखते ही चिकित्सकों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। वहीं मामूली रूप से झुलसे तीनों ताजियादारों को उपचार के बाद घर भेज दिया गया। घटना को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश है। उनका आरोप है कि लटक रहे एक फेस के तार को दुरुस्त कराने के लिए एसडीएम शाहगंज और विद्युत उपकेंद्र पर शिकायत की गई थी। लेकिन उसे ठीक नहीं कराया गया।

एनआईएलआईटी की योजना का उठायें लाभ: राकेंदु

आजमगढ़। जनपद के ख्यातिलब्ध तकनीकि शिक्षण संस्था उमा इंस्टीट्यूट आफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी के निदेशक राकेंदु भूषण शुक्ला ने बताया कि राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान, भारत सरकार (एनआईएलआईटी) के निर्देशन पर उत्तर प्रदेश पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग द्वारा पिछड़ा वर्ग के छात्र-छात्राओं को तकनीकि शिक्षा से आच्छादित करने के लिए सुनहरा अवसर दिया है। पिछड़े वर्ग के छात्र/छात्राएं कंप्यूटर डिप्लोमा कोर्स ओ-लेवल तथा कम्प्यूटर कान्सेप्ट कोर्स (सीसीसी) निशुल्क शिक्षा प्राप्त कर सकते है। जिसके लिए आवेदन की अंतिम तिथि 14 जुलाई 2025 है। इसके लिए

इच्छुक छात्र/छात्राओं को महज हाईस्कूल, इंटर का प्रमाण पत्र, आय-जाति-निवास-आधार कार्ड की छाया प्रति के साथ पांडेय बाजार स्थित उमा इंस्टीट्यूट आफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी के कार्यालय पर सम्पर्क कर सकते है।

निदेशक राकेंदु भूषण शुक्ला ने बताया कि तकनीकि ज्ञान अर्जित कर राष्ट्र के विकास में छात्र-छात्राएं महती भूमिका निभा सकते है। यह भारत सरकार की अत्यंत महत्वाकांक्षी सामाजिक कल्याण योजना है। जिसके तहत पिछड़े वर्ग छात्रों को उच्च स्तर की तकनीकि रोजगार परक शिक्षा प्रदान कर उनको आत्मनिर्भर बनाने का उद्देश्य है, जो निःशुल्क है। निदेशक श्री शुक्ल ने सभी ओबीसी छात्र-छात्राओं से अपील किया है कि शीध्र ही इस योजना का लाभ उठायें। किसी भी जानकारी के लिए किसी भी कार्यदिवस में कार्यालय पर या मोबाइल 7985299451 व 9415835524 पर सम्पर्क कर सकते है।

उच्चाधिकारियों ने देखी सीएम के आगमन की तैयारी

आजमगढ़। आगामी 09 जुलाई को विकासखंड सठियांव के ग्राम पंचायत केरमा में मुख्यमंत्री द्वारा वृहद वृक्षारोपण एवं जनसभा को संबोधित किया जाना है। उपरोक्त के दृष्टिगत जिलाधिकारी रविंद्र कुमार द्वारा की जा रही तैयारियों का वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हेमराज मीना के साथ जायजा लिया गया।

जिलाधिकारी ने वृक्षारोपण स्थल, पंडाल, मंच, सांस्कृतिक मंच, हेलीपैड आदि का निरीक्षण किया तथा अधिकारियों को समय से समस्त तैयारियों को पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने पार्किंग स्थल का निरीक्षण कर आने एवं जाने वाले मार्गों का निरीक्षण किया तथा निर्देश दिया कि वाहनों को प्रत्येक दशा में निर्धारित स्थान पर ही पार्किंग कराया जाए। उन्होंने कहा कि कोई भी वाहन गलत दिशा में पार्किंग न हो। उन्होंने कहा कि वाहन आने वाले मार्गों में पर 100-100 मीटर पर पुलिस तैनात किया जाए। उन्होंने सर्विस लेन से पार्किंग स्थल पर प्रॉपर ढ़ाल बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने पूर्वांचल एक्सप्रेसवे के अंडर पास में आवश्यकतानुसार जगह-जगह प्रमुख स्थानों पर वाहनों/जन सामान्य के लिए साइनेज लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने वृक्षारोपण के लिए पर्याप्त गड्ढे खुदवाने एवं पानी आदि की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कार्यक्रम स्थल की तैयारियों का जायजा लेने के पूर्व कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी द्वारा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक की उपस्थिति में मुख्यमंत्री के 9 जुलाई 2025 के कार्यक्रम को सकुशल संपन्न करने के लिए सभी नोडल/सहायक नोडल अधिकारियों के साथ तैयारी की समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को प्रॉपर तरीके से संपूर्ण व्यवस्था को निर्धारित समय में पूर्ण करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने सभी नोडल/सहायक नोडल अधिकारी को कार्यक्रम स्थल का भ्रमण करने एवं कार्य योजना के साथ समस्त तैयारियों को पूर्ण करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व को निर्देश दिया कि जनसभा में आने वाले जन सामान्य के लिए स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित कराएं। उन्होंने कहा कि पंडाल के प्रत्येक ब्लॉक/ गैलरी में पानी एवं गिलास की व्यवस्था सुनिश्चित कराएं। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम स्थल पर मोबाइल टॉयलेट की व्यवस्था भी सुनिश्चित कराएं। अपर जिलाधिकारी प्रशासन राहुल विश्वकर्मा ने संपूर्ण कार्यक्रम स्थल के ले-आउट को पीपीटी के माध्यम से प्रस्तुतीकरण कर विस्तृत जानकारी से अवगत कराया।

बारह जुलाई से खुलेगी मुख्य नहर घाघर

करमा, सोनभद्र। खरीफ की फसल की खेती के लिए किसानों के डिमांड को देखते हुए मुख्य नहर घाघर में 12 जुलाई से पानी खोल दिया जाएगा ।और जब तक डिमांड रहेगा मुख्य नहर घाघर चलती रहेगी। बता दें कि धान की खेती के लिए पर्याप्त पानी की आवश्यकता होती है ।जो अब क्षेत्र में रोपाई धीरे-धीरे जोर पकड़ने लगी है ।किसान अपने धान की रोपाई में लग गए हैं। जिसके लिए क्षेत्र में मुख्य नहर घाघर एवं उससे निकली राजवाहे, माइनरों से पानी किसानों के खेतों तक पहुंचता है। जिससे किसानों के धान की खेती होती है। बीच-बीच में बारिश होने से कुछ किसानों ने तो खेती शुरू कर दी है। लेकिन अभी तक जिसके पास निजी साधन नहीं है। उसकी नर्सरी अब तैयार हो चुकी है। जीसकी खेती के लिए पानी की आवश्यकता है ।जो किसानो के डिमांड पर 12 जुलाई से मुख्य नहर घाघर में धधरौल बांध से पानी खोल दिया जाएगा। उक्त आशय की जानकारी देते हुए सहायक अभियंता अजय कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि बांध में 981 एमसीएफटी पानी है जो धान की खेती के लिए पर्याप्त है। जब तक डिमांड रहेगा पानी मिलता रहेगा।

बार और बेंच के सामंजस्य से मिलता है न्याय

जौनपुर। मछलीशहर नवनियुक्त उपजिलाधिकारी(न्यायिक) अजय कुमार उपाध्याय ने कहा कि बार और बेंच के बीच सामंजस्य बनाकर कार्य करना मेरी प्रथम प्राथमिकता होगी, क्योंकि अधिवक्ताओं के सहयोग के बिना न्यायिक प्रक्रिया संभव नहीं है ।जनता को न्याय दिलाने में अधिवक्ताओं की अहम भूमिका रहती है ।अपने मुकदमों की पैरवी करने के लिए गरीब जनता को तहसील के लगातार चक्कर न काटने पड़े इस बात की जिम्मेदारी बार बेंच दोनों की है ।पारदर्शी प्रक्रिया अपनाते हुए जनता को त्वरित न्याय देना मेरा लक्ष्य है। नव नियुक्त उपजिलाधिकारी सोमवार को तहसील सभागार में परिचय समारोह का आयोजन हुआ ।इस अवसर पर वरिष्ठ अधिवक्ता दिनेश चंद्र सिन्हा ने बार की परम्परा एवं कार्य प्रणाली के बारे में जानकारी दिया ।समारोह में ज्वाइंट मजिस्ट्रेट कुमार सौरभ ,नायब तहसीलदार विवेक श्रीवास्तव, अधिवक्ता केदार नाथ यादव, अशोक श्रीवास्तव, सुरेंद्र मणि शुक्ला, हरि नायक तिवारी, जितेंद्र श्रीवास्तव, वेद प्रकाश श्रीवास्तव, कुंवर भारत सिंह, संजीव चैधरी, प्रेम बिहारी यादव, बाबू राम, सतीश कुमार आदि उपस्थित रहे ।समारोह की अध्यक्षता अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष हुबेदार पटेल और संचालन महामंत्री नन्द लाल यादव ने किया।

बजरंग दल मंदिरों में किया पौधरोपण चलाया स्वच्छता अभियान

मीरजापुर। बजरंग दल द्वारा देशभर में 1 से 7 जुलाई तक चलाए जा रहे सेवा सप्ताह के अंतर्गत जिले के नगर व सिटी प्रखंडों के विभिन्न मंदिरों में सोमवार को पौधरोपण व सफाई अभियान चलाया गया। इस दौरान आम, अमरूद, नीम, पीपल, बरगद और आंवला जैसे उपयोगी व औषधीय पौधे रोपे गए।

मंदिर परिसर की साफ-सफाई के साथ सेवा बस्तियों में सेवा कार्य और स्वास्थ्य शिविरों का भी आयोजन किया गया। इस अवसर पर विश्व हिंदू परिषद के क्षेत्र सत्संग प्रमुख (पूर्वी उत्तर प्रदेश) दिवाकर जी ने कहा कि, बजरंग दल के कार्यकर्ता सेवा सप्ताह के तहत पूरे देश में निष्ठा व समर्पण से कार्य कर रहे हैं। पौधरोपण केवल एक प्रतीकात्मक कार्य नहीं, बल्कि भविष्य की पीढ़ियों के लिए पर्यावरण सुरक्षा का संकल्प है। वृक्ष न केवल ऑक्सीजन देते हैं बल्कि पर्यावरण को भी शुद्ध करते हैं। बजरंग दल इन पौधों की देखभाल की जिम्मेदारी भी उठाएगा। कार्यक्रम के अवसर पर विभाग संगठन मंत्री अमित पाठक, विभाग संयोजक प्रवीण मौर्या, जिला मंत्री श्रीकृष्ण सिंह, जिला संयोजक अशोक सिंह, जिला सह संयोजक पवन, भग्गू जी, शोभित पाल सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और स्थानीय लोग मौजूद रहे ।कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण, धार्मिक स्थलों की स्वच्छता तथा समाज सेवा के माध्यम से जनजागरूकता फैलाना रहा।

किसानों का कर्जा और बिजली बिल माफ करे सरकार: इम्तेयाज बेग

आजमगढ़। किसानों का कर्जा और बिजली बिल माफ करो सहित दस सूत्री मांगों को लेकर अखिल भारतीय किसान सभा के आह्वान पर सोमवार को उत्तर प्रदेश किसान सभा की आजमगढ़ इकाई ने कलेक्ट्रेट परिसर में जमकर प्रदर्शन किया। इसके बाद प्रदेश अध्यक्ष इम्तेयाज बेग के नेतृत्व में राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन जिला-प्रशासन को सौंपा गया। इस दौरान कुंवर सिंह उद्यान से लेकर कलेक्ट्रेट के आस-पास जमकर नारेबाजी भी की गई।

प्रदेश अध्यक्ष इम्तेयाज बेग ने कहाकि केंद्र सरकार की किसान विरोधी नीतियों के कारण लगातार किसानों को दोहरी मार पड़ रही है जबकि किसानों के कल्याण के नाम पर सरकार सत्ता में आई और सत्ता में आते ही किसान हित को भूल पूंजीपूतियों को लाभ पहुंचाने लगी। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार ने कॉर्पोरेट कंपनियों के 16 लाख करोड़ रुपये के कर्ज माफ करने के लिए कानून बनाया लेकिन कर्जग्रस्त किसानों के लिए ऐसा कोई प्रावधान नहीं किया गया। जिसे हम बर्दाशत नहीं करेंगे। किसान सभा के मंत्री गुलाब मौर्य व सहमंत्री जीयालाल ने कहाकि स्वामीनाथन आयोग के अनुसार फसलों का आधारभूत मूल्य निर्धारित नहीं किया जाता। एमएसपी की कानूनी गारंटी नहीं दी गई, किसान हित में तत्काल दी जाए, बार-बार विदेशी कृषि उत्पादों का

आयात करके हमारी फसलों के दाम जानबूझकर गिराए गए है, कृषि आदानों (जैसे उर्वरक बीज) पर अत्यधिक कर लगाकर उत्पादन लागत बढ़ाई गई है, सभी किसानों के कर्ज (फसल, पंपसेट, शिक्षा, आवास आदि) पूर्ण माफी पेषित की जाए, स्वामीनाथन आयोग के फामूर्ले के अनुसार एमएसपी को कानूनी गारंटी दी जाए। जिलाध्यक्ष त्रिलोकी नाथ ने मांग किया कि धर्म, जाति, भाषा या क्षेत्र के आधार पर भेद किए बगैर सभी किसानों को कर्जमाफी दी जाए, प्रत्येक किसान परिवार को प्रति माह 10 हजार बुढ़ापे की पेंशन दी जाय, बाढ़ व सूखा से किसानों को स्थायी हल निकाला जाय, बिजली का निजीकरण न किया जाये।

विभिन्न आरोपों में 25 लोग गिरफ्तार

जौनपुर। शांति व्यवस्था बनाए रखने को लेकर जिले के विभिन्न थानों की पुलिस ने 25 लोगों को गिरफ्तार किया है। मडियाहूं थाने की पुलिस ने पुलिस ने शांति व्यवस्था के मद्देनजर ग्राम हिनौती, नेवढ़िया, शाहपुर और रानीपट्टी सहित विभिन्न स्थानों से कुल 14 व्यक्तियों को हिरासत में लिया। इनमें प्रदीप बेनवंशी, रामदेव, राजकुमार, शनि बेनवंशी, रवि बेनवंशी, अमित प्रजापति, राकेश यादव, करन गुप्ता, प्रखर मिश्रा, मनोज यादव आदि शामिल हैं। थाना पवारा पुलिस ने टिकरा और मडवा दोदक गांवों से कुल 6 व्यक्तियोंकृराजेश यादव, वीरेन्द्र यादव, बसन्त यादव, रामचन्द्र यादव, जय प्रकाश यादव व सुनील यादव को गिरफ्तार किया गया। थाना गौराबादशाहपुर पुलिस ने 3 व्यक्तियों मुकेश गौतम, मंजेश सरोज और दिवाकर यादव को हिरासत में लिया गया। थाना खेतासराय पुलिस ने पोरईखुर्द व मनेछा गांवों से राजकुमार बिंद व बाबूलाल को गिरफ्तार कर चालान किया। सभी गिरफ्तार व्यक्तियों को न्यायालय में पेश किया गया है।

गैस और पानी की पाइप फटने से लगा जाम

जौनपुर। नगर के टीडी कॉलेज के दक्षिणी गेट के सामने उस समय हड़कंप मच गया जब नाले की सफाई के दौरान जेसीबी से गैस पाइपलाइन और पानी की पाइप फट गई। पाइप फटते ही एक ओर जहां गैस का तेज रिसाव शुरू हो गया, वहीं दूसरी ओर पानी फव्वारे की तरह सड़क पर बहने लगा। इस दोहरे संकट ने लखनऊ-वाराणसी मुख्य मार्ग को पूरी तरह प्रभावित कर दिया, जिससे भारी जाम की स्थिति उत्पन्न हो गई ।बताते है कि सोमवार सुबह नगर पालिका द्वारा पुलिस लाइन क्षेत्र में नाले की सफाई का कार्य कराया जा रहा था। कार्य में लगी जेसीबी जैसे ही टीडी कॉलेज के दक्षिणी गेट के समीप नाले की खुदाई करने लगी, वैसे ही अंडरग्राउंड गैस पाइप और जलापूर्ति की पाइपलाइन क्षतिग्रस्त हो गई। गैस के रिसाव और पानी के तेज बहाव से सड़क पर अफरा-तफरी मच गई ।जाम में फंसे स्कूल और कॉलेज जाने वाले छात्र-छात्राओं समेत आमजन को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। स्थिति इतनी गंभीर हो गई कि लोग अपनी गाड़ियां छोड़कर पैदल रास्ता ढूंढने लगे। वहीं, हादसा होते ही मौके पर कार्य कर रहे नगर पालिका के कर्मचारी और जेसीबी चालक वहां से भाग खड़े हुए ।सूचना मिलते ही प्रशासन और संबंधित विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे। गैस आपूर्ति विभाग ने रिसाव को नियंत्रित करने का प्रयास शुरू किया, जबकि जल निगम की टीम ने पानी के बहाव को बंद कराने के लिए पाइपलाइन की मरम्मत कार्य में जुट गई। पुलिस द्वारा मार्ग को डायवर्ट कर यातायात व्यवस्था बहाल करने का प्रयास किया जा रहा है। लोगों ने इस घटना को नगर पालिका की लापरवाही बताया और कहा कि बिना किसी सर्वे या मानचित्र के इस प्रकार जेसीबी से खुदाई कराना गंभीर दुर्घटना को आमंत्रण देना है।

शिखा गुप्ता बनी चार्टर्ड अकाउंटेंट

जौनपुर। नगर के शहाबुद्दीनपुर, स्टेशन रोड निवासी संदीप गुप्त एवं संगीता गुप्ता की पुत्री शिखा गुप्ता ने परीक्षा पास कर चार्टर्ड अकाउंटेंट बनी। शिखा के दादा स्व.राजेन्द्र नाथ गुप्त रामनिरंजन इंटर कॉलेज, कचगांव में गणित के अध्यापक थे ।शिखा ने के.एफ.आई. राजघाट बेसेंट स्कूल, वाराणसी से हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट की परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद बीएचयू से बीकॉम किया ।2019 से सीए की तैयारी एवं परीक्षा देनी शुरू की। 2025 में फाइनल परीक्षा पास कर सीए बनी। शिखा ने बताया कि बड़े भाई राजऋषि गुप्त की प्रेरणा तथा बड़े माता-पिता संजीव गुप्त सीमा गुप्ता का आशीष रहा ।शिखा ने अपनी सफलता का रहस्य माता-पिता एवं गुरुजनों का आशीर्वाद तथा अपनी लगन को बताया। इंटरमीडिएट के बाद ही उसने सीए बनने का लक्ष्य बनाया था जो अब साकार हुआ।

कार्यालय ग्राम पंचायत ओरीपुर वि.ख. गौरीगंज, अमेठी

पत्रांक मेमो/नि. कार्य/15th/5th 2025-26 दिनांक 07/07/2025

अल्प कालीन निविदा

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत ओरीपुर वि.ख. गौरीगंज जनपद अमेठी मे कराये जाने वाले पंचम / पंदरहवा वित्त आयोग के अंतर्गत निम्न कार्य हेतु सामाग्री आपूर्ति किए जाने हेतु अनुभवी व पंजीकृत फर्मों से मुहरबंद निविदाये दिनांक 14/07/2025 तक अपरहान 3:00 बजे तक आमंत्रित कि जाती है एवं उसी दिन दिनांक 14/07/2025 ग्राम पंचायत के कार्यालय मे निविदा दाताओं अथवा उनके प्रतिनिधिओ के समक्ष खोली जाएगी कार्य की bill of quantity भी कार्य दिवस मे प्राप्त की जा सकती है

क्र. सं	कार्य का नाम	अनुमानित लागत	सामग्री का नाम
1	पक्की नाली (आर सी सी) अलाजहुर के घर से सलीम के घर तक निर्माण 60 मीटर	1.75 लाख	ईट गिट्टी 40 मिमी, सीमेंट 10/20mm स्टोन गिट्टी बालू मोरम सरिया, सटरिंग आदि

निविदा की शर्ते:- 1 सशर्त निविदा स्वीकार नहीं होगी 21 सामग्री की आपूर्ति आवश्यकतानुसार कार्यस्थल पर समय से करनी होगी 3. आपूर्ति की गई सामग्री की गुणवत्ता मानक के अनुरूप होनी चाहिय 4. आपूर्ति कर्ता को GST NO की छायाप्रति उपलब्ध कराना होगा 5. किसी विवाद की स्थिति में अंतिम निर्णय अधोहस्ताक्षरी का होगा

सचिव
ग्राम पंचायत ओरीपुर
वि.ख. गौरीगंज, अमेठी

ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत ओरीपुर
वि.ख. गौरीगंज, अमेठी

कार्यालय निदेशक, नवाब वाजिद अली शाह प्राणि उद्यान, लखनऊ

पत्र सं.- /प्लम्बर से सम्बन्धित सामग्री आपूर्ति (25-26)/जू लखनऊ, दिनांकः जुलाई, 2025

ई-निविदा की आंमत्रण सूचना

नवाब वाजिद अली शाह प्राणि उद्यान, लखनऊ में ''समय-समय पर प्लम्बर से सम्बन्धित सामग्री की आवश्यकतानुसार आपूर्ति'' समस्त कर, टैक्स एवं मय प्राणि उद्यान के स्टोर तक पहुचाने सहित ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक निविदादाता दिनांक 10.07.2025 को प्रातः 10:00 बजे से दिनांक 21.07.2025 को प्रातः 10:00 बजे तक वेबसाइट https://etender.up.nic.in पर निविदा प्रपत्र ऑनलाइन डाउनलोड कर अपलोड कर सकते है। निविदादाता को ई-निविदा में भाग लेने हेतु ई-निविदा का शुल्क रू. 2390/- (18 प्रतिशत जी.एस.टी. सहित) का डिमाण्ड ड्राफ्ट तथा अर्नेस्ट मनी के रूप में रू. 13,500/- का एफ.डी.आर. जो निदेशक, प्रिन्स आफ वेल्स जुलोजिकल गार्डेन्स ट्रस्ट, लखनऊ के नाम निरूपित हो, के रूप में एक लिफाफे में सील कर लिखकर ''प्लम्बर से सम्बन्धित आपूर्ति हेतु निविदा'' दिनांक 21.07.2025 को सांयः 05:00 बजे तक निदेशक, नवाब वाजिद अली शाह प्राणि उद्यान, लखनऊ के कार्यालय में देना अनिवार्य है। निविदा दिनांक 22.07.2025 को अपराह्न 12:00 बजे अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में निविदा समिति द्वारा आनलाइन विधि से खोली जायेगी।

किसी एक अथवा समस्त निविदा को बिना कारण बताए निरस्त करने का अधिकार निदेशक, नवाब वाजिद अली शाह प्राणि उद्यान, लखनऊ को होगा।

(अदिति शर्मा)
निदेशक,
नवाब वाजिद अली शाह प्राणि उद्यान, लखनऊ

UPID-235640 Date: 04.07.25
Website : www.upgov.nic.in

प्राथमिक विद्यालय का गिरा बाउंड्रीवॉल, छात्र घायल

मीरजापुर। एक तरफ जहां सरकार कम छात्रों वाले प्राथमिक विद्यालयों को मर्ज करने में जुटी हुई है वहीं उत्तर प्रदेश के मिर्जापुर जिले में प्राथमिक विद्यालय के जर्जर बाउंड्री वॉल गिरने से एक छात्र दबकर घायल हो गया जब एक अन्य छात्र भी चोटिल होना बताया जा रहा है।

इस घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच जाने के बाद लोगों में आक्रोश देखा गया है तो वहीं जर्जर सरकारी स्कूलों की दशा भी सामने आई है। दुर्घटना के बाद घायल छात्र को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र विजयपुर सरोई पहुंचाया गया है जहां से उसे बेहतर उपचार के लिए मंडलीय अस्पताल स्थित ट्रामा सेंटर रेफर किया गया है। जानकारी के मुताबिक मिजार्पुर जिले के छानबे विकास खंड क्षेत्र अंतर्गत अरगीसरपत्ती गांव स्थित प्राथमिक विद्यालय प्रथम में इन दिनों ने शिक्षा सत्र के तहत नामांकन चल रहा था। क्षेत्र के अरगीसरपत्ती गांव निवासी अंशु सरोज पुत्र दिनेश कुमार 06 वर्ष जो कक्षा तीन का छात्र है विद्यालय आ रहा था कि तभी अचानक विद्यालय की तकरीबन 06 फीट ऊंची दिवार अचानक से भर-भराकर गिर पड़ी जिसके मलबे के नीचे आकर अंशु गंभीर रूप से घायल हो गया है। जबकि एक अन्य छात्र मामूली रुप से चोटिल होना बताया गया है जिसका परिजनों ने स्थानीय स्तर पर उपचार कराया है। अंशु को घायलावस्था में तत्कालीन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लें जाया गया जहां से उसे हालत गंभीर देखते हुए डॉक्टरों ने छात्र को जिला मंडलीय अस्पताल के लिए रेफर किया है। दूसरी ओर घटना की जानकारी होते ही मौके पर हड़कंप मच जाने के साथ काफी संख्या में ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई थी।

दो दिन पहले घर से गायब युवती का कुएं में मिला शव

मीरजापुर। हलिया थाना क्षेत्र के बैधा गांव में शुक्रवार की दोपहर संदिग्ध परिस्थितियों में घर से गायब हुई युवती का शव घर से दो सौ मीटर दूर कुएं में मिलने से ग्रामीणों में हड़कंप मच गया ।बैधा गांव निवासी रामरक्षा पाल की 20 वषीर्या पुत्री सरिता पाल बीते शुक्रवार की रात घर से अचानक गायब हो गई। युवती के घर से गायब होने परिजन खोजबीन में जुट गए थे।

रविवार को युवती के बाबा कोसमन पाल ने नातिन के घर से गायब होने पर थाने में तहरीर देकर नातिन का पता लगाने की गुहार लगाई थी ।कोषमनि पाल ने दी गई तहरीर में सोनगढ़ा गांव निवासी युवक पर नातिन को मोबाइल फोन देने और कई माह से बातचीत करने का आरोप लगाया था। बताया कि नातिन का पता लगाते हुए युवक के घर गया लेकिन उसने नातिन के बारे में कुछ भी बताने से इंकार कर दिया ।सोमवार सुबह कुएं के पास मवेशियों को चरा रहे ग्रामीणों को कुएं से दुर्गंध आने पर ग्रामीण कुएं के पास गए तो देखा कि युवती की लाश कुएं में उतराई है। कुएं में युवती की लाश मिलने की खबर पाकर परिजन कुएं के पास गए तो देखा सरिता का शव उतराया था। परिजनों की सूचना पर मौके पर पहुंचे सीओ लालगंज अशोक कुमार सिंह प्रभारी निरीक्षक हलिया वीरेंद्र सिंह ने घटना की जांच करते हुए युवती के शव को कुएं से बाहर निकलवाया। युवती का पिता रामरक्षा पाल मुम्बई में किसी प्राइवेट कंपनी में काम करता है बेटी की मौत की खबर पाकर मुम्बई से घर के लिए रवाना हो चुका है। युवती इसी साल इंटरमीडिएट की परीक्षा पास की है। मृतका एक भाई और दो बहनों में बड़ी थी। बेटी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत होने से मां कुसुम कली और परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र सिंह ने बताया कि युवती बीते शुक्रवार को घर से अचानक कहीं चली गई थी। सोमवार को युवती के बाबा कोषमनि पाल ने सूचना दी कि नातिन सरिता का शव कुएं में उतराया है। सूचना पर मौके पर पहुंचकर घटना की जांच पड़ताल की गई है युवती के शरीर पर चोट के निशान नही है ।शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। घटना की जांच पड़ताल की जा रही है।

संक्षेप

कार्ययोजना के अनुसार किया जाये कार्य : सीएमओ

देवरिया। मुख्य चिकित्साधिकारी अनिल कुमार गुप्ता की अध्यक्षता में सोमवार को संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान की साप्ताहिक समीक्षा मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय में की गई।

01 से 30 जुलाई तक संचारी रोग नियंत्रण व 11 से 30 जुलाई तक दस्तक अभियान के संचालन का पिछले दिनों किए गए कार्यों के आधार पर बैठक का आयोजन किया गया था। इसमें चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के साथ.साथ पंचायती राजए शिक्षा विभागए पशुपालन विभागए बाल विकास विभागए नगर विकास आदि द्वारा कार्ययोजना बनाकर काम करने को कहा गया था। माइक्रोप्लान पर समीक्षा की गई।बताया गया कि निकायों द्वारा नालियों की सफाई कार्ययोजना के अनुसार सफाई कराया जा रहा है। अर्बन वार्डों में फांगिंग कराई गई है। इस दौरान सीएमओ ने कहा कि 11 जुलाई से चलने वाले दस्तक अभियान में आशा कार्यकत्रियों द्वारा प्रत्येक घर पर जाकर घर वालों को संचारी रोग के वारे में बताने के साथ.साथ घर में निरीक्षण कर जल संचय को चेक करे है। दस्तक अभियान में बुखारए खासी.जुकामए टीबीए फाइलेरिया आदि रोगियों की सूची तैयार कर ई.कवच पर अंकन कर सीएचसीए पीएचसी पर भेजें है।

लगातार बढ़ रहा है मुड़िया पूर्णिमा मेला में भक्ति का सैलाब

जिला संवाददाता

मथुरा। गोवर्धन में गिरिराज महाराज के जयकारों के बीच तलहटी में श्रद्धा एवं आस्था का सैलाब उमड़ रहा है। पग-पग पर तलहटी में भक्ति प्रस्फुटित हो रही है।रविवार की रात से लेकर सोमवार को पूरे दिन श्रद्धालुओं की आस्था देखने लायक थी।क्योंकि बीतीशाम को मौसम सुहावना होने से श्रद्धालुओं की भीड़ बढ़ गई। मुड़िया मेला जैसे-जैसे आगे बढ़ रहा है, वैसे-वैसे श्रद्धालुओं का आंकड़ा बढ़ता जा रहा है।यहां आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या के कारण नजारा किसी कुंभ से कम नहीं नजर आता है। भक्त गिरिराजजी की शरण में पहुंचकर श्रद्धालु प्रभु का दूध से अभिषेक कर मनोकामना के लिए दीपक जला रहे हैं। तलहटी में चहुंओर गिरिराज महाराज के जयकारे गूंज रहे हैं।मेला क्षेत्र अब 21 किमी. से बढ़कर करीब 40 किमी. का हो गया है।परिक्रमा मार्ग को जोड़ने वाले संपर्क मार्ग से लेकर बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन पर भीड़ नजर आ रही है। जिलाधिकारी सीपी सिंह और एसएसपी श्लोक कुमार स्वयं परिक्रमा मार्ग की निगरानी लगातार कर रहे है। उन्होंने श्रद्धालुओं से अपील की है कि परिक्रमा मार्ग में आप सभी श्रद्धालुओं की सुविधार्थ हेतु स्वास्थ्य कैम्प, खोया पाया केन्द्र अन्य सुविधाएं है, आप से निवेदन है कि भंडारे की प्रसादी खाकर कूड़ेदान में फेंके, गंदगी को न फैलाएं।परिक्रमा मार्ग में पर्यटन विभाग के सहयोग से ब्रज व राजस्थान की संस्कृति से जुड़े कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी जा रही है। श्रद्धालुओं दूर बने पार्किंग स्थलों से पैदल आ रहे हैं। डीएम चन्द्र प्रकाश सिंह व एसएसपी श्लोक कुमार मेले की हर व्यवस्था पर नजर बनाए हुए हैं।डीएम सीपी सिंह ने कहा कि परिक्रमा करने वाले श्रद्धालु किसी तरह रूक न पाएं। दंडवती परिक्रमा पर भी पूरी तरह से रोक लगा है।ईरिक्शा व दो पहिया वाहन भी रोक दिए गए हैं। एसएसपी श्लोक कुमार ने श्रद्धालुओं से सावधानी के साथ परिक्रमा करने को कहा है।अपरिचित व्यक्ति के दिए खाने को खाने से बचने को कहा, जिससे जहरखुरानी जैसी घटना से बचा जा सके। तलहटी के प्रमुख मंदिरों में विराजमान गिरिराजजी सुबह की बेला में पर्वत के रूप में दर्शन देते हैं।यहां भक्त पंचामृत से अभिषेक करते हैं। शाम को पर्वत रूप में विराजमान गिरिराजजी श्रीकृष्ण के रूप में मुकुट धारण कर वंशी बजाते दर्शन देते हैं।

- जिलाधिकारी ने की श्रद्धालुओं से गंदगी न फैलाने की अपील
- पूंछरी के लौठा कल पहुंचेंगे राजस्थान के सीएम

दानघाटी मंदिर के सेवायत पवन कौशिक ने बताया कि द्वापर युग में भगवान श्रीकृष्ण ने ब्रजवासियों के संग इंद्र का मानमर्दन करने के लिए गिरिराजजी की पूजा की थी। इसी परंपरा में गिरिराजजी का दो स्वरूपों में पूजन होता है।

ड्रोन कैमरे से जा रही निगरानी

मुड़िया पूर्णिमा मेले की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस ने कड़े इंतजाम किए हैं।श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए पुलिस प्रशासन ने ड्रोन कैमरों से निगरानी शुरू कर दी है। परिक्रमा मार्ग और मेला क्षेत्र के संवेदनशील स्थानों पर ड्रोन कैमरे लगाए गए हैं। इनसे प्राप्त फुटेज के माध्यम से संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखी जा रही है। ड्रोन कैमरों के साथ परिक्रमा मार्ग में लगे सीसीटीवी कैमरों से भी निगरानी की जा रही है।

वहीं महिला पुलिसकर्मी और सादी कपड़ों में जवान मेले में मौजूद हैं।भीड़ प्रबंधन और यातायात नियंत्रण की विशेष व्यवस्था की गई है।

21 किलोमीटर के परिक्रमा मार्ग में करीब डेढ़ किलोमीटर का क्षेत्र राजस्थान सीमा में आता है। डीग व भरतपुर प्रशासन ने श्रद्धालुओं की सुविधा के बेहतर इंतजाम किए हैं। वहीं राजस्थान के सीएम भजन लाल शर्मा 9 व 10 जुलाई को गिरिराजजी की परिक्रमा के लिए पूंछरी के लौठा पहुंचेंगे। सीएम के स्वागत के लिए परिक्रमा मार्ग को सजाया, संवारा जा रहा है।

उत्तर प्रदेश सीमा के समीप हेलीपैड तैयार किया जा रहा है।एसडीएम डीग देवी सिंह ने बताया कि भीड़ पर नजर रखने के लिए वॉच टॉवर बनाए हैं। अप्सरा व नवल कुंड पर फोर्स तैनात किया है।परिक्रमा मार्ग में तीन पालियों में कर्मचारियों को ड्यूटी सौंपी गई है।

संगठित होने से होगा समाज का भलाः प्रेमलता

दुदही, कुशीनगर। मद्धेशीय वैश्य महासभा के महिला समिति की राष्ट्रीय सदस्या प्रेमलता उर्फ लवली गुप्ता का मद्धेशिया समाज के लोगो ने फूल मालाओं से लाद जोरदार स्वागत किया। अपने स्वागत से अभिभूत प्रेमलता गुप्ता उर्फ लवली ने उपस्थित लोगो को सम्बोधित करते हुए कहा कि संख्या बल में हमारा समाज किसी से कम नही है लेकिन इसके बावजूद हम दिन प्रतिदिन पिछड़ते जा रहे है।इसका एक मात्रा कारण समाज के लोगो का संगठित न होना है।संगठित होकर ही हम अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकते है।मद्धेशिया वैश्य महासभा उत्तर प्रदेश के प्रांतीय उपाध्यक्ष मायाशंकर निगुर्णायत ने कहा कि समाज के लोगो को अपने बच्चो को शिक्षित करने के लिए जागरूक होना पडेगा क्योकि शिक्षित समाज ही सशक्त समाज निर्माण करने में सक्षम होता है।इसलिए समाज के लोगो से अपील है कि एक रोटी कम खाए लेकिन अपने बच्चो को शिक्षित करने का कार्य करे।अंत में उपस्थित लोगो ने राष्ट्रीय सदस्या को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।इस अवसर पर कमलेश मद्धेशिया, श्रवण मद्धेशिया मुनीब जी, डा. विनोद गुप्ता, अंकित मद्धेशिया, कन्हैया मद्धेशिया, राजू मद्धेशिया, जगदम्बा मद्धेशिया सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

गन्ना सर्वेक्षण कार्य हुआ पूर्ण

कुशीनगर । जिला गन्ना अधिकारी ने अवगत कराया है कि जी.पी. एस. आधारित गन्ना सर्वेक्षण वर्ष 2025-26 सर्वे कार्य पूर्ण होने उपरान्त क्षेत्रफल (हेक्टेयर में) पौधा 44250.6 तथा पेडी 41893.67 कुल क्षेत्रफल 86144.27 हेक्टेयर है।जनपद कुशीनगर की चीनी मिलों द्वारा गन्ना सर्वे के दौरान जो पौधे गन्ने के प्लाट पेड़ी प्लाट में परिवर्तित नही हुये है का डाटा प्लाट डिलीशन कार्य अभी प्रगति पर है।सत्यापन के उपरान्त पेड़ी प्लाट डिलीशन से सर्वेक्षण के पेड़ी गन्ने के आकडों में बदलाव संभव है।उन्होंने बताया गत वर्ष 2024-25 में जनपद कुशीनगर का गन्ना क्षेत्रफल (हेक्टेयर में) पौधा- 55994.424, पेड़ी- 49108.361 कुल-105102.785 था।गत वर्ष गन्ने के खेतों में जलभराव के कारण तथा समस्त छोटे गन्ना कृषकों में पहली पर्ची जल्दी जारी हो जाने के कारण खाली हुए गन्ना खेतो में गेहूं की बुवाई होने से गन्ने का क्षेत्रफल प्रभावित हुआ है।जनपद कुशीनगर के समस्त कृषक भाइयों को सूचित किया जाता है कि गन्ना विभाग द्वारा 20-जुलाई से 30-अगस्त तक ग्राम स्तरीय सर्वे सट्टा का प्रदर्शन कराया जाएगा।विभाग व चीनी मिल के कर्मचारी गांव-गावं जाकर ग्राम के सार्वजनिक स्थलों पर सर्वे एवं सटटों का अवलोकन कृषकों को कराया जायेगा। कृषक भाइयों से अनुरोध है कि अपने गन्ना पर्यवेक्षक/चीनी मिल कर्मचारी के साथ बैठकर रिकार्ड देख लें, यदि कोई त्रुटि है तो उसे दर्ज करा लें ताकि आकड़ें संशोधित कर दिया जाए तथा आगामी पेराई सत्र में कृषकों की गन्ना आपूर्ति सुचारु रुप से हो सके।

यमुना नदी में डूबी महाराष्ट्र की महिला, तलाश जारी

मथुरा। यमुना में ब्लास्टर बढ़ने लगा है, जिससे तीर्थनगरी में आने वाले श्रद्धालु पर्यटकों में यमुना स्नान का खास आकर्षण है।ऐसे में सोमवार सुबह करीब आठ बजे यमुना तटवर्ती जुगलघाट पर स्नान के दौरान एक महिला यमुना नदी में डूब गई।स्थानीय लोगों से घटना की सूचना बांकेबिहारी पुलिस चैकी को मिली। नाविकों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस को यमुना किनारे एक बैग मिला है। बैग में महाराष्ट्र की ठाणे निवासी 60 वर्षीय सुभद्रा बाई सखाराम दभोलकर नाम का आधार कार्ड मिला है।पुलिस बैग और उसमें मिले आधार कार्ड से आशंका जताई रही है कि संभवत सुभद्रा बाई नामक महिला ही नदी में डूबी है।पुलिस द्वारा गोताखोरों की मदद से महिला की तलाश यमुना के गहरे पानी में की जा रही है। कोतवाली प्रभारी प्रशांत कपिल ने बताया जुगलघाट पर एक महिला के डूबने की सूचना मिली थी। यमुना किनारे एक बैग मिला है। यमुना में महिला की तलाश गोताखोरों की मदद से जारी हैं।नदी में गहरा पानी होने पर पुलिस ने एनडीआरएफ की टीम को भी सहयोग के लिए बुंलाया है।जलस्तर अधिक और प्रवाह तेज होने से तलाश में दिक्कत आ रही है।समाचार लिखे जाने तक महिला की तलाश जारी है।

पैसे हड़पने के लालच में रची 3.5 लाख के लूट की कहानी

जिला संवाददाता

मथुरा। राया पुलिस ने एक झूठी लूट की सूचना देने वाले तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 1 लाख 65 हजार की नकदी बरामद की है।तीनों आरोपियों ने 3.5 लाख रुपये की फर्जी लूट की कहानी रच कर पुलिस को गुमराह करने का प्रयास किया था।घटना बीतीरात की है। जब करीब 10:32 बजे डायल 112 पर वीरेंद्र सिंह पुत्र विजय सिंह, निवासी आनंद गढ़ी थाना महावन ने कॉल कर बताया कि गांव सूरज से गांव कपूर को जाने वाले रास्ते पर कुछ लोगों ने उसके और उसके साथियों के साथ मारपीट कर 3.5 लाख की लूट कर ली है। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी अजय कौशल पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंच गये और मामले की गहन जांच शुरू की। जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि वीरेंद्र सिंह अपने दो साथियोंकृ साकिर पुत्र फखरुद्दीन और राहुल पुत्र अद्दन, दोनों निवासी व्यापारियान मोहल्ला, थाना महावन के साथ ऐलाना कंपनी का 1.65 लाख रुपये का पेमेंट लेकर जा रहा था।तीनों ने मिलकर पैसों के लालच में खुद ही यह रकम छिपा दी और लूट की झूठी कहानी बना डाली।

- झूठी सूचना देने वाले तीन युवक 1.65 लाख की नकदी सहित गिरफ्तार

पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए तीनों आरोपियों को बाग, गांव सूरज से गांव कपूर की तरफ जाते हुए गिरफ्तार कर लिया।

इनके पास से छिपाए गए 1,65,000 रुपये भी बरामद कर लिए गए। पुलिस के अनुसार आरोपियों ने कबूला है कि उनके द्वारा ही पैसे के लालच में आकर उक्त रुपये हडपने के उद्देश्य से यह झूठी सूचना दी थी।

महिला जनसुनवाई और जागरूकता कार्यक्रम सम्पन्न

देवरिया ।सदस्यए राज्य महिला आयोग श्रीमती ऋतु शाही की अध्यक्षता में महिलाओं से सम्बन्धित विभिन्न कल्याणकारी योजनाएं विषयक जागरुकता कार्यक्रमए समीक्षा बैठक तथा महिला जनसुनवाई कार्यक्रम वीण्वीणआईण्पीण गेस्ट हाउस निरीक्षण भवन के मीटिंग हालए देवरिया में सम्पादित किया गया।

महिला जनसुनवाई के दौरान कुल 16 प्रकरण प्रस्तुत हुयेए जिसमें 10 प्रकरणों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया।

महिला जनसुनवाई के दौरान अनिल कुमार सोनकर जिला परिवीक्षा अधिकारीए जिला समाज कल्याण अधिकारी जैसवार लाल बहादुरए क्षेत्राधिकारी देवरियाए शालिनी श्रीवास्तव जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी देवरियाए उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी देवरियाए एबीएसए देवरियाए महिला थानाध्यक्ष देवरियाए जिला परिवीक्षा कार्यालय के सैफ खानए श्रवण कुशवाहाए वन स्टाप सेन्टर के प्रबंधक नीतू भारती तथा मीनू जायसवाल मनोवैज्ञानिक आदि मौजूद रहे।

राज ठाकरे से ब्रज भूमि के संत हुए नाराज, नहीं घुसने देंगे राजठाकुर को प्रदेश में

मथुरा। राज ठाकरे के बयानों को लेकर मथुरा के विश्राम घाट पर संत समाज की बैठक में भारी विरोध दर्ज किया गया।श्रीकृष्ण जन्मभूमि केस के याचिकाकर्ता दिनेश फलाहारी महाराज ने कहा कि राज ठाकरे गरीबों पर अत्याचार करवा रहे हैं और हिंदी भाषा पर हमला कर रहे हैं। उन्होंने कहा ह्लयदि उनमें दम है तो अमिताभ, सलमान, शाहरुख को मराठी में बुलवाकर दिखाएं। महामंडलेश्वर रामदास महाराज, कृष्णानंद महाराज, रास बिहारी दास और हिंदूवादी नेता गुंजन शर्मा ने कहा हिंदी हमारी राष्ट्रभाषा है, भाषा के नाम पर देश को तोड़ने की साजिश बर्दाश्त नहीं होगी। राज ठाकरे को उत्तर प्रदेश में घुसने नहीं देंगे।

विश्राम घाट पर संत समाज की मीटिंग हुई उसमें महाराष्ट्र की घटना पर मंथन हुआ। श्रीकृष्ण जन्मभूमि मथुरा मंदिर मस्जिद केस के मुख्य याचिका कर्ता दिनेश फलाहारी महाराज ने कहा कि राज ठाकरे गरीब लोगों पर अत्याचार करबा रहे हैं, यदि उनमें दम है तो अमिताभ बच्चन, सलमान खान, आमिर खान, शाहरुख खान को मराठी में बुलवाकर दिखाए।

दिनेश फलाहारी महाराज ने चेलेंज दिया है कि यदि राज ठाकरे ने भारतीय हिन्दू और मराठी हिन्दुओं को लड़ाने का सडयंत्र किया तो ठाकरे को उत्तर प्रदेश में घुसने नहीं देंगे।महामंडलेश्वर कृष्णानंद महाराज ने कहा कि सभी फिल्में हिंदी भाषा में ही बोली जाती हैं, क्या तुम फिल्मों को मराठी में करबा सकते हो, हिंदूवादी नेता गुंजन शर्मा ने कहा कि हिंदी हमारी राष्ट्रभाषा है, इसको बोलने से रोकने पर उन मराठीयों को कड़ी से कड़ी सजा होनी चाहिए। महामंडलेश्वर रामदास महाराज ने कहा कि यदि हम हिंदुस्तान में हिंदी नहीं बोलेंगे तो कहां बोलेंगे यह तो हमारी मातृभाषा है, उन्होंने उन्होंने कहा कि सनातनियों को बांटने के लिए यह कोई नया षड़यंत्र है। संत रास बिहारी दास महाराज ने कहा की भाषा के नाम पर लोगों को बांटने का षड़यंत्र किया जा रहा है, उन्होंने कहा कि सभी सनातनीयों को एक हो जाना चाहिए।

सरकारी कार्य में बाधा डालने में सहित अन्य धाराओं मे तीन लोगो के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

भटनी;देवरिया। रेलवे सुरक्षा बल पुलिस भटनी ने तीन लोगो के विरुद्ध बिना प्लेटफार्म टिकट के आकर पुछताछ के दौरान डियुटी के दौरान सरकारी कार्य मे बाधा उत्पन्न करने के आरोप मे तीन लोगो के विरुद्ध आर पी एफ पोस्ट भटनी मे मुकदमा दर्ज किया है ।आर पी एफ पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार सहायक उपनिरीक्षक नित्यानंद पाण्डेय आर पी एफ के मुख्य आरक्षी दिलीप कुमार सिंह आरक्षी रियाज खान प्लेटफार्म संख्या.3पर महिला प्रतीक्षालय के सामने प्लेटफार्म पर संदिग्ध हालत मे देखकर पुछताछ करने के दौरान प्लेटफार्म टिकट न दिखाने आराजकता फैलाने और पुलिस से उलझ कर सरकारी कार्य मे बाधा करने के आरोप मे तीन लोगों को आर पी एफ पोस्ट पर लाकर सोनू यादव पुत्र रामजी यादव ग्राम बकुची थाना खुखुन्दू अन्नू पुत्र श्यामबहादुर ग्राम काशी बाजार थाना भगवान बाजार जिला छपरा बिहार व सोनू पुत्र स्व सारीम केवडा भटनी थाना भटनी के विरुद्ध अपराध संख्या ..336ध्25 338ध्25 नध्147ण145ण146ण रेल अधिनियम पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की गयी है ।

कांग्रेस के नवनियुक्त पदाधिकारियों ने किया पद ग्रहण

देवरिया । जिला कांग्रेस कमेटी के नवनियुक्त पदाधिकारियों का ष्पदग्रहण एवं संकल्प समारोहष संस्कृति मैरेज हॉल में पूरी ऊर्जा और उत्साह के साथ संपन्न हुआ।

कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पूर्व विधायकए सुधीर राय जी ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को पदग्रहण एवं संकल्प दिलाते हुए संबोधित करते हुए कहा कि संगठन को गतिशील बनाने के लिए पूरी ऊर्जा और पूरी ताकत के साथ बूथ स्तर पर कार्यकताओं को जोड़ने का कार्य करें।

सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों ने उनकी बात पर सहमति जताते हुए पार्टी को हर स्तर पर मजबूत करने का संकल्प लिया।

विशिष्ट अतिथि के रूप में निर्वतमान प्रदेश उपाध्यक्ष केशव चंद्र यादवए निर्वतमान प्रदेश उपाध्यक्ष आलोक प्रसादए महिला कांग्रेस पूर्वी जोन के प्रदेश अध्यक्ष शहला अहरारी के अलावा जिला कोऑर्डिनेटर डॉण्सैय्यद जमाल अहमदए जिला कोऑर्डिनेटर सतेन्द्र सिंह एवं पूर्व जिलाध्यक्ष सहित तमाम कांग्रेसजनों की उपस्थिति रही।कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष विजय शेखर मल्ल श्रोशनश व संचालन जिला उपाध्यक्ष अरविन्द शाही ने किया।

सभी नव.मनोनित पदाधिकारियों को हार्दिक बधाई एवं उनके उज्जवल कार्यकाल की शुभकामनाएं दी।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्व विधायक दीनानाथ कुशवाहाएपूर्व जिलाध्यक्ष सुयश मणि त्रिपाठीए बिस्मिल्लाह लारीए राधवेंद्र सिंह श्राकेशश्ए धर्मेंद्र सिंहए रामजी गिरीए जयदीप त्रिपाठीए नागेंद्र शुक्लाए वरूण रायएजवाहरलाल चौहानए स्नेहलता गौतमएजवाहरलाल बरनवालए सुभाष रायए महेंद्र अंबेडकरएशहर कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राजकुमार जायसवालए आनन्द श्रीवास्तव सोनूए सत्यप्रकाश मणिए दीनदयाल प्रसादएविजय शंकर मिश्राए धर्मेंद्र कुमार पाण्डेयए निलेश त्रिपाठीएसमीर पाण्डेयएविनय मिश्राए रमाशंकर यादवए इस्लाम खानए गोविन्द मिश्रएनौशाद राजाए रविन्द्र मल्लएराजकुमार यादवए कमलेश मिश्राए अशोक गोंड सहित समस्त जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी मौजूद रहे।

सपा ने विद्यालय पेयरिंग के खिलाफ ज्ञापन सौंप आंदोलन की चेतावनी दी

देवरिया । सपाजनों ने सपा जिलाध्यक्ष व्यास यादव की अगुआई मे जुलुस की शक्ल मे प्रदर्शन कर जिलाधिकारी कार्यालय जाकर परिषदीय विद्यालयों को बंद करने के खिलाफ महामहिम राज्यपाल को एक ज्ञापन एस0डी0एम0 को सौंपा ! ज्ञापन के माध्य से सरकार के द्वारा विद्यालयों को बंद किये जाने के तुगलकी फरमान को वापस लेने की मांग की । सपा जिलाध्यक्ष व्यास यादव ने कहा की सरकार द्वारा विद्यालयों को बंद करने का निर्णय पूरी तरह से अव्यवहारिक व जनविरोधी है।इस निर्णय से बच्चों से विद्यालय व मतदाताओं से मतदान केन्द्र दुर होगा फलस्वरुप शैक्षिणिक वातावरत व लोकतंत्र दोनों पर गंभीर संकट तो खडा होगा ही साथ ही साथ बेटी पढाओ बेटी बचाओ के नारे का सत्यानाश भी निश्चित है।सरकार अपने निर्णय पर पुनर्विचार करे। सपा जिलाध्यक्ष व्यास यादव ने कहा कि विद्यालय बंद करना यह भाजपा सरकार की बहुत बड़ी सोची समझी रणनीत है।ये गरीबए पिछड़ेए दलितए अल्पसंख्यक समाजए सहित कमजोर लोगों के बच्चों को शिक्षा से वंचित करने की ये बहुत बड़ी साजिश है। इसको लेकर समाजवादी पार्टी पूरी ताकत से इस लड़ाई को लड़ेगी।

ज्ञापन में मुख्य रूप से पूर्व विधायक अनुग्रह नारायण सिंह उर्फ खोखा सिंहए पूर्व विधायक स्वामीनाथ यादवए पूर्व विधायक मनबोध प्रसादए पूर्व विधायक स्वामीनाथ भाईए अशोक सिंह कुशवाहाए डॉ रामनाथ चौहानए राजवंशी राजभरए लक्ष्मण निषादए हृदयानारायण जायसवालए नर्वदा चौहानए रामविलास प्रजापतिए अवधेश चौधरीए बेचुलाल चौधरीए जयराम राजभरए हरेंद्र सिंह त्यागीए हरेराम आर्याए रंजना भारतीए प्रभा भारतीए मालवीय प्रसाद निर्मलए राजेश ठाकुरए परवेज आलमए रामप्रकाश चौधरीए रामप्रकाश यादव मुन्नाए दशरथ मौर्यए ओमप्रकाश यादवए रामप्रताप चौहानए पारसनाथ यादवए अवनीश यादवए प्रभा भारतीए सुनील सिंहए सिकंदर यादवए हरेंद्र त्यागीए हरेंद्र यादवए बांकेलाल यादवए पिंटू पासवानए छेदीलाल यादवए राजेंद्र प्रसादए अंबिका यादवए उमाशंकर यादवए तेज प्रताप जायसवालए विजय यादवए कुशल यादवए राजू पटेलए विनय कुशवाहाए राजेश यादवए अंबिका यादवए बाबूलाल यादवए अब्बास अंसारीए उदय प्रताप यादवए रमेश यादवए अमरेंद्र यादवए महातम यादवए विकास यादवए विजय यादवए गोपी यादवए गिरीश जायसवालए वीरेंद्र यादवए विवेक भास्करए लारेब रहमानए सूरज यादवए देवेंद्र यादवए राजनाथ यादवए राम नारायण यादवए विदेशी भारतीए गजेंद्र भारती सहित सैकड़ो लोग मौजूद रहे !

बार व बेंच में सामंजस्य आवश्यकः एसडीएम

तमकुहीराज, कुशीनगर। बार संघ तमकुहीराज के अधिवक्ताओं संग नवागत एसडीएम आकांक्षा मिश्र एवं नवागत न्यायिक उप जिलाधिकारी सर्वेश कुमार सिंह गौर ने परिचय कार्यक्रम कर बार एवं बेंच के बीच सामंजस्य बनाकर कार्य करने की अपील की। परिचयात्मक बैठक में अधिवक्ताओं ने तहसील कार्यालय से जुड़े तमाम समस्याओं के प्रति नवागत अधिकारियों का ध्यान आकृष्ट कराकर आपसी सामंजस्य से शासन के मंशा अनुरूप न्याय को सुलभ एवं सुगम बनाने की मांग की।

सोमवार को बार संघ अध्यक्ष विनोद सिंह पटेल की अगुवाई में अधिवक्ताओं ने तहसील के नवागत एसडीएम आकांक्षा मिश्र एवं न्यायिक एसडीएम सर्वेश कुमार सिंह गौर के संग परिचायक बैठक किया।बैठक में अधिवक्ता संघ के तरफ से अध्यक्ष विनोद सिंह पटेल ने तहसील कार्यालय एवं न्यायालय में व्याप्त समस्याओं के तरफ नवागत अधिकारियों का ध्यान आकृष्ट कराते हुए कहा कि वादकारियों के हितों की रक्षा की जिम्मेदारी अधिवक्ता पर होती है।जब अधिकारी न्याय से विमुख होकर मनमानी एवं विधि विरुद्ध तरीके को अपनाता है तभी बार एवं बेंच के बीच टकराव की स्थिति उत्पन्न होती है।उन्होंने नवागत अधिकारियों से अधिवक्ता हितों की ध्यान रखकर शासन के मंशा के अनुरूप कार्य करने की अपील की। अधिवक्ताओं के परिचय कार्यक्रम में नवागत अधिकारियों ने अधिवक्ताओं को भरोसा दिलाया कि बार एवं बेंच के आपसी सामंजस्य से ही न्यायिक प्रकिया को आगे बढ़ाया जाएगा।इस दौरान महामंत्री अजय राय, उपाध्यक्ष अरविंद कुशवाहा, पूर्व अध्यक्ष अशोक कुमार राय, एचएन सिंह, अरविंद पाठक, मतिउल्लाह एडवोकेट, विनोद चौबे, अमरनाथ सिंह, दीपक पाण्डेय, संजय गुप्ता, सूर्यनाथ सिंह, मार्कण्डेय वर्मा, आनंद मिश्र, रामप्रवेश पटेल, राधेश्याम सिंह, आनंद मिश्र, अशोक पाण्डेय आदि मौजूद रहे।

रेडक्रॉस सोसायटी मानव सेवा में सर्वोपरि : सांसद

कुशीनगर। प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत राज्यपाल महोदया के आवाह्न पर प्रदेश में टीबी रोगियों को गोद लेने के अभियान के क्रम में सोमवार को अपराह्न में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र छितौनी के परिसर में इण्डियन रेडक्रॉस सोसायटी जनपद इकाई कुशीनगर द्वारा 50 टीबी रोगियों में प्रोटीनयुक्त पोषण की पोटली वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये सांसद विजय कुमार दुबे ने कहा कि रेडक्रॉस सामाजिक सरोकार से जुड़े मानव सेवा में सर्वोपरि रहा है।ऐसे में टीबी रोगियों की सेवा पोषण पोटली के माध्यम से करना अत्यंत ही पुनीत का कार्य है।इसके लिये मैं रेडक्रॉस की पूरी टीम की सराहना करता हूँ।उन्होंने कहा कि टीबी रोगियों के बेहतर उपचार के लिये हमारी केंद्र एवं प्रदेश की सरकार कटिबद्ध है। उन्होंने ने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री मोदी जी का मिशन है कि 2025 में भारत को टीबी मुक्त बनाना है। विशिष्ट अतिथि विधायक खड्डा विवेकानन्द पांडेय ने कहा कि जनपद में रेडक्रॉस सोसायटी टीबी रोगियों की सेवा में अग्रणी भूमिका में रहेगा क्योंकि मैं हमेशा से देखते आ रहा हूँ कि जनपद में कोई भी आपदा आता है तो रेडक्रॉस सोसायटी सेवा करने में आगे रहती है।इनके द्वारा जनपद में टीबी रोगियों को पोषण देना का जो बीड़ा उठाया है उसमें भी इनकी भूमिका अग्रणी रहेगी। उन्होंने ने कहा कि प्रदेश में क्षयरोग उन्मूलन कार्यक्रम में जनपद लगातार बेहतर कार्य करते हुये अच्छा प्रदर्शन कर रहा इसके लिये जिलाक्षयरोग अधिकारी सहित उनकी पूरी टीम बधाई की पात्र है।कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये जिलाक्षयरोग अधिकारी डॉ एस.एन त्रिपाठी ने क्षयरोग कार्यक्रम के बारे में विस्तारपूर्वक बताते हुये कहा कि जनपद में निक्षय मित्रों के सहयोग से टीबी रोगियों के पोषण की व्यवस्था होने से उनके स्वस्थ्य होने की संख्या बढ़ रही है।इसके लिये सभी निक्षय मित्रों के प्रति अपनी कृतज्ञता ज्ञापित करता हूँ। कार्यक्रम का संचालन युवा कवि एवं शिक्षक अनूप मिश्र ने किया।अतिथियों का स्वागत इण्डियन रेडक्रॉस सोसायटी के चेयरमैन संजय सिंह ने किया और कहा कि हम प्रतिमाह उपचार चलने तक प्रोटीनयुक्त आहार गुड़, भुना चना, मूँगफली का दाना, सत्तू, सोयाबीन एवं हार्लिक्स देता रहूँगा। आगन्तुकों का आभार नगर पंचायत अध्यक्ष अशोक निषाद ने किया। इस दौरान प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ पी एन गुप्ता, निक्षय मित्र नोडल आशुतोष कुमार मिश्र, भाजपा नेता नीलेश मिश्र, भाजपा नेता संजय सिंह मुन्ना, योगेश शर्मा, अजय गुप्ता, रोहित, विजय वर्मा, संजय गुप्त, मानवेन्द्र सिंह, फार्मशिस्ट एस.के.तिवारी, एसटीएस करन कुमार, निखिल गुप्ता, चंदन मिश्रा, इब्रान अंसारी, रोहित पटेल आदि उपस्थित रहे।

संक्षेप

सफाई इंस्पेक्टर की ट्रेन की चपेट में मौत

इटावा। नगर पालिका परिषद के मुख्य सफाई एवं खाद्य निरीक्षक ने बीते सोमवार की शाम को किन्हीं कारणों से क्षुब्ध होकर ट्रेन से कटकर जान दे दी। दो हफ्ता पूर्व भी सफाई निरीक्षक ने चूहा मार दवाई खाली थी हालत बिगड़ने पर परिजन जिला अस्पताल ले गये डाक्टर की देखरेख में उनका इलाज चला ठीक होने पर पहले की तरह बराबर रोज नगर पालिका आकर काम कर रहे थे। घटना की खबर सुनकर चेयरमैन ज्योति सन्टू गुप्ता, ईओ संतोष कुमार मिश्रा सहित सभासद व कर्मचारीगण घटनास्थल तथा पोस्टमार्टम पहुंचे। मृतक इंस्पेक्टर राकेश कुमार की मृत की खबर से पत्नी व पुत्री तथा परिजन पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे और सभी का रो रोकर बुरा हाल था।

समलैंगिक विवाह में युवतियां जिद पर अड़ी

पाटन, उन्नाव। बिहार थाना क्षेत्र के अंतर्गत समलैंगिक विवाह का मामला प्रकाश में आया है विवाह को लेकर अडी. युवतियों को पुलिस ने समझाने का प्रयास किया किंतु वह दोनों नहीं मानी और विवाद को पुलिस ने दोनों युवतियों को शांति भंग की धारा में निरुद्ध कर कानूनी कार्यवाही की है। बिहार थाना क्षेत्र की रामदुलारी पुत्री पप्पू निवासी मानपुर तथा रूबी पुत्री राजू निवासी जगत खेड़ा थाना बिहार दोनों के बीच समलैंगिक विवाह को लेकर प्रकाश में आई चर्चा के बाद पुलिस ने सतर्कता बरतते हुए कानूनी कार्यवाही की बताया गया कि रामदुलारी चार बच्चों की माँ है व उसका पति मुंबई में रहकर परिवार चलाने के लिए नौकरी करता है। दूसरी युवती निवासी जगत खेड़ा शादी करने की जिद पर अड़ी रही मामला तब और बढ़ और गरमा गया। जब दूसरी महिला ने शादी न होने पर जीवन समाप्त करने की धमकी दे डाली फिलहाल समाज में समलैंगिक विवाह को लेकर लोगों के बीच आज भी तरह-तरह की चर्चाएँ हैं और समाज इसकी मान्यता नहीं देता है ऐसी स्थिति में पुलिस ने दोनों महिलाओं को शांति भंग की धारा में निरुद्ध कर कानूनी कार्यवाही कर दी है।

पुलिस ने 6 लोगों के विरुद्ध शांतिभंग की कार्यवाही की

पाटन, उन्नाव। अलग-अलग थाना क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं को लेकर पुलिस ने शांति भंग में 6 लोगों के खिलाफ कानूनी कार्यवाही की है। मारपीट की पहली घटना थाना बिहार के हिंदू नगर भाटन खेड़ा में पड़ोसी द्वारा पड़ोस की लड़की को बहला फुसलाकर ले जाने के मामले में की गई कार्यवाही के बाद आरोपी दिलीप व उसके भाई संदीप द्वारा पीड़िता के परिवार पर मुकदमे में सुलह होने का लगातार दबाव बनाया जा रहा है पीड़ित पक्ष द्वारा की गई शिकायत के बाद पुलिस ने आरोपी दिलीप व उसके भाई संदीप पुत्रगण रामलाल गोड़िया को गिरफ्तार कर लिया है मारपीट की दूसरी घटना थाना बारा सगवर के ग्राम सथनी बाला खेड़ा में दिवार गिराने को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गई घटना की शिकायत वादी अतुल कुमार दीक्षित द्वारा पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर की गई थी। पुलिस ने मामले के आरोपी राज किशोर पुत्र बदलू प्रसाद निवासी टेढ़ा, रामबाबू पुत्र राम अवतार कमली खेड़ा, मुकेश कुमार पुत्र प्रकाश तिलक नगर बीघापुर तथा भावित कुमार पुत्र कमलेश कुमार निवासी टेढ़ा को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया तथा सभी गिरफ्तार आरोपियों को पुलिस ने शांति की धारा में निरुद्ध कर कानूनी कार्यवाही की है।

वन महोत्सव में लगाये पौधे

फतेहपुर चौरासी। स्थानीय क्षेत्र मे सोमवार को गाँव रुस्तमपुर में आयोजित वन महोत्सव में करीब 20 पौधे लगाए गये। सोमवार को गाँव रुस्तमपुर में मंदिर प्रांगण में वन विभाग के द्वारा आयोजित वन महोत्सव में पीपल, पाकड़, नीम, आदि के 20 पौधे लगाए गये। इस मौके पर ब्लॉक प्रमुख मनोज निषाद, विधायक के भाई रमाकांत कटियार, क्षेत्रीय वन अधिकारी नीरज कुमार विद्यार्थी, उप क्षेत्रीय वन अधिकारी राजीव कुमार, वन दरोगा पप्पू सिंह आदि मौजूद रहे।

सीएमओ ने किया पौधरोपण

पिपरौली, गोरखपुर। पिपरौली सीएचसी पर नये बने आयुष्मान वार्ड का सीएमओ गोरखपुर डा राजेश झा द्वारा फीता काटकर उद्घाटन किया गया इसके साथ ही उन्होंने सीएचसी परिसर में ही अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डा ए के चौधरी तथा अधिक्षक डा शिवानंद मिश्रा के साथ पौधरोपण भी किया। अधिक्षक डा शिवानंद मिश्रा ने बताया कि आयुष्मान कार्ड से प्राप्त धनराशि से तीन बेड का वातानुकूलित आयुष्मान वार्ड बनाया गया है, इसका रखरखाव व व्यवस्था आयुष्मान कार्ड से प्राप्त धनराशि से ही होगी। इसमें आयुष्मान कार्ड धारक मरिजों सहित हर प्रकार के मरिज भी भर्ती किए जाएंगे इस अवसर पर अजय श्रीवास्तव, अरूण कुमार गौतम, डा शशीभूषण, मुंशी लाल गुप्ता, डा प्रियंका शाही, राजाराम, सत्येंद्र शुक्ला सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

मनबढ़ों ने मारपीट कर तोड़ दी बाइक और कार मुकदमा दर्ज

सरहरी, गोरखपुर। चिलुआताल थाना अन्तर्गत फर्टिलाइजर चौकी क्षेत्र के हमीदपुर में रविवार को दिन के लगभग तीन बजे अपने बिवादित प्लाट को देखने गये लोगो पर मनबढ़ो ने जानलेवा हमला कर दिया परिणाम स्वरुप देखने गये दोनो लोगो को मारपीट कर घायल करने के साथ ही दोनो के बाहनो को भी छतिग्रस्त कर दिया पिड़ित के तहरीर पर चिलुआताल पुलिस बी एन एस की धारा 192 (2), 115 (2), 352, 351(3), 125, 324 (4) व 324 (5) के तहत मुकदमा कायम कर जाँच पड़ताल शुरू कर दी है। गोरखनाथ थाना क्षेत्र के साकेतपुरी निवासी संतोष कुमार पुत्र जगधारी चिलुआताल थाना क्षेत्र के हमीदपुर में एक प्लाट अनुराग उर्फ विक्की पुत्र कृष्ण सोनकर के साथ एक प्लाट आधा आधा लिया था। रविवार को दिन के तीन बजे के आस पास मैं और मेरे आधे के हिस्सेदार अनुराग हमीदपुर प्लाट पर पहुंचे तो सूरज, सूरज की पत्नी, मोहित एवं उसकी पत्नी एवं सूरज का लड़का एक राय होकर लाठी डंडा एवं पत्थर से हम लोगो को मार कर घायल कर दिये। जब मैं अपने कार से भागने की कोशीस किया तो सभी लोग मुझे कार से खीचने लगे। जिसमें मेरे कपड़ा फट गया साथ ही गले में पहनी तीन लाख कीमत की चैन टूट गयी। किसी तरह से हम दोनो लोग जानकर भागे। तो मनबढ़ो ने मेरी कार एवं अनुराग की बाइक ईट पत्थर मार कर काफी छतिग्रस्त कर दिया पुलिस मुकदमा कायम कर जाँच पड़ताल शुरू कर दी है।

जन सूचना अधिकार : आधा-अधूरा सूचना देकर कोरम पूर्ति का लगाया आरोप

- सीडीओ, डीपीआरओ तथा उपनिदेशक पंचायत से जांच कर कार्रवाई की लगाई गुहार
- सरदार नगर ब्लाक के ग्राम सभा बेलवा बाबू का है मामला

चौरीचौरा, गोरखपुर। विकास खंड सरदार नगर के ग्राम सभा बेलवा बाबू निवासी केशव पंकज पुत्र स्व0 ईश्वरी प्रसाद ने विकास खंड सरदार नगर के बीडीओ पर समयावधि के बाद भी जनसूचना अधिकार के तहत मांगी गई सूचना के तहत आधी अधूरी सूचना देने का आरोप लगाया है। तथा मुख्य विकास अधिकारी, जिला पंचायतराज अधिकारी तथा उपनिदेशक पंचायत को शिकायती प्रार्थना पत्र देकर मामले की जांच कराने व विधिक कार्रवाई की गुहार लगाई है। सरदार नगर ब्लाक के बेलवा बाबू निवासी केशव पंकज ने मुख्य विकास अधिकारी, जिला पंचायतराज अधिकारी तथा उपनिदेशक पंचायत को शिकायती प्रार्थना पत्र देकर बताया कि जन सूचना अधिकार 2005 के तहत 15 मई को खंड विकास अधिकारी सरदार नगर से अपने गांव सभा बेलवा बाबू में कराएं गये कार्यों के संबंध में सूचनाएं मांगी गई थी। समयावधि बीतने के लगभग 50 दिन बाद 3 जुलाई को पोस्ट आफिस के माध्यम से सूचनाएं भेजी गई। उन्होंने कहा कि जिस संबंध में सूचनाएं मांगी गई थी, वह न दे कर आधी अधूरी व अप्रमाणित सूचनाएं भ्रमित करने के लिए बीडीओ सरदार नगर द्वारा दी गई है। सही सूचना न मिलने पर उन्होंने गांव सभा में बहुत बड़ा सरकारी धन का दुरुपयोग तथा भ्रष्टाचार की आशंका जताई है। उन्होंने उच्च अधिकारियों को प्रार्थना पत्र देकर जांच पड़ताल करते हुए विधिक कार्रवाई करने की गुहार लगाई है।

इस संदर्भ में खंड विकास अधिकारी सरदार नगर श्यामलाल ने कहा कि मामले को दिखवा ले रहा हूं।

एक पेड़ मां के नाम वन महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन

सीतापुर। सामाजिक वानिकी वन प्रभाग, सीतापुर के लहरपुर रेंज अन्तर्गत सोमवार को वन महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस वर्ष की थीम थी-एक पेड़-माँ के नाम 2.0। सोमवार को लहरपुर रेन्ज के अन्तर्गत कृष्णपाल सिंह पी०जी० कालेज, तम्बौर में वन महोत्सव कार्यक्रम मनाया गया। मुख्य अतिथि के रूप में अध्यक्ष राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग उत्तर प्रदेश राजेश वर्मा ने वन महोत्सव कार्यक्रम में भाग लिया। उनके साथ पूर्व ब्लाक प्रमुख अनुपम वर्मा, पूर्व सभासद जय कुमार वर्मा, उप प्रभागीय वनाधिकारी, बिसवाँ, विकास कुमार यादव, क्षेत्रीय वनाधिकारी, लहरपुर अभिषेक सिंह, कालेज की प्राचार्य मल्लिका परमार, अधिशाषी अधिकारी प्रदीप कुमार गौतम, प्रभारी निरीक्षक राकेश सिंह, हरीश कुमार श्रीवास्तव, सुनील कुमार उखेवख, रविकान्त वर्मा, राजकुमार वर्मा वन दरोगा, इन्द्रबली वनरक्षक एवं अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। कालेज परिसर में विभिन्न प्रजातियों के 250 पौधों का रोपण कर सभी ने पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दर्शाया। अध्यक्ष राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग उत्तर प्रदेश राजेश वर्मा एवं उप प्रभागीय वनाधिकारी, बिसवाँ विकास कुमार यादव द्वारा वृक्षारोपण महाअभियान-2025 9 जुलाई को उपस्थित सभी व्यक्तियों को पर्यावरण के लिये पौधों के महत्व के विषय में जागरूक करते हुए एक पेड़ माँ के नाम अवश्य लगाने एवं उसकी देखभाल अपने बच्चे की तरह करने के लिये प्रेरित किया गया। अन्त में उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों को वृक्ष भण्डारा के अन्तर्गत एक-एक फलदार पौधा वितरित किया गया।

भर्ती मरीजों को अल्ट्रासाउंड कराने की पहले से नहीं दी जाती जानकारी

उन्नाव। जिला अस्पताल की ओपीडी में 1855 मरीजों ने पर्चा बनवाकर डॉक्टर को दिखाया। वहीं विभिन्न बीमारियों से पीड़ित 17 गंभीर मरीजों को इमरजेंसी में भर्ती किया गया। जिला अस्पताल की ओपीडी में मरीजों की भीड़ लाइन तोड़ने और पर्चा बनवाने की होड़ में मरीजों व तीमारदारों में धक्का-मुक्की हुई। इसके बाद ओपीडी में डॉक्टर कौशलेंद्र प्रकाश ने 224, डॉक्टर अमित तिवारी ने 187, बालरोग विशेषज्ञ डॉ अमित श्रीवास्तव और डॉ ब्रज किशोर ने मिलकर 676 बच्चों को देखा। इधर इमरजेंसी वार्ड में पेट दर्द, बुखार, सांस लेने में 17 गंभीर मरीजों को डॉक्टरों ने भर्ती किया डेंगू, और टाइफाइड, की आशंका पर बुखार के मरीजों को सैंपल लेकर जांच के लिए भेजा गया। इमरजेंसी, और वार्ड में भर्ती मरीजों को स्टाफ द्वारा खाली पेट रहने एवं पेशाब रोक कर अल्ट्रासाउंड कराने की जानकारी तक नहीं दी जाती है। और भर्ती मरीजों के पर्चे पर नाम के आगे उम्र एवं रजिस्ट्रेशन नंबर भी स्टाफ के कर्मचारी नहीं लिखते हैं। भर्ती मरीजों के साथ कर्मचारियों की लापरवाही यहां तक ही नहीं सीमित है मरीजों को जब अल्ट्रासाउंड के लिए ले जाया जाता है तो उनका कैथेटर भी नहीं बंद किया जाता है। सोनोलॉजिस्ट डॉक्टर ललित ने बताया जिसकी वजह से अल्ट्रासाउंड करने में और रिपोर्ट बनाने में दिक्कत आती है। इससे मरीजों को भी परेशानी होती है। वहीं सोमवार को ओपीडी पर्चे पर 66 और 9 भर्ती मरीजों के अल्ट्रासाउंड किए गए।

कस्बे से अमरनाथ यात्रा के लिए जत्था रवाना

सीतापुर। कमलापुर क्षेत्र से जाने वाले शिव भक्तों ने सोमवार को नहर चैराहे पर एकत्र होकर पूर्व प्रधान नवागांव संजय सिंह सहित अमरनाथ यात्रा पर जाने वाले श्रद्धालुओं का जत्था रवाना हुआ। इस दौरान नवागांव व कमलापुर नहर चैराहा पर हर हर महादेव के उद्घोष से गूंज उठा। अमरनाथ में बाबा बर्फानी के दर्शन के लिए जा रहे शिव भक्तों को निर्धन परिवार कल्याण सेवा संस्थान के प्रबंधक अभिषेक ठाकुर ने अंगवस्त्र देकर विदा किया तथा जानकारी में बताया कि नवागांव क्षेत्र के विभिन्न गांवों से अमरनाथ यात्रा पर जाने वाले भक्तों में पूर्व प्रधान नवागांव संजय सिंह, सानू सिंह, कैलाश नाथ पाण्डेय, ओमप्रकाश पाण्डेय, विनोद कुमार सिंह, गया प्रसाद, जय किशोर सिंह, हरिहरपुर, राजेश शुक्ला, हरिहरपुर, ओम प्रकाश पाण्डेय, दिवाकर, पूर्व प्रधान सरैया छोटेलाल, विमलेश कुमार सिंह, अमर सिंह, दरियापुर, अनुज त्रिपाठी चितरेहटा आदि शिव भक्तों को अंगवस्त्र भेंटकर आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर विभोर सिंह, आदर्श पाण्डेय, राहुल यादव सहित कई लोग मौजूद रहे।

डीएम ने प्रतियोगी परीक्षाओं के छात्रों से किया संवाद

मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के तहत निःशुल्क योजना के नये सत्र के शुभारंभ

बलरामपुर। मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के तहत जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में प्रतियोगी परीक्षाओं की निशुल्क कोचिंग के नए सत्र का शुभारंभ पर डीएम पवन अग्रवाल एवं मुख्य विकास अधिकारी द्वारा प्रतियोगी परीक्षाओं के छात्रों से संवाद किया गया। इस दौरान डीएम ने छात्रों के सिविल सेवा को लेकर विभिन्न सवालों के जवाब दिए। छात्रों द्वारा सिविल सेवा की तैयारी के दौरान कौन सी किताब पढ़ी जाए, कितने घंटे पढ़ा जाए, ग्रेजुएशन के दौरान सिविल सेवा की तैयारी की जाए या नहीं, सिविल सेवा में प्री मेंस एवं इंटरव्यू के लिए क्या रणनीति रखे, सीसैट को लेकर क्या रणनीति रखें आदि प्रश्न किए गए। डीएम ने सभी सवालों का जवाब दिया, उन्होंने बताया कि सिविल सेवा की तैयारी में मेंस पर फोकस किया जाए, लिखने की शैली पर विशेष ध्यान दिया जाए, प्रतिदिन न्यूज पेपर पढ़े एवं राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर घटित हो रही घटनाओं की जानकारी रखें, इंटरव्यू नॉलेज का टेस्ट नहीं होता बल्कि व्यक्तित्व का टेस्ट होता है। उन्होंने अपने सिविल सेवा परीक्षा के अनुभव छात्रों के साथ साझा किया। उन्होंने कहा कि सिविल सेवा तथा अन्य किसी भी क्षेत्र में सफलता का एक ही मंत्र है मेहनत करना, सभी दृढ़ निश्चय के साथ मेहनत करें सफलता अवश्य मिलेगी। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी द्वारा भी छात्रों को सिविल सेवा को लेकर महत्वपूर्ण टिप्स दिए गए। इस अवसर पर समाज कल्याण अधिकारी, कोर्स कोऑर्डिनेटर व अन्य संबंधित अधिकारी कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

मत्स्य समिति के सचिव पर गंभीर आरोप

एसडीएम ने दिया जांच का आदेश

जांच में दोषी पाये जाने पर होगी कठोर कार्रवाई : एसडीएम

जिला संवाददाता (vol)

बलरामपुर। शासन सरकार के उद्देश्यों को धनता बताने वाले मत्स्य जीवी सहकारी समिति लिमिटेड उतरौला के विरुद्ध गड़बड़झाले की जांच शुरू हो गई। एसडीएम उतरौला राजेंद्र बहादुर द्वारा शिकायती पत्र को गंभीरता से लेते हुए मत्स्य विभाग को एक सप्ताह में जांच पूर्ण कर अपेक्षित कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। एसडीएम उतरौला द्वारा फतेहपुर नोखन की नीलामी को अग्रिम आदेशों तक के लिए स्थगित कर दिया है। उक्त समिति के सचिव पर आरोप है के फत्ते पुर नौखान तथा राप्ती नदी को कम पैसों में नीलामी लेकर लाखों मुनाफा लेकर अन्यत्र के हाथों में बिक्री कर देता था जो शासन सरकार के मूल मंशा के विपरीत है। ज्ञातव्य हो कि प्रतिमास जुलाई के प्रथम पखवाड़े में नदियों नालों एवं बहती जलधाराओं की नीलामी मत्स्य समितियों के पक्ष में होती है इसी क्रम में उतरौला तहसील अंतर्गत फत्ते पुर व कुलवा स्थित नौखान का घाटा संख्या 195 मी 3.70 हेक्टेयर तथा पिपरा घाट से नयन सुखवा तक राप्ती नदी की नीलामी मत्स्यजीवी सहकारी समिति लिमिटेड उतरौला द्वारा अपने पक्ष में प्राप्त किया जाता रहा। उक्त समिति के सचिव पर आरोप है की नीलामी प्राप्त करने के उपरांत कई गुना मुनाफा लेकर दूसरे के हाथ बिक्री कर देता था जो शासन सरकार के मंशा के विरुद्ध है। संबंधित सचिव पर आरोप है कि वह यह कार्य दशकों से करते चले आ रहे हैं। जिसकी जानकारी विभाग के अधिकारियों को भी थी। शिकायत कर्ता द्वारा दस्तावेजों की छाया प्रति और ऑडियो वीडियो उप जिला अधिकारी उतरौला को उपलब्ध कराए गए। उक्त साक्ष के आलोक में उप जिलाधिकारी ने समिति पर लगाए गए आरोपों के जांच के आदेश दिए गए हैं। जिसकी जाँच मत्स्य विभाग के अधिकारी करेंगें। बताया जाता है कि पंजीकृत मत्स्य समिति को नदियों नालों बाटी जल धाराओं की नीलामी इसलिए दी जाती है ताकि सुमित के सदस्यों को रोजगार और आजीविका मुहैया हो सके नीलामी प्राप्त नदी नालों जलाशयों को कई गुना मुनाफे में अन्यत्र लोगों के हाथ बिक्री से शासन सरकार की उद्देश्यों का खुला उल्लंघन हुआ है।

उप जिलाधिकारी उतरौला राजेंद्र बहादुर ने कहा कि समिति के बारे में उन्हें शिकायत की पत्र मिला है शिकायती पत्र में मत्स्य जीवी सहकारी समिति लिमिटेड उतरौला के सचिव पर गंभीर आरोप है कि वह नदियों नालों नुकसान की नीलामी प्राप्त कर भारी मुनाफा लेकर अन्य लोगों को बिक्री कर देते हैं जो उचित नहीं है। उन्हें मुहैया कराए गए ऑडियो वीडियो एवं अभिलेखिए प्रपत्रों से मामला गंभीर प्रतीत होता है। शिकायती पत्र और प्रपत्रों एवं वीडियो ऑडियो के क्रम में जांच के लिए आदेश दिए गए हैं जो मत्स्य विभाग के डिप्टी डायरेक्टर दीपांशु को सभी प्रपत्र तथा ऑडियो वीडियो रिकॉर्डिंग उपलब्ध करा दिया गया है मामला गंभीर है जांच के आदेश दिए गए हैं। जांच में शिकायत की पुष्टि होने पर समिति व उसके सचिव के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी।

फतेपुर नौखान की नीलामी अग्रिम आदेशों तक स्थगित

7 जुलाई को उतरौला तहसील के सभागार में निर्धारित नीलामी को उप जिला अधिकारी के निर्देश पर अग्रिम आदेशों तक के लिए फत्ते पुर नौखान की नीलामी स्थगित कर दिया गया है। समिति के विरुद्ध शिकायती पत्र की परिपेक्ष में यह निर्णय एसडीएम उतरौला द्वारा लिया गया।

नप उरुवा से गोरखपुर तक इलेक्ट्रॉनिक बस चलवाने की मांग

उरुवां, गोरखपुर। नगर पंचायत उरुवा बाजार के ग्रामीणों ने माल्हनपार वाया खजनी होते हुए गोरखपुर मुख्यालय तक इलेक्ट्रिक बस चलाने की मांग किया है। यहां के ग्रामीण प्रवीण सिंह उर्फ बबलू, बजरंग त्रिपाठी, वेदप्रकाश सिंह, अभिमन्यु सिंह, संतोष मणि त्रिपाठी, विनय उपाध्याय, गौरव मणि त्रिपाठी, पवन कुमार सिंह, अष्टभुजा पाण्डेय, प्रशांत कुमार शर्मा, औरंगजेब अहमद, जियाउद्दीन सहित कई ग्रामीणों ने बताया कि विगत कई महीनों से यहां के जनप्रतिनिधि और अधिकारियों से इलेक्ट्रिक बस चलाने की मांग की जा रही है। लेकिन इस पर किसी के द्वारा ध्यान नहीं दिया जा रहा है। जबकि उरुवा से जिला मुख्यालय पर आने जाने के लिए एक मात्र परिवहन निगम की लोहिया बस एक चक्कर लगाती है। जिससे अधिकांश लोगों को टैंपो और जीप का सहारा लेना पड़ता है। जो आए दिन कहीं न कहीं दुर्घटना ग्रस्त होते रहते है। जबकि नगर पंचायत उरुवा के आसपास के सिकरीगंज, गजपुर, उनवल सहित कई क्षेत्रों से शासन द्वारा बस सुविधा उपलब्ध कराई गई है।

बाग में मिला युवक का शव

महोली/सीतापुर। कोतवाली क्षेत्र के हाइवे के हेमपुर ओवर ब्रिज के समीप एक बाग में युवक का शव मिला है। मौके पर पहुंचे परिजनों ने उसकी शिनाख्त महोली कोतवाली क्षेत्र के हरदासपुर निवासी हर्षित वर्मा 23 वर्ष पुत्र राजकुमार के रूप में की है। सोमवार सुबह कुछ लोग अपने खेतों में गन्ना काटने गए थे इसी दौरान ओवर ब्रिज के निकट मार्ग के किनारे एक बाइक खड़ी देख रुक गए। पड़ोस में ही परवन की बाग में कीचड़ से सना हुआ एक शव पड़ा देख ग्रामीणों ने 112 पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव मिलने की सूचना उच्चाधिकारियों को दी है। परिजनों के मुताबिक मनीष की शादी दो साल पहले पचपोखरा गांव की रीतू वर्मा के साथ हुई थी। उसके एक बच्ची भी है जिसकी मूल शांति हवन पाठ का कार्यक्रम सोमवार को होना था। इसी बीच शव मिलने से परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। पिता राजकुमार के मुताबिक रविवार दोपहर बाद मनीष घर से दवा लाने की बात कह कर निकाला था। मोबाइल घर पर ही था देर शाम तक वापस न आने पर कयास लगाया जा रहा था कि ससुराल में रुक गया होगा। मौके पर पहुंचे क्षेत्राधिकारी दीपक कुमार सिंह व इंस्पेक्टर दिलीप कुमार चैबे ने जांच पड़ताल कर शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेजा है। फॉरेंसिक टीम ने भी साक्ष्य संकलित किया है। इंस्पेक्टर दिलीप कुमार चैबे ने बताया कि शव को पीएम के लिए भेजा गया है। कहीं पर भी चोट के निशान नहीं मिले हैं। पीएम रिपोर्ट के बाद आवश्यक कार्रवाई की जाएगी

महिला जन सुनवाई कार्यक्रम का आयोजन कल

सीतापुर। जिला प्रोबेशन अधिकारी श्रीमती प्रिया पटेल ने अवगत कराया कि उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग द्वारा प्रदेश में महिला उत्पीड़न की रोकथाम एवं पीड़ित महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाए जाने तथा आवेदक आवेदकों की सुगमता की दृष्टिगत प्रदेश के विभिन्न जनपदों यथा सीतापुर, में जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में महिला उत्पीड़न की घटनाओं की समीक्षा महिला जनसुनवाई निरीक्षण का कार्यक्रम चलाया जा रहा है। उक्त के क्रम में उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग द्वारा जनपद सीतापुर में महिला उत्पीड़न की समस्याओं के निराकरण हेतु नामित सदस्य राज्य महिला आयोग उत्तर प्रदेश सुजीता कुमारी की अध्यक्षता में 9 जुलाई को पूर्वान्ह 10.00 बजे सदर तहसील सभागार सीतापुर में महिला जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। उसके पश्चात महिलाओं सम्बन्धी विभिन्न योजनाओं के संबंध में विभिन्न विभागों के साथ जागरूकता चौपाल का आयोजन मिश्रिख विकासखंड में किया जाएगा।

तीन हिस्ट्रीशीटर गिरफ्तार

इटावा। पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए तीन कुख्यात हिस्ट्रीशीटर भाइयों को गिरफ्तार किया है। तीनों के पास से भारी मात्रा में अवैध असलहा और कारतूस बरामद किए गए हैं। इनकी गिरफ्तारी से जिले में संभावित बड़ी वारदात को टाल दिया गया है। एसएसपी बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि इकदिल और फ्रेंड्स कॉलोनी पुलिस को मुखबिर के जरिए सूचना मिली कि ग्राम कछपुरा स्थित एक मकान में भारी मात्रा में असलहा छुपा कर रखा गया है। इस सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए दोनों थानों की संयुक्त टीम ने छापेमारी की और मौके से तीनों भाइयों को गिरफ्तार किया। इसमें शिवम कुशवाहा, विकास कुशवाहा, विशाल कुशवाहा पुत्र संजय कुमार, निवासी ग्राम कछपुरा इकदिल हैं। इनके घर से 2 अधिया, 2 तमंचे, 13 जिंदा कारतूस, 2 खोखा कारतूस बरामद, तीनों आरोपी वर्ष 2022 में एक हत्या के मामले में जेल जा चुके हैं और हाल ही में जमानत पर रिहा हुए थे। पुलिस को संदेह है कि वे एक बार फिर किसी बड़ी आपराधिक साजिश की तैयारी में थे। सप्लाई चेन तलाशी जा रही एसएसपी बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने प्रेस वार्ता में बताया कि आरोपियों की गतिविधियों पर पहले से नजर थी। मुखबिर की सूचना पर की गई छापेमारी में भारी मात्रा में असलहा बरामद हुआ है। पूछताछ में पता चला है कि कारतूस मध्य प्रदेश के भिंड जिले से लाए गए थे। पुलिस अब सप्लाई चेन तक पहुंचने की कोशिश में जुटी है। हथियार तलाश करने वालों की तलाश एसएसपी के अनुसार, इन आरोपियों की जमानत निरस्त कराने की प्रक्रिया शुरू की जा रही है। इसके साथ ही अवैध हथियारों की सप्लाई करने वालों की भी तलाश की जा रही है। जल्द ही और गिरफ्तारियां होने की संभावना जताई जा रही है। इस कार्रवाई में थाना इकदिल निरीक्षक विक्रम सिंह, थाना फ्रेंड्स कॉलोनी प्रभारी अमित मिश्रा और उनकी टीम ने गिरफ्तारी की है।

फांसी पर लटका मिला अधेड़ किसान का शव

भरथना, इटावा। भरथना कोतवाली क्षेत्र के ग्राम नगरिया यादवान में सोमवार की सुबह ग्रामीणों में उस समय सनसनी फैल गई जब गांव निवासी अधेड़ किसान मनोज यादव 50 वर्ष पुत्र स्व.मकरंद सिंह यादव का शव गांव के निकट श्मशान घाट की भूमि के पास एक पेड़ पर संदिग्ध अवस्था में लटका देखा गया, शव के पैर जमीन पर रखे हुए थे। प्रत्यक्षदर्शियों की मानें तो शव से कुछ दूरी पर एक खेत में मृतक मनोज का लोअर पड़ा हुआ था, बल्कि खेत की मिट्टी दर्शा रही थी कि मनोज के साथ पहले कुछ लोगों से जमकर हुड़दंग-हुद्दी, मारपीट आदि कुश्ती हुई, जिसके बाद उक्त घटना घटित हुई है। उक्त सनसनीखेज घटना घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने फॉरेंसिक और फिंगर एक्सपर्ट टीम बुलाकर घटना स्थल का बारीकी से निरीक्षण किया और आवश्यक सुबूत एकत्रित कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मृतक किसान तीन भाइयों में अविवाहित होने के साथ दूसरे नम्बर का था, जबकि उसका विवाहित बड़ा भाई कन्हैया यादव और विवाहित छोटा भाई झब्बू यादव दिल्ली रहकर अपना निजी कार्य करते हैं, मृतक मनोज खेती किसानी करता था। मृतक किसान के माता पिता का पहले ही निधन हो चुका था।

अधिक्षण, अधिशाषी अभियंता ने रामायणी सोलर एजेंसी का शुभारंभ किया



इटावा। विद्युत अधिक्षण अभियंता मनोज गौड़ व अधिशासी अभियंता हनुमान प्रसाद ने हर घर सोलर योजना के तहत रामायणी सोलर एजेंसी ओशिका एंटरप्राइजेज का फीता काटकर शुभारंभ किया। दिनों दिन बढ़ती बिजली की कीमतों से राहत पाने का सिर्फ एक ही साधन है सोलर। अधिक्षण अभियंता मनोज गौड़ व अधिशासी अभियंता हनुमान प्रसाद ने बताया कि सरकार ऊर्जा के वैकल्पिक श्रोत बढ़ाने पर विशेष ध्यान दे रही है इसी कड़ी में सोलर पावर प्लांट लगाने पर सब्सिडी भी उपलब्ध करा रही है। इसके तहत सरकार प्रधानमंत्री हर घर सूर्य योजना संचालित कर रही है जिसमें सोलर प्लांट लगाने पर प्रोत्साहन राशि भी प्रदान कर रही है। इसमें सोलर प्लांट लगाने पर केंद्र सरकार 78 हजार रुपए, और राज्य सरकार 30 हजार रुपए की सब्सिडी उपलब्ध करा रही है। उन्होंने बताया कि महंगे बिजली के बिल से राहत पाने के लिए, आज के समय में सभी को सोलर लगवाना चाहिए। इससे पर्यावरण को भी लाभ होता है। ऑन ग्रिड सोलर लगवाने पर आप बिजली के बिल से छुटकारा तो पा ही सकते है और बची हुई बिजली सरकार को बेंच कर लाभ भी अर्जित कर सकते है। रामायणी सोलर एजेंसी के प्रोपराइटर नीलकमल ने सभी आए मानभावों का आभार व्यक्त किया। उद्घाटन के मौके पर पत्रकार सहित राजनीति दलों के नेताओं ने भी भाग लिया। पत्रकारों में गौरव डुडेजा, वीरेश मिश्रा, इंस्पेक्टर रामनाथ यादव, आलोक दीक्षित, अमित तिवारी, उद्घाटन के मौके पर पत्रकार सहित राजनीति दलों के नेताओं ने भी भाग लिया। पत्रकारों में गौरव डुडेजा, वीरेश मिश्रा, अमित तिवारी, उवेश चैधरी, गुड्डू तिवारी, इंस्पेक्टर रामनाथ यादव, आलोक दीक्षित सहित कांग्रेस अध्यक्ष आशुतोष दीक्षित, सपा नेता उदयभान सिंह, स्कूल प्रबंधक कैलाश यादव सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

संक्षेप

महिला जन सुनवाई सर्किट हाउस में 9 को

बांदा। उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य 9 जुलाई को 11 बजे सर्किट हाउस में महिला जनसुनवाई करेंगी। महिला आयोग की सदस्य अर्चना महिला उत्पीड़न की रोकथाम और पीड़ित महिलाओं की समस्याओं को सुनकर उन्हें न्याय दिलाएंगी। जिला प्रोवेशन अधिकारी ने हिंसा से पीड़ित ऐसी महिलाएं जिन्हें न्याय नहीं मिल पा था अथवा अन्य किसी तरह की समस्या का निस्तारण नहीं हो रहाए वह 9 जुलाई को 11 बजे सर्किट हाउस पहुंचकर अपनी समस्या का प्रार्थना पत्र महिला आयोग की सदस्य अर्चना पटेल को दे सकती हैं। उन्होंने उत्पीड़ित महिलाओं से अपील की है कि वह महिला जन सुनवाई मे पहुंचकर समस्या का समाधान कराएं।

ग्रीन गोल्ड सर्टिफिकेट किया वितरण

ललितपुर। वन महोत्सव के छठवें दिन विकासखण्ड बिरधा के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बिरधा में 06 नवजात शिशुओं के माता-पिता को ग्रीन गोल्ड सर्टिफिकेट का वितरण क्षेत्रीय वन अधिकारी गौना रेंज सुवाषचन्द्र वर्मा एवं चिकित्साधिकारी डा. राजकुमार द्वारा सहजन, आंवला का एक-एक पौधा दिया। पौधों को नवजात शिशुओं के माता-पिता के द्वारा लगाया जायेगा एवं उनकी देखरेख सुरक्षा की जायेगी। ग्रीन गोल्ड सर्टिफिकेट का वितरण 01 से 07 जुलाई के मध्य जन्मे नवजात शिशुओं के माता-पिता को चिकित्सा विभाग एवं वन विभाग द्वारा संयुक्त रूप किया जा रहा है। इस कार्यक्रम का उददेश्य जनमानस में पौध रोपण तथा उनकी बच्चे की तरह देखभाल करने की जागरूकता उत्पन्न करना है।

टेंपो चालक से मारपीट

आगरा। रामबाग चौराहे पर टेंपो चालक से मारपीट की गई। ठेकेदार के कर्मचारियों ने लाठी.डंडों से हमला बोला। इससे चौराहे पर अफ़रातफ़री की स्थिति बन गई। आगरा में रामबाग पर टेंपो खड़ा करने पर चालकों का ठेकेदार के कर्मचारियों से विवाद हो गया। आरोप है कि कर्मचारियों ने टेंपो के दो चालकों को लाठी.डंडे से जमकर पीटा। लोगों के जुटने पर भाग गए। पुलिस ने केस दर्ज कर 3 को पकड़ लिया। अन्य की तलाश की जा रही है। गांव अगवारए एत्मादपुर निवासी अमित ने मुकदमा दर्ज कराया है। उन्होंने पुलिस को बताया कि वह 6 जुलाई को सुबह 10रू30 बजे रामबाग चौराहे पर टेंपो लेकर आए थे। अपने साथी नरेश के साथ अपने टेंपो में टूंडला और फिरोजाबाद की सवारी बैठा रहे थे।

तभी ठेकेदार का कर्मचारी लकी उर्फ तेजवीरए सोनू पंडितए करणए दुष्यंत और सत्येंद्र पंडित आ गए। वह गाली देने लगे। इस दौरान टेंपो को हटाने का दबाव बनाया। उन्होंने सभी से कहा कि वह सवारी भरने के बाद चले जाएंगे। मगरए वो नहीं माने। विरोध पर लाठी.डंडे से हमला बोल दिया। लोगों के जुटने पर जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। आरोपी निर्धारित शुल्क से अधिक की वसूली करते हैं। विरोध पर मारपीट करते हैं। एसीपी छत्ता ने बताया कि दुष्यंतए तेजवीर और करन को हिरासत में ले लिया गया है।

तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार को मारी टक्कर, घायल

आगरा। थाना मलपुरा क्षेत्र में न्यू दक्षिणी बाइपास स्थित मनकेड़ा पुल पर रविवार को दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार दो लोगों को टक्कर मार दी और हादसे के बाद उनमें से एक को काफी दूर तक घसीटता हुआ ले गया।

गंभीर रूप से घायल हीरा सिंह के दोनों पैर शरीर से अलग हो गए। दोनों घायलों की हालत गंभीर बनी हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार कबूलपुर निवासी सरनाम सिंह व हीरा सिंह रविवार को किसी कार्य से किरावली गए थे। लौटते समय जब वे न्यू साउथ बाइपास पर स्थित मनकेड़ा पुल से गुजर रहे थेए उसी दौरान मथुरा की ओर से आ रहे तेज रफ्तार अज्ञात ट्रक ने बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर के बाद हीरा सिंह ट्रक की चपेट में आ गए और ट्रक उन्हें करीब 100 मीटर तक घसीटता ले गया। सड़क पर घसीटते वक्त उनके दोनों पैर धड़ से अलग हो गए।

सरनाम सिंह भी इस हादसे में बुरी तरह घायल हो गए। सूचना मिलते ही थाना मलपुरा पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को एसएन मेडिकल कॉलेज भिजवाया गया। पुलिस ने ट्रक चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। घटनास्थल से क्षतिग्रस्त बाइक और अन्य सामान पुलिस ने जब्त कर लिया है। स्थानीय लोगों में इस भीषण हादसे को लेकर आक्रोश है।

निर्धन परिवारों का होगा आर्थिक सत्यापन

जिला संवाददाता

ललितपुर। कलैक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी की अध्यक्षता में विशेष नामांकन अभियान के अन्तर्गत की गयी बैठक में दिये गये निदेशों के अनुपालन की समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। बैठक में जिलाधिकारी ने विगत सत्र 2024-25 में कक्षा 8 उत्तीर्ण सभी विद्यार्थियों का कक्षा 9 में प्रवेश सुनिश्चित कराने, विगत

> ● बच्चों को न्यूनतम शुल्क पर निकट के स्कूल में मिलेगा एडमिशनः डीएम

03 वर्ष में किसी भी कक्षा को उत्तीर्ण करने के बाद पढ़ाई छोड ? वाली 12 से 18 वर्ष की बालिकाओं का संगत कक्षा में प्रवेश सुनिश्चित कराने तथा कक्षा 01, 06 व 09 में प्रवेश लेने वाली बालिकाओं को कन्या सुमंगला योजनान्तर्गत शत-प्रतिशत लाभ दिलाये जाने, अनुसूचित जन जाति की बालिकाओं को समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित योजनाओं का शत-प्रतिशत लाभ दिलाये जाने के हेतु निर्देश दिए।

डीआईओएस द्वारा वर्तमान सत्र में कक्षा-9 में प्रवेश लेने वाले एवं विगत वर्ष में कक्षा 8 में पढ ? वाले बच्चों का विकास खण्ड वार डाटा जिलाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत किया गया तथा समस्त नोडल अधिकारियों ने अपने-अपने विकासखण्ड के 02-02 ग्रामों के कक्षा-8 उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं तथा विगत वर्षों में किसी भी कक्षा को उत्तीर्ण करने के उपरान्त पढ़ाई छोड ? वाली बालिकाओं के अब तक प्रवेश नहीं लेने सम्बन्धी आख्या प्रारूप पर प्रस्तुत की गयी। डीएम ने सभी बीईओ व सीडीपीओ से ब्लाक वार 02-02 ग्रामों की प्रस्तुत प्रवेश लेने वाले एवं प्रवेश नहीं लेने वाले छात्र-छात्राओं के सम्बन्ध में समीक्षा की गयी। ब्लाक स्तरीय अधिकारियों ने जिलाधिकारी को समीक्षा के दौरान संज्ञानित कराया गया कि अधिकतर छात्र-छात्राओं के परिजनों ने आर्थिक स्थिति ठीक नहीं होने के कारण प्रवेश नहीं लेने के सम्बन्ध में अवगत कराया गया। डीएम ने निर्देशित किया कि उक्त स्थिति संगत प्रतीत नहीं होती है ऐसे परिवारों का आर्थिक सत्यापन सम्बन्धित विकासखण्ड के खण्ड विकास अधिकारियों के माध्यम से कराकर शासन द्वारा संचालित योजना का लाभ दिलाया जाये एवं उनकी आर्थिक कठिनाईयों का यथोचित समाधान कराया जाये। यदि आर्थिक स्थिति ठीक नहीं होने के दृष्टिगत छात्र-छात्राओं द्वारा प्रवेश नहीं लिया जा रहा है तो डीआईओएस निकटतम विद्यालय के प्रधानाचार्य से वार्ता कर न्यूनतम शुल्क पर ऐसे छात्र-छात्राओं का प्रवेश कराना सुनिश्चित करें। डीएम ने यह भी निर्देशित किया गया कि जिन बच्चों के आधार कार्ड, जन्म प्रमाण-पत्र, आय प्रमाण-पत्र नहीं बने हैं अथवा उपरोक्त प्रमाण-पत्रों में संशोधन होना अपेक्षित हो कि ग्रामवार, विद्यालयवार सूची बनाकर खण्ड शिक्षा अधिकारी के द्वारा सम्बन्धित तहसील के उप जिलाधिकारी को उपलब्ध करायी जाये तथा समन्वय करके उनके उपरोक्त प्रमाण-पत्र वरीयता पर बनवाये जायेगे। खण्ड शिक्षा अधिकारियों ने अवगत कराया कि कुछ बच्चों के मानसिक रूप से कमजोर होने के कारण उनके माता-पिता उन्हें प्रवेश दिलाने के लिए तैयार नहीं है जिसके सम्बन्ध में जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि ऐसे बच्चों की ग्रामवार सूची तैयार कर आगामी बैठक में प्रस्तुत की जाये जिससे उनके स्वास्थ्य परीक्षण के सम्बन्ध में सीएमओ से वार्ता कर छात्र-छात्राओं के चिकित्सीय परीक्षण के सम्बन्ध में कार्ययोजना बनाकर अग्रेत्तर कार्यवाही सुनिश्चित की जा सकें। डीएम ने बीएसए को निर्देशित किया गया कि मानसिक रूप से कमजोर बच्चों हेतु समग्र शिक्षा के अन्तर्गत शिक्षा की व्यवस्था के प्राविधान हेतु ललितपुर में विशेष कैम्प संचालन हेतु महानिदेशक, स्कूल शिक्षा लखनऊ को पत्रालेख प्रस्तुत करें। आगामी बैठक में कक्षा-8 उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं के प्रवेश सम्बन्धी सूचना को यू-डायस डाटा के अनुसार ही ब्लाकवार संकलित कर प्रस्तुत की जाये। बीएसए को यू-डायस के अनुसार ब्लाकवार डाटाशीट बैठक से 02 दिन पूर्व डीआईओएस को उपलब्ध करायेगें जिससे सूचना को डीआईओएस द्वारा आगामी बैठक में प्रस्तुत किया जा सकें। विशेष नामांकन की बैठक में बीईओ नगर क्षेत्र नीतू द्वारा लक्ष्य शिक्षक गुणवत्ता संप्राप्ति प्रोजेक्ट का प्रदर्शन किया गया, जिसमें स्कूलों में शैक्षिक गुणवत्ता को सुधारने में किए गये प्रयासों को बताया गया। इसके अंतर्गत सीएसआर फण्ड से विद्यालय में फर्नीचर टॉयलेट एवं लाइब्रेरी की स्थापना एवं कार्यशालाओं का आयोजन किया गया। प्रोजेक्ट के अंतर्गत एक लक्ष्य नामक पत्र भी इतब से निकाला गया जिसमें अध्यापकों द्वारा शिक्षक के संबंध में किया जा रहे विशेष कार्य नवाचार एवं बच्चों की पेन्टिंग, कविता, सुलेख आदि प्रकाशित की जाती थी, लक्ष्य प्रोजेक्ट के संचालन से विकास खंड में एक स्वस्थ प्रतिस्पर्धा एवं शैक्षिक गुणवत्ता की दिशा में उल्लेखनीय सुधार हुआ। बैठक में डीडीओ अतिरंजन सिंह, बीएसए, कृषि अधिकारी, डीएसओ, प्रोबेशन अधिकारी, प्रभारी डीपीओ, माध्यमिक शिक्षा विभाग के नामित ब्लाक स्तरीय अधिकारी, समस्त विकासखण्ड के खण्ड शिक्षा अधिकारी एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी सहित जिला समन्वयक (प्रशिक्षण), जिला समन्वयक (सामुदायिक सहभागिता) उपस्थित रहे।

संदिग्ध परिस्थिति में किसान की मौत

आगरा। आगरा में संदिग्ध स्थिति में किसान की मौत हो गई। शरीर पर चोट के निशान और गले में फंदा पड़ा था। मामले में पुलिस ने पत्नी को हिरासत में लिया है। उससे पूछताछ की जा रही है। फतेहपुर सीकरी के गांव दुल्हारा में किसान सुरेश ;45द्ध की शनिवार रात संदिग्ध हालात में मौत हो गई। सुबह पत्नी प्रीति ने पड़ोसियों को जानकारी दी। मृतक के शरीर पर चोट के निशान थे। गले में फंदा पड़ा हुआ था। पुलिस ने पत्नी को हिरासत में लेकर हत्या का केस दर्ज किया है। हत्या के पीछे खेत अपने नाम करने का विवाद सामने आया है। गांव दुल्हारा निवासी किसान सुरेश चार भाई थे। सभी गांव में अलग.अलग मकान बनाकर रहते हैं। सुरेश खेती के साथ मजदूरी भी करते थे। परिवार के लोगों ने बताया कि 10 साल पहले सुरेश की पहली पत्नी घर छोड़कर चली गई थी। 8 साल पहले कागारौल के दिगरौता निवासी प्रीति से दूसरी शादी कर ली। प्रीति का भी पहले पति से विवाद हो गया था। सुरेश का 6 साल का बेटा कुलदीप है। परिजन ने पुलिस को बताया कि अक्सर सुरेश और प्रीति का विवाद होता था। पूर्व में प्रीति ने अपना नाम परिवार रजिस्टर में दर्ज कराया था। इसके बाद खेत भी अपने नाम करने के लिए दबाव बना रही थी। इस कारण अक्सर घर छोड़कर चली जाती थी। जब भी वापस आती थीए वह झगड़ा करने लगती थी। शनिवार रात को ही अकेले घर आई थी। इसके बाद दोनों में वाद विवाद हुआ। रविवार को प्रीति घर से निकली। पड़ोसियों को बताया कि पति कुछ बोल नहीं रहे हैं। इसके बाद एक महिला घर में गई तो सुरेश फर्श पर पड़े थे। उनके गले में साड़ी का फंदा पड़ा था। सूचना पर थाने की पुलिस पहुंची।

भाजपा ने पीड़ित परिवार को दिया मदद का भरोसा

बाँदा। नरैनी कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पुंगरी में दो दिन पूर्व हुई वृद्ध की हत्या को भारतीय जनता पार्टी ने गंभीरता से लिया है स सोमवार को भाजपा जिलाध्यक्ष कल्लू सिंह राजपूत के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मण्डल ने मृतक के घर जाकर शोकाकुल परिवार से भेंट की स पीड़ित परिवार ने जिलाध्यक्ष को बताया कि 4 जुलाई को दोपहर मुन्नीलाल खेगर पुत्र स्व रामसनेही 70 वर्ष अपने पशुबाडे में बैठा था तभी गाँव का लवकुश यादव शराब के नशे में आया और गली गलौज करने लगाए जिसका मुन्नी लाल ने विरोध किया। इस पर लवकुश ने लाठी से मारकर घायल कर दिया जिससे कुछ समय बाद उसकी मौत हो गई स भाजपा प्रतिनिधि मण्डल ने पीड़ित परिवार को दोषी के खिलाफ कठोर से कठोर कार्यवाही कराने और प्रशासन से सुरक्षा मुहैया कराने एवं हर संभव मदद का आश्वासन दिया स प्रतिनिधि मण्डल में देशराज सिंहए सदर विधायक प्रतिनिधि शैलेन्द्र सिंह शैलू ए कृष्णा खंगारए डा देवेंद्र सिंह भदौरियाए हरिश्चन्द्र सोनकरए दिलीप राजपूतए यशवंत खंगारए सौरभ शर्माए नारायण त्रिवेदीए बलवंत खंगारए लालाराम खंगारए लखन सिंह राजपूत शामिल रहे।

जिला चिकित्सालय में डॉक्टर न होने से अल्ट्रासाउंड ठप

बांदा। जिला चिकित्सालय में अल्ट्रासाउंड न होने से मरीजों को समस्या का सामना करना पड़ रहा है। सोमवार को अल्ट्रासाउंड कराने पहुँचे मरीजों ने अल्ट्रासाउंड कक्ष में ताला बंद देखकर मायूस हो गए। मजबूर होकर उन्हें प्राइवेट अल्ट्रासाउंड कराने के लिए 6 से 700 रुपये खर्च करने पड़े। जिला अस्पताल में अल्ट्रासाउंड लगा है लेकिन डॉक्टर न होने के कारण वहाँ ताला लगा हुआ है। मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ एसडी त्रिपाठी ने बताया कि डॉक्टर की तैनाती को लेकर शासन को पत्र भेजा गया है। मरीज सलमानए रामप्रसाद व रामरती ने बताया कि डॉक्टर ने अल्ट्रासाउंड के लिए लिखा है लेकिन वहां पहुंचने पर ताला लटक रहा है। बताते चलें कि एक ओर प्रदेश सरकार मरीजों की सुविधा के लिए करोंड़ो रुपये खर्च कर डॉक्टरए दवाएं व जांच की व्यवस्था कर रही है। लेकिन हालात यह हैं कि अल्ट्रासाउंड व अन्य मशीने लगी होने के बावजूद इन्हे ऑपरेट करने वाले डॉक्टर और टेक्नीशियन ही नही हैं। लाचार मरीज प्राइवेट संस्थानों में अल्ट्रासाउंड कराने को मजबूर हैं।

लक्ष्मीबाई केलकर का जन्म दिवस संकल्प दिवस के रूप में मनाया

ललितपुर। राष्ट्रीय सेविका समिति द्वारा लक्ष्मीबाई केलकर का जन्म दिवस संकल्प दिवस के रूप में मनाया गया। मुख्य अतिथि जीजीआईसी प्रधानाचार्या अंजना वर्मा, आरएसएस के जिला प्रचारक वीर जी द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित किया गया। मुख्य वक्ता ने भारतीय संस्कृति, मातृशक्ति का समाज में योगदान, पंचतत्व, भगवान ध्वजा का महत्व बताया। जिला कार्यवाह आरएसएस आशीष चैबे, मातृ शक्ति रूचिका बुन्देला, सुनीता पंथ, मनविन्दर कौर, बजरंग दल जिलाध्यक्ष प्रतिभा, जिला सम्पर्क प्रमुख अर्चना जायसवाल, नगर सम्पर्क प्रमुख लक्ष्मी, व्यवस्था प्रमुख सृष्टि मौजूद रहीं। संचालन जिला शारीरिक प्रमुख श्रेया ने व आभार जिला कार्यवाहिका राधिका ने व्यक्त किया।

एसपी ने गूगल मीट से अपराध और कानून व्यवस्था की बैठक की

ललितपुर। पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक ने गूगल मीट के माध्यम से जनपद के समस्त राजपत्रित अधिकारियों, थाना, शाखा प्रभारियों के साथ अपराध एवं कानून-व्यवस्था व आगामी त्यौहार के सम्बन्ध में जूम मीटिंग कर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। समस्त क्षेत्राधिकारियों व थाना प्रभारियों को निर्देशित किया कि सावन माह के

> ● सावन मास व कांवड़ यात्रा में तैनात होगा पर्याप्त पुलिस बलपुलिस अधिकारियों को दिये निर्देश

दृष्टिगत अपने-अपने क्षेत्रों के सम्भ्रान्त व्यक्तियों एवं धर्मगुरुओं से संवाद स्थापित कर, पीस कमेटी की मीटिंग आयोजित कर शासन के आदेशों-निदेर्शों का अक्षरशरू अनुपालन सुनिश्चित कराने हेतु निर्देशित किया। सावन माह के दौरान कांवड यात्रा के दृष्टिगत तथा मन्दिरों/शिवालयों में पर्याप्त पुलिस बल लगाकर त्योहार को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु दिशा-निर्देश दिये।

लूट, डकैती, नकबजनी, चोरी, झपटमारी के अपराधों से सम्बन्धित, विशेष अभियान चलाकर अपराधियों का सत्यापन करने व घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाने हेतु नियमानुसार आवश्यक विधिक कार्यवाही कराने तथा रात्रि में प्रभावी रूप से चेकिंग/गस्त करने हेतु निर्देशित किया। जिले में कानून-व्यवस्था को सुदृढ बनाने के उद्देश्य से प्रत्येक थाना क्षेत्र में शराब के ठेकों, ढाबों, हाईवे पर अधिक से अधिक संख्या में गुणवत्तापूर्ण सीसीटीवी कैमरे लगवाने तथा उनकी चैकिंग करने हेतु निर्देशित किया। समस्त थाना/चैकी प्रभारियों को 07 दिवसीय अभियान चलाकर किरायेदारों का सत्यापन करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। आईजीआरएस पोर्टल/जनसुनवाई पर प्राप्त शिकायतो की प्रतिदिन समीक्षा कर, उनका उचित, समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराकर आवेदक की समस्या का शत-प्रतिशत निराकरण करने व शिकायतकर्ता से शत -प्रतिशत फीड बैक लेना सुनिश्चित करें। आगामी पंचायती चुनाव के दृष्टिगत समस्त सीओ व थाना प्रभारी अपने- अपने थाना क्षेत्रों में जनचैपालों का आयोजन कर आसामाजिक प्रवृत्ति के लोगों को चिन्हित कर उनके विरूद्ध आवश्यक निरोधात्मक कार्यवाही करने के लिए निर्देश दिये।

डीएम ने अधिकारियों को दिए पौधरोपण के निर्देश

जिला संवाददाता

बांदा। बृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम 9 जुलाई को आयोजित किये जाने के लिए बैठक हुई। जिलाधिकारी ने सभी सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि एक पेड़ माँ के नाम की थीम पर वृक्षारोपण किया जाए और सम्बन्धित विभाग अपने लक्ष्य के अनुसार वृक्षारोपण करें तथा पौध वन विभाग से इन्डेन्ट भरकर प्राप्त कर लें। उन्होंने कहा कि एक ही प्रजाति के पौध सड़क किनारे लगाये जायें। नदियों के किनारे कैचमेन्ट जल क्षेत्र में ही वृक्षारोपण किया जाए तथा तालाबों के किनारे भी वृक्षारोपण किया जाए। बृहद वृक्षारोपण का कार्यक्रम दुरेड़ी में आयोजित किया जायेगा। वृक्षारोपण के अन्तर्गत जिला वनाधिकारी ने बताया कि आठ वन क्षेत्र की भी स्थापना भी वृक्षारोपण कर किया जायेगा। इसके साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना एवं मुख्यमंत्री आवास योजना एवं जीरो पावर्टी वाले लाभार्थियों को दो.दो सहजन के वृक्ष वृक्षारोपण हेतु उपलब्ध कराये जायेंगे। इसके साथ ही समूह की महिलाओं को भी वृक्षारोपण हेतु वृक्ष उपलब्ध कराये जायेंगे। उन्होंने निर्देशित किया कि सभी अधिकारी वृक्षारोपण हेतु वृक्षों की प्राप्ति समय से कर लेंए इस कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही न करें। जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि सभी सम्बन्धित अधिकारी वृक्षारोपण के उपरान्त फोटोग्राफ सहित मेरी लाइफ पोर्टल पर सूचना अपलोड करेंगे। उन्होंने निर्देश दिये कि प्रत्येक अधिकारीए कर्मचारी एक.एक वृक्ष का रोपण करते हुए फोटो भेजें। उन्होंने निर्देश दिये कि सम्बन्धित नोडल अधिकारी वृक्षों को जीवित रखने हेतु आवश्यक व्यवस्थायें भी सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देश दिये कि नगरीय क्षेत्र में वृक्षारोपण की सूचना डीएसटीओ को उपलब्ध करायें तथा ग्रामीण स्तर पर वृक्षारोपण की सूचना खण्ड विकास अधिकारी को भेजे। जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि खण्ड विकास कार्यालयों में पर्याप्त संख्या में वृक्षारोपण हेतु भूमि उपलब्ध हैए वहां पर भी अन्य स्थानों की तरह वृक्षारोपण किया जाए। उन्होंने बीडीओ को निर्देश दिये कि वृक्षारोपण हेतु जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित करते हुए उनके द्वारा भी वृक्षारोपण कार्यक्रम का शुभारम्भ कराकर वृक्षारोपण किया जाए। खण्ड विकास अधिकारी द्वारा वृक्षारोपण की सूचना डीएसटीओ को भेजी जायेगी। उन्होंने वृक्षारोपण को इलेक्सन मोड में कराये जाने हेतु जोनल व सेक्टर को बनाते हुए अधिकारियों की ड्यूटी लगायी गयी है। प्रभागीय वनाधिकारी ने बताया कि वृक्षारोपण हेतु पर्याप्त 69 लाख पौध वन विभाग की विभिन्न नर्सरियों पर उपलब्ध है। उन्होंने बताया कि वृक्षारोपण के अन्तर्गत आठ वन क्रमशः सौर्य वनए गोपाल वनए त्रिवेणी वनए अटल वनए ऑक्सी वन आदि वन क्षेत्र भी वृक्षारोपण कर तैयार किये जायेंगे। बैठक में अपर जिलाधिकरी राजेश कुमारए प्रभागीय वनाधिकारी अरबिन्द कुमारए परियोजना निदेशक डीआरडीए व अन्य जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

सड़क किनारे मांस के होटल कांवड़ यात्रा के दौरान पूर्ण रूप से बंद रहेंगेः थाना प्रभारी

नगीना, बिजनौर। कांवड़ यात्रा को सकुशल संपन्न करने को लेकर पुलिस प्रशासन बेहद गंभीर है, किसी तरह की कोई चूक न हो जाएं, इसके लिए पुलिस प्रशासन की ओर से पुख्ता इंतेजामात है। थाना प्रभारी तेजपाल सिंह ने नगर के मांस बिक्री होटल स्वामियों के साथ आवश्यक बैठक कर सरकार की गाइडलाइन का पालन कराने के दिशा निर्देश दिये। नगीना थाना परिसर में बीती शाम थाना प्रभारी तेजपाल सिंह ने नगर के सभी मांस होटल स्वामियों की बैठक लेते हुए शासन की गाइडलाइन का कड़ाई से पालन करने की हिदायत दी। थाना प्रभारी तेजपाल सिंह ने कहा कि कांवड़ यात्रा के मार्ग पर पढ़ने वाले सभी मांस के होटल पूर्ण रुप से बंद रहेंगे। साथ ही साथ होटल के बाहर लगे मांस के चित्र के होडिंगो को भी ढके जायेंगे। उन्होंने कहां की सरकार की गाइडलाइन का होटल स्वामियों को पालन करना अनिवार्य होंगा। किसी भी तरह की लापरवाही सामने आने पर सख्त कार्रवाई की जाएंगी। आयोजित बैठक में उपस्थित सभी होटल स्वामियों ने थाना प्रभारी तेजपाल सिंह को सरकार की गाइडलाइन का पालन करने का भरोसा दिया। इस मौके पर रॉयल चिकन कॉर्नर के स्वामी शहजाद अहमद रॉयल, सेवन लद्दाख के स्वामी कलीम अहमद, अल गाजी होटल के स्वामी हाजी नसीम अहमद, हाजी सलीम अहमद, होटल गनी के स्वामी अफजाल अहमद, अलीम सलमानी पत्रकार, निसार अहमद, सहित थाने का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

कवि पंकज पंडित के साथ डिजिटल खिड़की ने मंच देने के लिए किया अनुबंध

जिला संवाददाता

ललितपुर। ताज नगरी आगरा बीते एक सप्ताह से देश भर के कवियों के लिए जिज्ञासा का केंद्र रही। आगरा

> ● डॉ. कुमार विश्वास के नेतृत्व में केवी शाला में दिया गया प्रशिक्षण

में आयोजित काव्य लेखन व प्रस्तुति कार्यशाला का जिसमें देशभर के कई अल्पज्ञात व प्रतिभावान कवि कवयित्री शामिल हुए।

कार्यशाला का उद्देश्य युगकवि डा.कुमार विश्वास के निर्देशन में सभी कवि कवयित्रियों को कवि सम्मेलन जगत में सफलता का सूत्र समझाकर उनकी प्रतिभा को मंच देना था। ललितपुर जनपद के युवा ओजस्वी कवि पंकज पंडित के साथ देश के अन्य कवि भी डिजिटल खिड़की से अनुबंधित हैं। इस दौरान अन्य मेंटर्स में कवयित्री कविता तिवारी, कवि रमेश मुस्कान, कवि ज्ञानप्रकाश आकुल, कवि सुदीप भोला रहे।

जालौन के सहायक निदेशक मत्स्य तत्काल प्रभाव से निलम्बित

विशेष संवाददाता

जालौन। मत्स्य विभाग के कैबिनेट मंत्री डॉ संजय कुमार निषाद के निदेर्शानुसार जालौन के सहायक निदेशक मत्स्य मुनीश कुमार को तत्काल प्रभाव से निलम्बित कर दिया

> ● भ्रष्टाचार में संलिप्त पाये गये किसी भी अधिकारी को नहीं बक्शा जायेगा : निषाद

गया है। निलम्बन अवधि में मुनीश कुमार मत्स्य निदेशालय लखनऊ से सम्बद्ध रहेगें।

मुनीश कुमार पर माफियाओं को पट्टा स्वीकृत कराने, मत्स्य पालकों द्वारा शिकायतें किया जाना और शासकीय आदेशों का उल्लंघन व कार्यों में लापरवाही एवं अनुशासनहीनता के दृष्टिगत कार्यवाही की गयी। इस संबंध में मत्स्य विभाग के प्रमुख सचिव अमित कुमार घोष द्वारा आदेश जारी कर दिया गया है।

मत्स्य मंत्री डा. संजय कुमार निषाद ने विभागीय अधिकारियों को स्पष्ट रूप से कहा है कि प्रदेश सरकार भ्रष्टाचार पर जीरो टालरेंस की नीति पर कार्य कर रही है।

इसमें संलिप्त पाये गये किसी भी अधिकारी को बक्शा नहीं जायेगा, उनके विरूद्ध कठोर कार्यवाही की जायेगी।

पौधों का किया गया रोपण

ललितपुर। वन महोत्सव पर वन प्रभाग की गौना रेंज अन्तर्गत विकास खण्ड बिरधा के ग्राम बिरधा अंतर्गत अमृत सरोवर तालाब पर पीपल, बरगद, आंवला एवं सहजन के पौधों का वृक्षारोपण किया गया है। मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष कैलाश नारायण ने पीपल एवं बरगद के पौधों का रोपण किया। इसके साथ-साथ ग्राम प्रधान बिरधा एवं स्थानीय ग्रामीण नागरिकों के द्वारा गोल्ड मोहर, आंवला, सहजन आदि के पौधों का वृक्षारोपण किया गया। जिला पंचायत अध्यक्ष के द्वारा आमजन से अपील की गयी की वन महोत्सव 2025 में अधिक से अधिक पौध रोपण करें एवं रोपित किये गये पौधों की देखरेख एवं सुरक्षा करें।

डंपर से कुचलकर गौवंशों की मौत पर भारी आक्रोश

ललितपुर। शनिवार की देर रात तेज रफ्तार डम्फरों द्वारा गौवंश को रौंदे जाने की हृदयविदारक घटना पर कड़ी कार्यवाही किये जाने की मांग को लेकर गऊ पुत्र सेना ने अध्यक्ष प्रशान्त शुक्ला के नेतृत्व में एक ज्ञापन जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी को सौंपा है। ज्ञापन में बताया कि जिले के ग्राम मिर्चवारा के पास बजाज पावर प्लांट की ओर से संचालित तेज रफ्तार राख ले जा रहे डम्फर ने एक हृदय विदारक दुर्घटना में आधा दर्जन से अधिक गौवंश को बेरहमी से रौंद दिया गया,

> ● गऊ पुत्र सेना ने जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन
> ● पांच सूत्रीय समस्याओं का निस्तारण करने की उठायी मांग

जिनमें कई की घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई तथा कुछ गंभीर रूप से घायल होकर तड़पती रही। यह कोई पहली पटना नहीं है। बजाज पावर प्लांट के भारी वाहन, विशेषकर राख से भरे डंफर, लगातार तेज गति से सामीण क्षेत्रों से गुजरते हैं, जिससे आमजन के साथ-साथ निरपराध पशु-पक्षियों की जान पर संकट बना रहता है। उक्त घटना से गौसेवकों के साथ स्थानीय लोगों में आरी आक्रोश है, मौके पर आक्रोश प्रकट किया। लेकिन प्रशासन की ओर से अभी तक कोई त्वरित राहत अथवा ठोस कार्यवाही देखने को नहीं मिली है। गऊ पुत्र सेना ने अपनी मांगों को रखते हुये बताया कि बजाज पावर प्लांट के संबंधित डंफर चालक व पी.के. सिंह स्थानीय अधिकारी बजाज पावर प्लांट के साथ प्रबंधन के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर कठोर दंडात्मक कार्यवाही की जाए। भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृति रोकने हेतु तेज रफ्तार वाहनों पर अंकुश लगाने के लिए स्पीड लिमिट, सीसीटीवी से निगरानी और वाहन चेकिंग कैम्म लगाए जाएं। घायल गौवंश का तत्काल चिकित्सकीय उपचार सुनिश्चित किया जाए। मृत गौवंशों का विधिपूर्वक अंतिम संस्कार एवं पंचायत स्तर पर रिपोर्ट तैयार कर उचित मुआवजा घोषित किये जाने और इस क्षेत्र को गौ-संवेदनशील क्षेत्र घोषित कर पशुधन के संरक्षण हेतु विशेष निगरानी दल गठित किया जाए। ज्ञापन देते समय अध्यक्ष प्रशान्त शुक्ला, मनीष दुबे, उमेश सुड़ेले, विकास झां, शुभम पस्तोर, दीपक नायक, हरेन्द्र राजा, विक्की बाबा, मोनू सेन, दुष्यन्त सिंह, वासुदेव पटवा, दीपेश उपाध्याय, संजय कटारे, दीपक पस्तोर, गौरव, अविनाश, शैलेन्द्र परिहार, अभिषेक परिहार, आकाश, रोहित कुमार आदि उपस्थित रहे।

सैनी समाज के 250 मेधावी छात्र-छात्राओं को भगीरथ सेना ने किया सम्मानित

नगीना, बिजनौर। प्रतिभा सम्मान समारोह 2025 में सैनी समाज के 250 मेधावी छात्र-छात्राओं को भगीरथ सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष व संरक्षक ने प्रशस्ति पत्र व मैडल पहनाकर सम्मानित किया। समारोह में ग्राम प्रधान, अधिवक्ता व अन्य उपलब्धि प्राप्त करने वाले सैनी समाज के सभी लोगों को भी सम्मानित किया गया। नगीना धामपुर रोड स्थित एक बैंकट हॉल में बीते दिन भगीरथ सेना द्वारा आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह 2025 का शुभारंभ भगीरथ सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष मदन लाल सैनी व संरक्षक सोनू सैनी सुदर्शन, मंडल अध्यक्ष चन्द्रपाल सैनी, मेरठ से पधारे किरनपाल सैनी, सोनू सैनी, राजपाल सैनी, अतर सैनी, रविशंकर सैनी, सैनी समोज के अध्यक्ष महेन्द्र सैनी, सुनील सैनी एड, मुकेश सैनी एड, मनोज आडती, सुखवीर सैनी, हेतराम सैनी, महावीर सैनी, जितेंद्र सैनी, नौबहार सैनी, रामचरन सैनी के साथ महाराजा शूरसेन, राजा भागीरथ, ज्योतिवाफुले, सावित्रीबाई फुले व गौतम बुद्ध के चित्र के सम्मुख पुष्प अर्पित कर शुभारंभ किया। प्रतिभा सम्मान समारोह में रूपांशी सैनी 97 प्रतिशत, शिवम सैनी 90.8 प्रतिशत, भावना सैनी 85 प्रतिशत समेत सैनी समाज के करीब 250 मेधावी छात्र-छात्राओं को मेडल व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम कार्यक्रम में भारी संख्या में जनपद व अन्य जनपद के समाज के लोग मौजूद रहे।

बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का मनाया गया कन्या जन्मोत्सव

ललितपुर। महिला चिकित्सालय में जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी के निर्देशन में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजनांतर्गत कन्या जन्मोत्सव का आयोजन किया गया, जिसने 27 नवजात बालिकाओं का जन्मोत्सव मनाया गया। इस दौरान नवजात बालिकाओं को उपहार दिए गए। साथ ही एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत एक पौधा भी भेंट किया गया। नवजात बालिकाओं के परिजनों को बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ एवं वृक्षारोपण अभियान के प्रति प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में सीएमओ डा.इम्तियाज अहमद, प्राचार्य मेडिकल कॉलेज डा.मयंक कुमार शुक्ला, सीएमएस डा.गजेंद्र सिंह, प्रोबेशन अधिकारी नंदलाल सिंह, सखी वन स्टॉप सेंटर एवं जिला बाल संरक्षण इकाईआदि उपस्थित रहे।

डील की डेटलाइन

यह सच है कि अमरीका, भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार हैद्ध दोनों देशों के बीच 131 अरब डॉलर से अधिक का व्यापार होता है। यह भी कि भारत को अमरीका के साथ व्यापार में सबसे अधिक फायदा है। दोनों देशों के बीच होने वाला द्विपक्षीय व्यापार भारत के पक्ष में है। भारत, अमरीका के साथ व्यापार में 41 अरब डॉलर से अधिक सरप्लस दर्ज करता है। इतनी बड़ी व्यापारिक साझेदारी के कारण दोनों देशों का दायित्व बनता है कि कोई भी ऐसा फैसला एकतरफा न करें जिससे दोनों देशों के कारोबार को हानि पहुंचे। लेकिन ट्रंप हैं की मानते नहीं। दुनिया भर से धन, अवसर और व्यापार अमरीका में केन्द्रित करने के चक्कर में उन्होंने ज्ञात इतिहास में टैरिफ का सबसे अधिक दुरुपयोग किया है। दूसरे देशों पर मनमाना टैरिफ लगा देना, उनके व्यापार को डिस्टर्ब करना ट्रंप का शगल बन गया है। चूंकि ट्रंप अमरीका के राष्ट्रपति हैं और उनको अपने देश के लिए कोई भी फैसला करने का अधिकार है। लेकिन ट्रंप की सनक में भारत को नहीं पड़ना है। ट्रंप अमरीका को अपनी करतूतों से नीचे ले जा रहे हैं जबकि भारत दुनिया में तेजी से विकास कर रहा है। इसलिए भारत को अमरीका के साथ म्युचुअल बेनीफिट और न्यायपूर्ण व्यापारिक परिदृश्य में कारोबार को जारी रखने का प्रयास करना चाहिए। लेकिन अगर ट्रंप हमेशा अपने सनक में रहते हैं, मनमानी करते हैं तो भारत को भी उनको माकूल जवाब देना चाहिए। अमेरिका द्वारा व्यापार शुल्क में वृद्धि पर रोक की सीमा अर्थात 9 जुलाई करीब है। लेकिन अब तक यह स्पष्ट नहीं है कि भारत और अमेरिका तय समय में साझा फायदे वाले समझौते पर पहुंच सकेंगे या नहीं। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने गत सप्ताह कहा था कि उन्होंने करीब 12 देशों को शुल्क ब्योरे के साथ पत्र लिख दिए हैं जो सोमवार को भेज दिए जाएंगे। ट्रंप ने यह भी कहा कि शुल्क दर काफी अधिक (70 फीसदी तक) हो सकती है और वह 1 अगस्त से लागू होगी। इसका अर्थ यह भी हो सकता है कि 9 जुलाई को तथाकथित जवाबी शुल्क पर स्थगन की अवधि समाप्त होने के बाद भी बातचीत की गुंजाइश बनी रहेगी। एक तरह से इससे यह भी पता चलता है कि परिस्थितियां कितनी जटिल हैं। अमेरिका कई देशों के साथ व्यापार समझौते पर नहीं पहुंच सका है। जब तक स्थगन की अवधि में इजाफा नहीं किया जाता है तब तक अमेरिका की प्रमुख कारोबारी साझेदारों के साथ समझौते में नाकामी वैश्विक अर्थव्यवस्था की अनिश्चितता को बढ़ाएगी और इसके लिए अकेले ट्रंप जिम्मेदार हैं। जहां तक भारत की बात है, अभी यह स्पष्ट नहीं है कि दोनों देशों के बीच समझौता कब तक होगा। वैसे भारत के वार्तातार वापस लौट आये हैं। इससे तो यही संकेत मिलता है कि शायद भारत और अमेरिका 9 जुलाई की तय अवधि के पहले समझौता न कर सकें। खबरें बताती हैं कि अमेरिका कुछ अन्य क्षेत्रों के अलावा कृषि, डेयरी जैसे क्षेत्रों में अधिक बाजार पहुंच की मांग कर रहा है। भारत इन मांगों को लेकर सहज नहीं हो सकता। भारत की करीब आधी आबादी अपनी आजीविका के लिए प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रूप से खेती पर निर्भर है। दूसरे अमेरिका जीन संवर्धित उत्पादों को बढ़ावा देना चाहता है। भारत में इसे लेकर भी चिंताएं हैं क्योंकि यहां जीएम फसलों की खेती पर रोक लगी हुई है। इसके अलावा भी ऐसे क्षेत्र हो सकते हैं जिन्हें लेकर विवाद की स्थिति हो। अमेरिका और वियतनाम के बीच हुए समझौते से कुछ संकेत जरूर लिये जा सकते हैं। खबरों के मुताबिक यह एकदम एकतरफा समझौता है जिसके तहत अमेरिकी वस्तुएं तो बिना किसी शुल्क के वियतनाम में बेची जाएंगी लेकिन अमेरिका वियतनाम से आयातित वस्तुओं पर 20 फीसदी और ट्रांसशिपमेंट पर 40 फीसदी शुल्क लगाएगा। इस सौदे ने वैश्विक व्यापार समझौतों और स्वीकार्य मानकों को सिर के बल उलट दिया है क्योंकि दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था एक अपेक्षाकृत छोटी और विकासशील अर्थव्यवस्था से अपने बाजार को बचाना चाहती है। यह जटिलताएं भारत के साथ भी पेश आ रही होंगी क्योंकि अमरीका न्यायपूर्ण समझौता करने के बजाय अपनी मानमानी थोपना चाहता है। लेकिन भारत को यहां झुकना नहीं चाहिए।

भारत को ट्रंप की मनमानी के आगे झुकने के बजाय उचित एवं पारस्परिक लाभ की ट्रेड डील पर जोर लगाना चाहिए।

विचार

किसी भी प्रकार की गरीबी हमारा ईश्वर से उचित संबंध जोड़ देती है। जबकि मन या धन की अमीरी हमारा सबसे विच्छेद कर देती है।

–फ्रैंक कासले.

किसी से घृणा मत करो। सबको हृदय से लगाओ। घृणित वह नहीं है जिससे घृणा की जाती है किन्तु घृणित वह है जो घृणा करते हैं, क्योंकि उसके ही हृदय में घृणा भरी है।

–भगवान महावीर.

चिता मृत मनुष्य को एक ही बार जलाती है, परन्तु चिंता जीवित मनुष्य को रह रहकर जलाती है।

–चैनिंग.

संयम और परिश्रम मनुष्य के दो सर्वोत्तम चिकित्सक हैं। परिश्रम से भूख तेज होती और संयम अति भोग से रोकता है।

–रूसो.

जब तक मन नहीं जीता जाता और राग–द्वेष शांत नहीं होते, तब तक मनुष्य इन्द्रियों का गुलाम बना रहता है।

–विनोबा भावे.

सेवा और समर्पण की मिसाल हैं बाबू बनारसी दास



बाबूजी की जयंती (8 जुलाई 1912) पर श्रद्धांजलि

राजनीतिक आकाश पर अपनी पताका फहराने वाले बाबू बनारसी दास जी का आज हमारे बीच नश्वर शरीर नहीं है लेकिन उनके महान विचार व आदर्श आज भी हमारा मार्ग दर्शन करते हैं। बाबूजी ने सदैव पुरानी पीढ़ी के नेताओं के बलिदानों को अपने जेहन में रखा और उनका अनुसरण किया। यही वजह है कि बाबूजी आज भी जनमानस के हृदय में जीवित रूप में विद्यमान हैं।

महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, युग पुरुष, राष्ट्रभक्त और भारत की पावन भूमि से अंग्रेजों के पांव उखाड़ने वाले बाबू बनारसी दासजी का जन्म 8 जुलाई 1912 को ग्राम उटरावली, जनपद बुलंदशहर में एक प्रतिष्ठित वैश्य परिवार में हुआ था। विद्यार्थी जीवन में उनका हृदय देश भक्ति की भावनाओं से ओतप्रोत था। सन 1930 में हाई स्कूल की परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद ही आप स्वतंत्रता आंदोलन में कूद पड़े। प्रथम असहयोग आंदोलन में शामिल होकर मथुरा में गिरफ्तार हुए और मथुरा से बुलंदशहर जिला जेल भेज दिए गए। 12 सितम्बर 1930 को बाबूजी ने एक सभा का आयोजन कर जहां गुलावठी कांड के नायक बने वहीं चौधरी खुशीराम तथा एक दारोगा की मौत हो जाने के कारण अंग्रेजों की दृष्टि में बागी हो गये। कांग्रेस को जब गैर कानूनी घोषित कर दिया गया तो बाबू जी के अलावा 14 लोगों को आजीवन कारावास दिया गया। ये सभी बंदी 1937 में कांग्रेस के बंदियों के साथ रिहा कर दिए गए।

बाबूजी ने जेल से छूटने पर क्रांतिकारी मार्ग अपनाया। अजमेर डोडवाला क्रांतिकारी 'अंजुन लाल' के साथ राष्ट्रीय विद्यालय शुरू करके क्रांतिकारी गतिविधियों में सक्रिय हो गये। सन 1941 में व्यक्तिगत सत्याग्रह में हिस्सा लेने के कारण जेल भेजा गया जहां छह माह का दंड और सौ रुपये जुर्माना लगाया गया। जुर्माना अदा न करने के कारण तीन माह और सजा दी गई। बाबूजी जेल से छूटने के बाद जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री बने। भारत छोड़ो आंदोलन में 23 दिसम्बर 1942 को उन्हें फिर गिरफ्तार किया गया। बाबूजी के साथ बुलंदशहर जेल में हार्डी कलेक्टर ने जो अत्याचार किया वो आज भी एक नजीर है। इसका कारण साफ था कि अंग्रेजों के लिए बाबूजी सिरदर्द बन गए थे। कलेक्टर हार्डी ने बाबूजी को जेल की बैरक खुलवाकर कपड़े उतरवाकर जामुन के पेड़ से बांधकर बेहोश होने तक उन पर बर्बरता पूर्वक लाठियों से प्रहार किया था।

बाबूजी का राजनीतिक सफर आजादी के पूर्व ही शुरू हो गया था। सन 1946 के चुनाव में पहली बार वे विधानसभा सदस्य बने। उनका चुनाव निर्विरोध हुआ। आजादी के बाद सन 1952 की विधानसभा में आप पुनः विधानसभा सदस्य निर्वाचित हुए। सन 1946 से उत्तर प्रदेश कांग्रेस कार्यकारिणी के सदस्य रहे बाबूजी एआईसीसी के 30 वर्षों तक सदस्य रहे। सन 1962 से 1967 तक आप श्रम, सहकारिता व संसदीय कार्यमंत्री रहे साथ ही 1963 से 1969 तक कांग्रेस महामंत्री पद पर भी कार्य किया। चौधरी चरण सिंह द्वारा 1 अप्रैल 1967 को कांग्रेस विद्रोह के उपरांत आपने संगठन के महत्वपूर्ण पदों पर कार्य किया। सन 1969 में कांग्रेस के विभाजन पर 1970 में संगठन कांग्रेस के अध्यक्ष बने। सन 1972 से 1977 तक आप राज्यसभा सदस्य रहे और इस दौरान आपने राज्यसभा के कार्यवाहक उपसभापति पद को भी सुशोभित किया।

बाबूजी जून 1977 में जनता पार्टी के टिकट पर विधानसभा सदस्य निर्वाचित हुए और 12 जुलाई 1977 को उ.प्र. विधानसभा का अध्यक्ष चुना गया और 28 फरवरी 1979 तक विधान सभा अध्यक्ष रहे। तत्पश्चात 28 फरवरी 1979 को वह अविस्मरणीय दिन आया जब आपको उत्तर प्रदेश का मुख्यमंत्री चुना गया। 18 फरवरी 1980 तक आपने मुख्यमंत्री पद पर रहकर कुशल प्रशासक की अमिट छाप छोड़ी। अपने मुख्यमंत्रित्व काल में बाबूजी ने अनेक महत्वपूर्ण कार्य किए। अलीगढ़ दंगा, छात्र अनुशासनहीनता, विद्युतकर्मियों की हड़ताल आदि समस्याओं को अपनी कुशलता से सहज ही निपटा दिया। प्रदेश में सड़कों का जाल बिछाकर उन्होंने प्रदेश के विकास का मार्ग प्रशस्त किया।

श्रीमती इंदिरा गांधी की शहादत के उपरांत राजीव गांधी के नेतृत्व में आपने 22 नवम्बर 1984 को अपने लाखों समर्थकों के साथ कांग्रेस में शामिल होने की घोषणा कर दी। श्री राजीव गांधी ने बाबूजी से बुलंदशहर से लोकसभा चुनाव लड़ने का आग्रह किया परंतु बाबूजी ने स्वास्थ्य कारणों से अनिच्छा जाहिर कर एक मिसाल कायम की। बाबूजी एक ऐसे राजनेता थे जिन्होंने जनता की भलाई के लिए सब कुछ न्यौछावर कर दिया। बाबूजी का मुख्यमंत्रित्व काल राजनीतिक लिहाज से बेहद संवेदनशील था। उनके दौर में ग्रामीण विकास और लघु एवं कुटीर उद्योगों के साथ सहकारिता के विकास की दिशा में कई अहम फैसले लिए गए। सादगी की मिसाल पेश करते हुए बाबूजी सरकारी कोठी में रहने के बजाय अपने पुराना किला स्थित मकान में ही रहना पसंद किया और लोगों से पहले जैसे ही उसी मकान में मिलने-जुलने का काम किया। बाबूजी के व्यक्तित्व की कई खूबियां थीं। उनका ज्ञान भंडार विशाल था। उनकी सूझबूझ और प्रशासनिक पकड़ का लोहा दिग्गज नेता और प्रशासक भी मानते थे।

बाबूजी ने शिक्षा क्षेत्र को आगे बढ़ाने के लिए अपने उत्तराधिकारी डा. अखिलेश दास गुप्ता को प्रेरित किया। बाबूजी अपने प्रिय पुत्र डा. अखिलेश दास गुप्ता को राजनीति और जनसेवा में आगे बढ़ाना चाहते थे और उनके आशीर्वाद से डा. अखिलेश दास गुप्ता जी केन्द्रीय मंत्री, लखनऊ के महापौर एवं तीन बार सांसद बने और बाबूजी के सपने को पूरा करने का बीड़ा उठाया जिसका परिणाम है कि आज डा. अखिलेश दास गुप्ता जी के अथक प्रयासों से लखनऊ एवं दिल्ली में बाबू बनारसीदास विश्वविद्यालय, बाबू बनारसी दास इंजीनियरिंग कॉलेज, नार्दन इंडिया इंजीनियरिंग कॉलेज एवं डेंटल कालेज की स्थापना। डा. अखिलेश दास गुप्ताजी के शिक्षा प्रसार मिशन में उनकी धर्मपत्नी श्रीमती अलका दासजी, पुत्र श्री विराज सागर दास और पुत्री सोनाक्षी दास ने भी बखूबी साथ दिया और नयी पीढ़ी के लिए विश्व स्तरीय शिक्षा देश में ही उपलब्ध कराने का प्रयास कर रहे हैं। डा. अखिलेश दास गुप्ता के आकस्मिक निधन के पश्चात् श्री विराज सागर दास बीबीडी समूह के प्रेसीडेंट का पदभार संभाल रहे हैं और पिता व बाबूजी के सपनों को साकार करने के लिए अथक प्रयास कर रहे हैं। अपने पिता एवं बाबूजी के आशीर्वाद से श्री विराज सागर दास प्रेसीडेंट बीबीडी ग्रुप ने कोरोना काल में दिल खोलकर लोगों की मदद की। मुख्यमंत्री राहत कोष में 25 लाख की मदद देने के साथ ही संकट के समय मरीजों एवं पीड़ितों के लिए भोजन, ऑक्सीजन और दवाओं का प्रबंध किया। लखनऊ शहर में मरीजों के लिए एम्बुलेंस सेवा के साथ ही राजधानी में सेनेटाइजेशन अभियान चलाकर लखनऊवासियों को कोरोना महामारी से बचाने प्रयास किया। संकटकाल में गरीबों को राशन वितरण के साथ ही हर तरह से मदद देकर समाज सेवा की मिसाल पेश की। श्री विराज सागर दास के द्वारा मानवता की सेवा में किये गये इन प्रयासों से प्रभावित होकर भारत-तिब्बत सहयोग मंच ने श्री विराज सागर दास को कोरोना योद्धा सम्मान से सम्मानित किया।

राजनीतिक आकाश पर अपनी पताका फहराने वाले बाबू बनारसी दास जी का आज हमारे बीच नश्वर शरीर नहीं है लेकिन उनके महान विचार व आदर्श आज भी हमारा मार्ग दर्शन करते हैं। बाबूजी ने सदैव पुरानी पीढ़ी के नेताओं के बलिदानों को अपने जेहन में रखा और उनका अनुसरण किया। यही वजह है कि बाबूजी आज भी जनमानस के हृदय में जीवित रूप में विद्यमान हैं। उनके प्रति हमारी सच्ची श्रद्धांजलि तभी होगी जब हम उनके पौत्र श्री विराज सागर दास, पुत्रवधु श्रीमती अलका दासजी और पौत्री कुमारी सोनाक्षी दास के साथ ईमानदारी के साथ रहकर हर स्थिति में उनको आगे बढ़ाने का संकल्प लें। **(बीओएल)**

सोशल मीडिया

कैप्टन विक्रम बत्रा के बलिदान दिवस पर मैं उनके शौर्य, पराक्रम व बलिदान को नमन करता हूं। कारगिल युद्ध में उनके बलिदान की शौर्य गाथा भारतीयों के दिल में गूंजती है। राजनाथ सिंह.

पूर्व मंत्री व पूर्व सांसद गोंडा निवासी आनंद सिंह जी का निधन, अत्यंत दुखद है! ईश्वर उनकी आत्मा को शांति दें। हमारी शोक संतप्त परिजनों के प्रति गहरी संवेदना। अखिलेश यादव.

यूपी बीजेपी के प्रदेश महामंत्री–संगठन श्री धर्मपाल जी के जनपद बिजनौर स्थित आवास पर आज पहुंचकर उनकी दिवंगत पूज्य माताजी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। सीएम योगी.

टेस्ट क्रिकेट की चौथी पारी में कोई लक्ष्य असंभव नहीं

खेल-जगत

टेस्ट क्रिकेट की चौथी पारी में सफलता के झंडे गाड़ने की कुछ आइकोनिक तस्वीरें हैं- 1999 में ब्रिजटाउन की असाधारण कामयाबी के बाद ब्रायन लारा का खुशी के मारे आसमान में उछलना, 2019 में हैडिंगले की कड़कती सर्दी में बेन स्टोक्स की दहाड़ या 2017 में पसीना व आंसू बहाने के बाद कुसल परेरा का किंग्समीड की घास को चूमना। टेस्ट क्रिकेट चौथी पारी की दुर्लभ सफल चेज में नयापन भी है और रहस्य भी। लेकिन क्रिकेट में क्रांति आ रही है, बाधाएं तोड़ी जा रही हैं, सबसे पुराने फॉर्मेट में युवा ऊर्जा भरी जा रही है और कठिन टारगेट्स से बैटर्स पहले की तरह घबरा नहीं रहे हैं।

टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में 957 बार 250 रन से अधिक का टारगेट सेट किया गया है और केवल 79 बार ही कोई टीम इस लक्ष्य को हासिल कर सकी है, जबकि 569 बार हार का मुंह देखना पड़ा है और 308 बार मैच ड्रा रहा। यह डाटा बताता है कि मैच के अंतिम दो दिनों में जब पिच में टूट फूट हो चुकी होती है, तो बल्लेबाजी अत्यधिक कठिन हो जाती है और चेज करने वाली टीम में ऐतिहासिक तनाव पसर जाता है। पिच में क्रैक आ जाते हैं व ऊपर की मिट्टी ढीली पड़ जाती है और उसकी काली व धोखा देने वाली आत्मा जाहिर हो जाती है। यह स्थान पर निर्भर करता है कि पिच स्पिन लेगी, गेंद नीची रह जायेगी, गेंद रुकेगी या उछाल लेगी। इस स्थिति में लक्ष्य हासिल करना तो बहुत दूर की बात है, पिच पर टिके रहना भी असंभव नहीं तो कठिन अवश्य हो जाता है। दिलचस्प यह है कि जिन 79 अवसरों पर 250 से अधिक के टारगेट को हासिल किया गया, उनमें से 15 इस दशक में हासिल किये गये हैं, जोकि सभी चौथी पारी की सफलताओं का तकरीबन पांचवां हिस्सा है। यह इस लिहाज से बड़ी संख्या है, क्योंकि इस दशक के अभी पांच साल भी पूरे नहीं हुए हैं और औपचारिक तौरपर टेस्ट क्रिकेट को 148 साल हो चुके हैं। इनमें से पांच बार तो टारगेट्स 300 रन से ऊपर के थे (जोकि सिर्फ.37 बार पार हुए हैं)। 2020 तक जीत का प्रतिशत 28.3 था। पिछले पांच साल में यह बढ़कर 46.8 प्रतिशत हो गया है, जिसमें नवीनतम हेडिंगले का मामला है, जहां इंग्लैंड ने 371 के लक्ष्य को पार करके भारत को पराजित किया। यह एक तरह से चौथी पारी के रहस्य का पदार्फाश करना हुआ। इन 15 अवसरों में से इंग्लैंड 6 बार विजयी रही है, जिससे टेस्ट पर उनके बदले नजरिए को समझा जा सकता है।

ब्रेंडन मैक्कुलम के प्रभाव को अनदेखा नहीं किया जा सकता। बात केवल इतनी नहीं है कि चौथी पारी के कठिन लक्ष्य को हासिल किया गया बल्कि यह है कि कितनी आसानी से हासिल किया गया। हेडिंगले में इंग्लैंड ने भारत को कोई मौका दिया ही नहीं। ऐसा लगा जैसे चौथी पारी में गेंद जो शैतानी करती है, उसे उन्होंने अपनी यादों से मिटा ही दिया था। स्टोक्स की कप्तानी से पहले इंग्लैंड के सभी कप्तानों ने सिर्फ.12 बार 250 प्लस के स्कोर को पार करके जीत हासिल की थी। स्टोक्स ने 34 मैचों में यह 6 बार हासिल कर लिया है। इस क्रांतिकारी दृष्टिकोण, जिसमें स्कोरबोर्ड का कोई दबाव नहीं रहता, दुनिया के अन्य देशों को भी प्रेरित करेगा- जिस तरह श्रीलंका की 1996 विश्व कप जीत के बाद सभी टीमों ने पिंच हिटिंग को अपना लिया था या वीवीएस लक्ष्मण के ईडन गार्डन शाहकार के बाद टीमें फोलो-ऑन देने में संकोच करने लगी थीं।

गौरतलब है कि बैजबॉल से पहले भारत ने 2021 में गाबा में 329 के लक्ष्य को पार किया था। उसी साल वेस्टइंडीज ने चट्टगांव में 395 का टारगेट चेज किया जो सर्वकालिक सफल चेज में पांचवां सबसे बड़ा स्कोर है। पाकिस्तान ने 2022 में गाले में 342 का स्कोर उस समय चेज किया जब बैजबॉल की शुरूआत हो रही थी। दरअसल यह परिवर्तन टी-20 के कारण आया है, जिसने कल्पना की उड़ान आसमान तक पहुंचा दी है। इंग्लैंड के लीजेंड केविन पीटरसन का कहना है, 'पुराने दिनों में चौथी पारी में 350 का स्कोर पहाड़ जैसा दिखायी देता था। लेकिन टी-20 मानसिकता के कारण आधुनिक क्रिकेटरों में शून्य डर है, जिससे सब कुछ बदल गया है।' यह केवल अटैक करने की मानसिकता नहीं है बल्कि टी-20 साहस को टेस्ट मैच वातावरण में लाना है। यह मात्र संयोग नहीं है कि इस दशक में जो 250 प्लस के टारगेट्स हासिल किये गये, उनमें से केवल दो (चट्टगांव व गाले) एशिया में थे, जबकि 6 इंग्लैंड में थे। **सारिम अन्ना.**

विचारशील मस्तिष्क

अंतर्दृष्टि

हमारा मस्तिष्क हमेशा चिंतन-मनन में लगा रहता है। महापुरुष ईसा ने कहा है- कल की चिंता मत करो। पर इसका वास्तविक मर्म बहुत कम लोग समझते हैं। आप कहेंगे काल की चिंता कैसे न करें? हमारा परिवार है, हमारे बच्चों की शिक्षा, वस्त्र, भोजन, मकान की विषम समस्याएं हैं। कल हमें उनके विवाह करने हैं? क्या रुपया एकत्रित किए बिना काम चलेगा? हमें बीमा पालिसी में रुपया जोड़ना चाहिए? हमारी आज नौकरी लगी है कल छूट भी सकती है, आज हम स्वस्थ हैं कल बीमार पड़ेंगे तो कैसे काम चलेगा? वृद्धावस्था में हमारा क्या होगा? इस प्रकार की बातें ठीक हैं। एक विचारशील मस्तिष्क में ये विचार आने चाहिए। हमारा सुझाव है कि आप कल के लिए अपने आपको शक्तिशाली बनाने के लिए, योग्यतर, स्वस्थ आर्थिक दृष्टि से सम्पन्न होने के लिए नयी योजनाओं को कार्यान्वित करें। भावी जीवन के लिए जितना संभव हो तैयारी कीजिए। परिश्रम उद्योग मिलनसारी द्वारा समाज में अपना स्थान बनाइये। पर चिंता न कीजिए। योजना बनाकर दूरदर्शिता पूर्ण कार्य करना एक बात है, चिंता करना दूसरी बात है। चिंता से क्या हाथ आवेगा। जो रही सही शक्ति और मानसिक संतुलन है, वह भी नष्ट हो जायेगा। चिंता तो आपको उत्साह, शक्ति और प्रसन्नता से पंगु कर देगी। जिस कठिनाई या प्रतिरोध को आप अपनी वयक्तिगत शक्तियों से बखूबी जीत सकते थे। पर्वत सदृश कठिन प्रतीत होगी। चिंता आपके सामने एक ऐसा अंधकार उत्पन्न करेगी कि आपको उस महान शक्ति केन्द्र का ज्ञान न रह जायेगा। जो आदिकर्ता परमेश्वर ने आपके अंग-प्रत्यंग में छुपा रख है। युद्ध बीमारी दिवाला य दुखद मृत्यु के अंधकार पूर्ण रुदन में, शुभ चिंतन और अशुभ चिंतन में केवल यह अंतर है। अच्छा विस्तार वह है जो कार्य करण के फल को तर्क की कसौटी पर परखता है। दूर की देखता है और किस कार्य में भविष्य में क्या फल होगा, इसका संबंध देखकर भावी उन्नति की योनजाएं निर्माण करता है। सृजनात्मक विचार भवी निर्माण में पुरानी गलतियों की सजा के अनुभवों और संसार की कठोरताओं को देखभाल कर अपनी उन्नति के लिए योजना प्रदान करता है। अच्छे चिंतन में संग्रहित सांसारिक अनुभवों के बल उत्साह और आशा का शुभ आलोक है। कार्यनिष्ठा और साहस का बल है, शक्ति और कुशलता का पावन योग है। कार्य से भागकर नहीं, वरन गुत्थियों को सुलझाकर अपूर्व सहनशक्ति का परिचय देने का विधान है। बुरी विचारधारा का प्रारम्भ ही डर और घबराहट से होता है। कठिनाइयां आ रही हैं। हमें वह कार्य करना ही पड़ेगा, जो साधारणतः हमने नहीं किया है।

पुरानी पार्टी दलित, गरीब विरोधी है...

व्यंग्यलोक

चुनावी काल में एक का दामन छोड़ने और दूसरे का दामन पकड़ने का यज्ञ चल रहा है। दामन छोड़ने-पकड़ने का काम अत्यंत स्वार्थी वातावरण में हो रहा है। एक दल-दल पार्टी से दूसरी दल-बदल पार्टी के साथ यही खेल चल रहा है। एक पार्टी से मेला और दूसरी से झमेला पल रहा है। मंत्री जी ने अपनी पार्टी छोड़ी, क्योंकि वे देश सेवा के लिए सम्मान व स्वाभिमान चाहते हैं। देश सेवा के लिए अपने बीवी-बच्चों का टिकट चाहते हैं। जो पूरा का पूरा परिवार देश सेवा के लिए टिकट मांग रहा है, उन्हें तो मिल ही जाना चाहिए ना! न मिले तो उन्हें रातों-रात एक पार्टी छोड़कर दूसरी पार्टी में घुस जाना चाहिए। निश्चित तौर से पार्टी को इस बात का अंदाजा था कि वह इसको छोड़ेंगे। टिकटों के लिए पूरे परिवार की मारामारी नहीं झेलने वाली दल-दल पार्टी स्वयं दल-बदल करने के लिए तैयार हो रही है। कोई भी माननीय देश सेवक जब भी किसी पार्टी को छोड़ता है तो वह एक ही मंत्र दागता है- यह पार्टी किसानों की विरोधी है। यह दलितों की विरोधी है। मजदूरों-गरीबों की विरोधी है। उनके यहां बहुत अन्याय है। पार्टी छोड़ने वाले मंत्री जी का चमचा भी कहता है- यह पार्टी अन्याय पूर्ण भागीदारी अपनाती है। यह पार्टी गरीब, मजदूर, दलित, महिला की विरोधी है। इसलिए हमारे मंत्री जी ने जनता के हित में ही इस पार्टी को छोड़ा है। जिस पार्टी को कोई पकड़ता है वह उस नई पार्टी के गीत गाता है। वह कहता है- इसी पार्टी में लोकतंत्र जिंदा है। यही पार्टी देश को आगे ले जा सकती है। यह गरीब, मजदूर, किसानों और दलितों की रक्षा करने में सिर्फ एकमात्र पार्टी है। देश सेवा के लिए सिर्फ यही पार्टी सब कुछ काम कर सकती है। ऐसा कहते हुए वे दुपट्टा धारण कर लेते हैं और उंगलियों से वी का निशान बनाते हुए जोर से चीखते हैं- मैं ही सरकार बनाता हूं और मैं ही सरकार को बिगाड़ता हूं। मैं जिस पार्टी में जाता हूं उसी को पार्टी नंबर वन बना देता हूं। मैंने इस दल-दल पार्टी में 5 साल तक मंत्री बनकर देख लिया। ऐसी अन्यायी पार्टी से अब मेरा मोहभंग हो गया है और मैंने इस्तीफा दे दिया है। सोशल मीडिया, व्हाट्सएप, मोबाइल आदि सभी को बता दिया है। सारे प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया को भी मैंने बता दिया है। यह कदम उठाया है, वह सिर्फ जनता के भले के लिए उठाया है। अब नई दलिद्दर पार्टी मुझे अपने बेटा, बेटी, बीवी, चाचा, ताऊ, सास, बहू सबको टिकट देकर देश सेवा करने का मौका देगी, जो सबसे बढ़िया बात है। मेरे इस्तीफे का असर आगामी चुनावों में पड़ेगा और सरकार सिर्फ मेरी ही बनेगी। मैंने 5 साल तक मंत्री बनकर इनकी विचारधारा को भी देखा। वह अब मुझे सहन नहीं है क्योंकि सामने चुनाव के 5 दिन ही शेष रह गए हैं। कहते हुए वे नारा उछालते हैं- अन्याय-जुल्म की टक्कर में...!

राम विलास जॉगिड़

आप की बात

रोजगार दाता बनें युवा

युवाओं को शिक्षा पूरी करने के बाद नौकरी की तरफ भागने के बजाय रोजगार देने वाला बनना चाहिए और इसके लिए उद्यमिता बहुत जरूरी है। दो वर्ष पूर्व आयी कोरोना महामारी ने इतनी आर्थिक तबाही मचायी कि हर तरफ बेरोजगारी और रोजगार का संकट दिख रहा है। वैसे महामारी ने पूरी दुनिया में रोजगार का बड़ा संकट खड़ा कर दिया है। करोड़ों लोगों की नौकरियां गयीं वे फिर से पूरी तरह वापस नहीं मिलीं। ऐसे में यह जरूरी है कि जब कोरोना का संकट खत्म हो गया है तो रोजगार के लिहाज से जरूरी उद्यमों को आगे बढ़ाया जाये ताकि बेरोजगारी का संकट खत्म हो सके। यह बात पूरी तरह से स्पष्ट है कि सरकार सबको रोजगार नहीं दे सकती है और बड़ी कंपनियों में जिस तरह आधुनिक तकनीकी मानव श्रम का स्थान ग्रहण कर रही है उसमें सबको नौकरी मिलना मुश्किल है। ऐसे में युवाओं को रोजगार के लिए उद्यमिता अपनानी होगी ताकि वे रोजगार प्रदाता बनकर देश में बेरोजगारी की समस्या के समाधान में वाहक बन सकें। देश में युवाओं को प्रशिक्षण देकर उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए कौशल विकास मिशन चल रहा है लेकिन अधिकांश युवक कौशल प्रशिक्षण के बाद भी स्वरोजगार अपनाने के बजाय नौकरियों की तलाश में लगे रहते हैं। इससे बेरोजगारी की समस्या के समधान में कोई खास मदद नहीं मिलती है। प्रदेश में लाखों युवक रोजगार की तलाश में है और जब सरकारी नौकरियों में आवेदन मांगे जाते हैं तो चपरासी पद के कुछ पदों के लिए लाखों आवेदन आते हैं। लेकिन देखा जाये तो ज्यादातर को रोजगार नहीं मिलता है, लेकिन इसके बावजूद भी युवक उद्यमिता के बजाय पहली प्राथमिकता सरकारी नौकरी को देते हैं।

हाल के वर्षों में जिस तरह सरकारी नौकरियों में छुट्टियां बढ़ी हैं और आकर्षक वेतन हुआ है उसके कारण युवक सुरक्षित और आरामदेह नौकरी को ज्यादा तरजीह देते हैं बनिस्पत रोजगार करने के। युवाओं की यह मनःस्थिति जब तक बदलेगी नहीं तब तक यह शायद ही कौशल विकास मिशन का लाभ मिले। सरकार को हर युवक को रोजगार से जोड़ने की पहल करनी चाहिए। जो सरकारी नौकरियों में चयनित हो जाते हैं उनसे वहां बेहतर काम लेना चाहिए।

कृष्ण मोहन सिंह, गोण्डा.

स्टार्टअप में संभावनाएं

तकनीकी प्रधान इस युग में स्टॉर्टअप कंपनियों ने लोगों के जीवन को आसान बनाने में महती भूमिका निभाई है। आज ये आम जनजीवन के लिए इतनी जरूरी हैं कि इनके विकास जीवन कठिन हो जायेगा। इसलिए सरकार को स्टाटॅअप कंपिनयों की मदद करनी चाहिए ताकि वे डूबने न पायें। अगर स्टॉर्टअप फेल होते हैं, तो इससे लोगों का भरोसा कमजोर होगा और देश तेजी से आगे बढ़ रहे स्टॉर्टअप के सामने चुनौतियों बढ़ेंगी। स्टॉर्टअप के महत्व और भारत की आर्थिक प्रगति में इनकी भूमिका को देखते हुए सरकार ने स्टॉर्टअप नीति लागू की है। आईआईटी और अन्य तकनीकी संस्थानों में स्टॉर्टअप को मदद के लिए, प्रौद्योगिकी एवं वित्तीय सहायता के लिए योजनाएं शुरू की गयी हैं। इसका परिणाम आज देश को एक बेहतर स्टॉर्टअप इको-सिस्टम के रूप में मिल रहा है। प्रौद्योगिकी के सहारे आइडिया के बाजीगरों ने तमाम स्टॉर्टअप खड़े किये। इनसे करोड़ों को लोगों को रोजगार मिला है और भारत की आर्थिक प्रगति की कहानी लिखने में आज स्टॉर्टअप सबसे आगे हैं। लेकिन हाल के वर्षों में स्टॉर्टअप को लेकर अनेक चिंताएं भी पैदा हुई हैं। अचानक स्टॉर्टअप के लुप्त हो जाने, लंबे समय तक घाटे में रहने और आक्रामक विस्तार के लिए अत्यधिक कर्ज लेने के कारण कई बार स्टॉर्टअप मुसीबत में आये हैं। यह भी कि स्टॉर्टअप जब शुरू होते हैं, तो सरकार उनको कई तरह के नियमों-कानूनों एवं रेग्युलेटरी कंप्लायंस में राहत देती है ताकि ये अपनी ऊर्जा का उपयोग प्रगति के लिए कर सकें।

नरेन्द्र कुमार सिंह, लखनऊ.

राज्यपाल ने कम्पोजिट विद्यालय व आंगनबाड़ी केंद्र अमौना का किया निरीक्षण

(करूणाकर दूबे)

अयोध्या। सोमवार को प्रदेश की राज्यपाल आनन्दीबेन पटेल का जनपद में आगमन हुआ। राज्यपाल ने विकासखण्ड मसौधा में स्थित कम्पोजिट विद्यालय व आंगनबाड़ी केन्द्र अमौना का स्थलीय निरीक्षण किया गया। कम्पोजिट विद्यालय अमौना में विधायक बीकापुर डा.

● बच्चों से संवाद कर शिक्षा की गुणवत्ता व अन्य गतिविधियों की ली जानकारी

अमित सिंह चैहान, मण्डलायुक्त गौरव दयाल, पुलिस महानिरीक्षक प्रवीण कुमार, जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डा. गौरव ग्रोवर, मुख्य विकास अधिकारी कृष्ण कुमार सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों ने पुष्पगुच्छ देकर राज्यपाल महोदया का स्वागत किया। राज्यपाल आनन्दीबेन पटेल ने निरीक्षण के दौरान आंगनबाड़ी केन्द्र में बच्चों से संवाद कर शिक्षा की गुणवत्ता एवं अन्य गतिविधियों की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने बच्चों के लिए बनाये जा रहे मिड-डे-मिल के भोजन को भी चखा और उसकी गुणवत्ता का मूल्यांकन किया। राज्यपाल ने विद्यालय में संचालित कक्षाओं का भी भ्रमण करते हुये छात्र-छात्राओं के ज्ञान को परखा गया। उन्होंने कहा कि बच्चों को प्रतिदिन प्रार्थना अवश्य करायी जाय और भारत के महापुरूषों, उनसे सम्बन्धित किताबों व जीवन परिचय का समय-समय पर अनुश्रवण कराया जाय। उन्होंने कहा कि विद्यालयों में प्रवेश के लिए जारी नये शासनादेश का अध्ययन करते हुये नियमानुसार बच्चों का प्रवेश समय से कराना सुनिश्चित किया जाय। जिस पर मुख्य विकास अधिकारी ने बताया कि इस वर्ष सर्वे कराकर बच्चों का प्रवेश कराया गया है और विद्यालयों में आधुनिक शिक्षा के माध्यम से बच्चों को पढ़ाया जा रहा है। जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे ने बताया कि विद्यालयों में डिजिटल लाईब्रेरी की स्थापना किये जाने पर कार्य किया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान राज्यपाल ने विद्यालय में पठन-पाठन की व्यवस्था, छात्र-छात्राओं की उपस्थिति, मिड-डे मील, स्मार्ट क्लास, पुस्तकालय, स्वच्छता एवं पेयजल सुविधा का बारीकी से अवलोकन किया। उन्होंने शिक्षकों और छात्रों से संवाद कर शिक्षा की गुणवत्ता एवं अन्य गतिविधियों की जानकारी प्राप्त की। राज्यपाल ने शिक्षकों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने हेतु प्रेरित किया और कहा कि विद्यार्थी राष्ट्र का भविष्य हैं, अतः उनके सर्वांगीण विकास हेतु शिक्षकगण अपने कर्तव्यों का पूर्ण निष्ठा से निर्वहन करें।

राज्यपाल ने अवध विवि के नवीन परिसर में निर्माणाधीन परियोजनाओं का किया निरीक्षण

अयोध्या। उत्तर प्रदेश की राज्यपाल एवं विश्वविद्यालय की कुलाधिपति श्रीमती आनन्दीबेन पटेल ने सोमवार को डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, अयोध्या में चल रही परियोजनाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने सबसे पहले विश्वविद्यालय आईईटी परिसर के लवकुश एवं सरयू छात्रावास का निरीक्षण किया। उन्होंने छात्रों से संवाद कर स्वच्छता पर ध्यान देने की बात कही। सरजू छात्रावास में निरीक्षण के दौरान राज्यपाल ने मेस एवं जलापूर्ति व्यवस्था की वस्तुस्थिति से भी अवगत हुई।

विश्वविद्यालय के अधिकारियों को तत्काल साफ-सफाई के निर्देश दिए। कुलाधिपति ने नवीन परिसर चंदन का पौधा रोपित किया। उसके उपरांत राज्यपाल ने नवीन परिसर में निर्माणाधीन परियोजनाओं का जायजा लिया। फार्मेसी भवन व उसके निर्माणधीन पुस्तकालय, मल्टीपरपज लेक्चर हॉल, सिविल इंजीनियरिंग काम्प्लेक्स के निर्माण कार्यों को परखा। उन्होंने अधिकारियों एवं कार्यदायी संस्था को अधूरे पड़े कार्यों को शीघ्र पूरा करने के निर्देश प्रदान किया। कुलाधिपति ने कार्यदायी संस्था के पदाधिकारियों से कहा कि कार्यों की गुणवत्ता में लापरवाही क्षम्य नही होगी। एवं मानकों का कड़ाई से अनुपालन किया जाए। वहीं आईईटी लैब के निर्माण कार्य को भी परखा। इसके अलावा उन्होंने परिसर में सीसीटीवी कैमरे लगाने का निर्देश प्रदान किया। राज्यपाल ने विश्वविद्यालय के तीनों परिसरों में विद्युत आपूर्ति, सीवरेज, छात्रों के लिए पेयजल की व्यवस्था जैसे कार्यों के प्रगति की समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान कुलपति डॉ0 बिजेन्द्र सिंह, कुलसचिव विनय कुमार सिंह, वित्त अधिकारी पूर्णेन्दु शुक्ल, प्रो0 एसएस मिश्र, प्रो शैलेंद्र कुमार वर्मा, प्रो0 शैलेन्द्र कुमार, डॉ0 विनोद चैधरी, डॉ0 अनिल कुमार, सहायक अभियंता आरके सिंह सहित मौजूद रहे।

महिलाओं-बच्चों ने पौधे रोपित कर देखभाल की जिम्मेदारी का लिया संकल्प

बाराबंकी। पर्यावरण की सुरक्षा एंव जलवायु परिवर्तन को कम करने को लेकर शालीमार मन्नत अपार्टमेन्ट नम्बर 2 में रहने वाली महिलाओ एंव बच्चो ने 200 वृक्षो को रोपित करते हुये पर्यावरण को संरक्षित करने का संकल्प लिया। तथा रोपित पौधों की सुरक्षा और देखभाल की अपील करते हुये वातावरण को शुद्ध बनाने की कसम खाई। इस मौके पर शैलेन्द्र, कौशलेन्द्र मो0 अकील, प्रदीप कुमार, विश्वदीप, एस0के तिवारी, विनय, विनय गुप्ता, सरिता, अंजली, शिल्पी रश्मी, अंकिता मौजूद रहे।

विशेष संचारी रोग नियंत्रण तथा दस्तक अभियान के सफल क्रियान्वयन के लिए डीएम ने की बैठक

बाराबंकी। विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान एवं दस्तक अभियान की अंतर्विभागीय प्रथम साप्ताहिक समीक्षा जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित लोकसभागार में हुई। बैठक मे जन समुदाय में जागरूकता लाने के लिए सभी 75 जनपदों में एक साथ 1 जुलाई से 30 जुलाई 2025 तक संचारी रोग नियंत्रण एवं 11 जुलाई से 31 जुलाई 2025 तक दस्तक अभियान चलाया जायेगा। समीक्षा बैठक में जिला मलेरिया अधिकारी द्वारा संपादित की गयी साप्ताहिक गतिविधियों के विषय में विस्तार से बताया। डब्लू०एच०ओ०, यूनिसेफ, पाथ के सामूहिक रूप में की गयी मॉनीटरिंग फीडबैक में पायी गयी कमियों पर चर्चा की गयी। जिन विभागों के फीडबैक का प्रतिशत कम थे उनको जिलाधिकारी ने शतप्रतिशत पूर्ण कराने के निर्देश दिये।

मृदुभाषी, सहज व्यक्तित्व के धनी भाजपा नेता प्रशांत मिश्रा पंचतत्व में हुए विलीन

बाराबंकी। भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य और वरिष्ठ भाजपा नेता एडवोकेट प्रशांत मिश्रा आज पंचतत्व में विलीन हो गए। सोमवार की सुबह 11 बजे कमरियाबाग स्थित मुक्ति स्थल पर मुखाग्नि उनके पुत्र एडवोकेट विभव मिश्रा ने दी।

रविवार शाम लगभग 5:30 बजे लंबी बीमारी के चलते उनका निधन हो गया। वे पिछले एक सप्ताह से देवा रोड स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती थे। जिनका इलाज चल रहा था। लेकिन रविवार शाम उन्होंने अंतिम सांस ली। उनके निधन की सूचना मिलते ही भाजपा कार्यकर्ताओं और समर्थकों में शोक की लहर दौड़ गई। स्व प्रशांत मिश्रा अपने मृदुभाषी और सहज स्वभाव के लिए जाने जाते थे। उन्हें राजनीति का एक बेहतरीन चेहरा और अनुपम व्यवहार कुशलता का धनी माना जाता था।

उनके निधन से जनपद में शोक का माहौल है। और कई लोग इसे राजनीति के एक बेहतरीन चेहरे और अनुपम व्यवहार कुशलता के एक अध्याय का अंत बता रहे हैं। सोमवार को उनके पार्थिव शरीर के अंतिम दर्शन करने और परिवार को सांत्वना देने के लिए उनके निज निवास धनोखर चैराहे पर भारी भीड़ उमड़ पड़ी।

मासूम बच्चियों को उठाकर साइको करता था दुष्कर्म, गिरफ्तार

बहराइच। थाना सुजौली के क्षेत्र अंतर्गत एक साइको युवक छोटी-छोटी बच्चियों को उठाकर दुष्कर्म करता था बहराइच पुलिस ने तीन बच्चियों को 24 घंटे के अंदर बरामद कर लिया। इस घटना का पर्दाफाश करने के लिए पुलिस अधीक्षक राम नयन सिंह ने एसपी ग्रामीण दुर्गा प्रसाद तिवारी वह क्षेत्राधिकार श्रीमती हर्षिता तिवारी के निर्देशन में पांच टीमों का गठन किया गया।

थाना सुजौली पुलिस स्वाद टीम व सर्विलांस टीम ने अभियुक्त को गिरफ्तार करने के लिए जाल बिछाया और सुरागरसी मुखबर की सहायता से स्थानीय व्यक्ति को अविनाश पांडे को गिरफ्तार कर लिया। बताया जाता है कि साइको अविनाश पांडे छोटी-छोटी बच्चियों को बहला फैसला कर ले जाता था और उनके साथ दुष्कर्म करता था बच्ची की परिजनों के द्वारा के आधार मुकदमा दर्ज किया गया पुलिस टीम को बड़ी सफलता मिली और अभियुक्त को गिरफ्तार करने में सफल रही।

पुलिस अधीक्षक राम नयन सिंह ने बताया कि अभियुक्त को गिरफ्तार करने के लिए पांच टीमें बनाई गई थी सक्रिय पुलिस टीम ने मुकबर की सूचना पर स्थानीय आयुक्त को अविनाश पांडे को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

जानलेवा हमले के आरोपी को मिली जमानत

अयोध्या। स्पेशल जज पाक्सो प्रथम निरुपमा विक्रम सिंह के न्यायालय से नाबालिक बालिका के साथ छेड़छाड़ और भाई के ऊपर जानलेवा हमला करके सिर फोड़ने के अभियुक्त मोहम्मद साहिल और मुजीब अहमद की जमानत पचास हजार रुपए की अधिवक्ता सैयद आफताब अहमद एवं मोहम्मद इमरान अंसारी की जोरदार बहस सुनने के बाद जमानत का पर्याप्त आधार पाए जाने पर मंजूर कर दिया।

घटना के अनुसार घनश्याम मौर्य पुत्र स्वर्गीय बच्चू लाल मुस्तफाबाद निवासी की नाबालिक पुत्री उम्र लगभग 15 वर्ष के साथ साहिल पुत्र मोहम्मद कलीम अंसारी ने जबरदस्ती मोबाइल एवं नंबर देने की बात कह कर छेड़छाड़ किया।

जानकारी होने पर भाई विकास मौर्य पर जानलेवा हमला किया जिससे उसका सर फट गया और चोटहिल हो गया।

बाटी-चोखा पार्टी में कहासुनी के बाद चली गोली

गोसाईगंज-अयोध्या। थाना महाराजगंज इलाके में बाटी चोखा पार्टी के दौरान कहासुनी के बाद एक युवक ने पड़ोसी युवक पर तमंचे से फायर कर दिया जिससे युवक बुरी तरह से घायल हो गया। घायल युवक को ट्रामा सेंटर लखनऊ में एडमिट कराया गया जहां उसका इलाज चल रहा है। घायल युवक की हालत ठीक बताई जा रही है। मामले में घायल युवक के पिता की तहरीर पर केस दर्जकर एक आरोपी

● एक युवक को लगी गोली, घायल लखनऊ रेफर

को गिरफ्तार भी पुलिस ने कर लिया जबकि एक अन्य आरोपी अभी भी फरार है। पुलिस उसकी तलाश में जुटी हुई है।

घटना रविवार की देर रात्रि लगभग 10.30 की है। देवा सूर्यभानपुर के मजरे दूबे का पुरवा गांव निवासी लवकुश दुबे के मुताबिक पड़ोसी विशाल दुबे ने अपने घर पर रविवार को बाटी चोखा की पार्टी रखी थी जिसमे उसने विवेक दुबे सहित कई लोगो को बुलाया था। पार्टी में विवेक दुबे किन्ही कारणों से नही गया, तो यह बात आरोपी को बुरी लगी और दोनो में गाली गलौज शुरू हो गया इस दौरान दोनो पक्षो ने शराब भी पी रखी थी गाली गलौज के दौरान तभी विशाल दुबे ने तमंचे से विवेक दुबे पर फायर झोंक दिया गोली उसके चेहरे पर लगी जो गर्दन के पास से निकल गयी। आनन फानन में परिजन उसे लेकर मया सीएचसी के बाद जिलाचिकित्सालय पहुंचे जंहा उसकी नाजुक हालत देख चिकित्सकों ने ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया। एसएचओ राजेश सिंह के मुताबिक मामले में पीड़ित विवेक दुबे के पिता लवकुश दुबे की तहरीर पर एक नामजद सहित एक अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर एक आरोपित को गिरफ्तार कर लिया गया और दूसरे की तलाश कराई जा रही है।

सतत अभ्यास से आयुर्वेद रचेगा इतिहास : डॉ. एम. डी. दूबे

जिलासंवाददाता

अयोध्या। आयुर्वेद की ओर जनता का विश्वास बढ़ रहा है और जनता के इस विश्वास को ऐतिहासिक बनाने के लिए विश्व आयुर्वेद परिषद आयुर्वेदिक चिकित्सकों के साथ सदैव खड़ा है उक्त उद्गार व्यक्त करते हुए विश्व आयुर्वेद परिषद उत्तर प्रदेश के चिकित्सक प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. एम. डी. दूबे ने परिषद द्वारा आयोजित कौशलम 2025 / अयोध्या कार्यक्रम में उपस्थित आयुर्वेद चिकित्सकों का उत्साहवर्धन किया व अयोध्या में इस कार्यक्रम के प्रणेता डॉ पंकज श्रीवास्तव की मुक्त कंठ से प्रशंसा की। संजाफी हास्पिटल तकपुरा अयोध्या के सभागार में आयोजित कौशलम- 2025 समारोह का शुभारंभ राष्ट्रगान व भगवान धनवंतरि पूजन से हुआ। तत्पश्चात विश्व आयुर्वेद परिषद के चिकित्सक प्रकोष्ठ सहप्रभारी डा पंकज श्रीवास्तव ने परिषद का परिचय दिया। इस अवसर पर परिषद के मुख्य अतिथि डॉ एमडी दुबे डॉ. पंकज श्रीवास्तव कार्यक्रम अध्यक्ष डॉ आनंद उपाध्याय विशिष्ट अतिथि, डॉ संजीव सिंह जिला अध्यक्ष, डॉ. लव कुश निगम उपाध्यक्ष डॉ. आकांक्षा सिंह सचिव, डॉ. गरिमा सिंह का स्वागत महिला प्रकोष्ठ, प्रभारी डॉ. सरिता त्रिपाठी महिला प्रकोष्ठ, सह प्रभारी डॉ कविता निगम, कोषाध्यक्ष डॉ. राहुल गुप्ता चिकित्सा प्रकोष्ठ प्रभारी, डॉ. धर्मेंद्र वर्मा व अन्य कार्यकारिणी सदस्यों द्वारा अंग वस्त्र पहनाकर व स्मृतिचिह्न प्रदान कर किया गया। मुख्य कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए डॉ. संजीव सिंह द्वारा अग्निकर्म के विविध आयामों पर प्रकाश डाला गया तथा रोगों की तात्कालिक चिकित्सा में अग्निकर्म के उपयोग बताये गये। डॉ लवकुश निगम द्वारा स्वर्णप्राशन के विभिन्न प्रयोगात्मक उदाहरण देकर बच्चों के स्वास्थ्य में इसके लाभकारी प्रभाव के बारे में विस्तार से वर्णन किया गया। कार्यक्रम में विश्व आयुर्वेद परिषद अयोध्या की नवीन कार्यकारिणी का स्वागत डॉ एमडी दुबे एवं डॉ पंकज श्रीवास्तव द्वारा अंगवस्त्र स्मृति चिन्ह एवं परिषद का पदक पहना कर किया गया। ज्ञातव्य हो कि कौशलम 2025 समारोह में लोक सेवा आयोग, उत्तर प्रदेश की स्टाफ नर्स आयुर्वेद की मुख्य परीक्षा 2025 में सफलता प्राप्त अभ्यर्थी रुचि सिंह की गरिमामई उपलब्धि की सराहना करते हुए परिषद ने रुचि सिंह को अंगवस्त्र व परिषद का पदक पहनाकर तथा रामलला की प्रतिमा प्रदान कर सम्मानित करते हुए उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। परिषद की जिला उपाध्यक्षा डा. आकांक्षा सिंह द्वारा ऐसे कार्यक्रम होते रहने की आवश्यकता पर बल देते हुए नाड़ी परीक्षा पर आगामी कार्यक्रम करवाने की घोषणा के कौशलम 2025 कार्यक्रम का सफल संचालन महिला प्रकोष्ठ सह प्रभारी डॉ कविता निगम ने किया। समारोह में चिकित्सक प्रकोष्ठ जिला प्रभारी डॉ विवेक श्रीवास्तव कार्यकारिणी सदस्य, डॉ. बी एन श्रीवास्तव, डॉ विंध्या मिश्रा, डॉ. ध्रुव लता दुबे, डॉ. डी सी गुप्ता डॉ. आर पी गुप्ता, डॉ. अरविंद निगम, डॉ. विनय कसौधन, डॉ. सुरजीत वर्मा, डॉ. मिथिलेश वर्मा, डॉ. संदीप सिंह, डॉ. गौरव वर्मा, डॉ. महेंद्र चक्रवर्ती, डॉ. एच पी तिवारी डॉ. राहुल सिंह, डॉ. प्रेमनाथ, डॉ. रितेश गंजवानी डॉ हिमांशु मणि त्रिपाठी डॉ अमृता सिंह डॉ निकिता वर्मा डॉ. अजय गुप्ता डॉ. उपकार यादव को अंग वस्त्र पहनकर व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में धर्मेंद्र श्रीवास्तव, शिखा श्रीवास्तव, शक्ति सिंह, अनिमेष श्रीवास्तव, किरन सिंह, अंशु श्रीवास्तव, अभ्युदय श्रीवास्तव व नेहा का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम के अंत में एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत सभी उपस्थित सज्जनों को पौधे प्रदान करते हुए डॉ. पंकज श्रीवास्तव ने आए हुए समस्त अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर निरीक्षण

अयोध्या। सीएम योगी आदित्यनाथ के 9 जुलाई को प्रस्तावित अयोध्या दौरे को लेकर महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव के नेतृत्व में पार्टी पदाधिकारियों ने कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री अयोध्या से बिल्हर घाट जाने वाले बंधा के बगल फोर-लेन, रामपुर हलवारा में प्रातः 10 बजे जनसभा को सम्बोधित करेंगे। वन महोत्सव के तहत सरयू तट पर पौधरोपण करेंगे।

महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव ने बताया कि 9 जुलाई को सीएम योगी आदित्यनाथ पहुंच रहे है जो एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत अयोध्या में वृहद पौधरोपण अभियान की शुरुआत करेंगे। सरकारी विभागों, स्वयं सेवी संस्थाओं तथा पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं द्वारा पौधरोपण किया जाएगा। रोपित किए जाने वाले पौधों में औषधीय, फलदार, छायादार व पर्यावरण संतुलन के लिए उपयोगी पौधों को शामिल किया गया है।

दबंगों ने स्टे की जमीन पर जबरन कब्जा कर मालिक को भगाया

बहराइच। दबंगों ने स्टे की जमीन पर जबरन कब्जा कर जमीन मालिक को पीटकर भगाया थाने वालों ने पीड़ित के खिलाफ ही लिख दी एफ आई आरमामला रूपईडीहा थाने के ग्राम पंचायत मिजापुर चहलवा के रघुपुरवा शहादत पुरवा का है जहां पर रोहित सिंह की पुस्तैनी जमीन पर जालसाजी कर दिलीप वर्मा ने रोहित के मंद बुद्धि पिता से बैनामा करवा लिया था जिस पर न्यायालय से स्टे हो गया है बावजूद इसके दबंग दिलीप वर्मा, फौजदार वर्मा एवं पंकज वर्मा सैकड़ों लोगों के साथ पांच ट्रैक्टर से जबरन जुताई करने पहुंचे जिस पर रोहित ने आपत्ति की तो उन लोगों ने रोहित को मारना शुरू कर दिया किसी तरीके से भागकर रोहित ने अपनी जान बचाई दोनों तरफ से थाने में तहरीर दी गई लेकिन सत्ता के दबाव में एकतरफा कार्यवाही करते हुए पुलिस ने पीड़ित के खिलाफ ही मुकदमा लिख दिया है पीड़ित रोहित ने प्रशासन से न्याय की गुहार लगाई है।

मेडिकल चेकअप शिविर का हुआ आयोजन

अयोध्या। जनपद के नेवाती पुरा में नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र जनौरा में स्व.स्वदेश चोपड़ा जी की पुण्यतिथि पर निशुल्क मेडिकल चेकअप शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें भारी संख्या में लोगों ने अपना मेडिकल चेकअप कराया और निःशुल्क दवाएं प्राप्त की, इस शिवर में तमाम प्रकार की रोगों की जांच की गई, जिसमें महिलाएं बुजुर्ग नौजवानों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।

डीएम और एसपी ने किया लोधेश्वर महादेवा मंदिर का निरीक्षण

जिला संवाददाता

बाराबंकी। श्रावण मास पर लोधेश्वर महादेवा मंदिर, रामनगर में प्रतिवर्ष लाखों की संख्या में श्रद्धालुओ की सुविधा, सुरक्षा एवं समुचित व्यवस्था सुनिश्चित कराने को लेकर जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी एवं पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय ने मंदिर परिसर सहित आसपास के संपूर्ण क्षेत्र का स्थलीय निरीक्षण किया।

● कांवड़ियों की सुविधा व सुरक्षा, समुचित व्यवस्था सुनिश्चित कराने के दिये निर्देश

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने साफ-सफाई, शौचालयों की नियमित सफाई एवं स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित करने, बहोनिया तालाब मे स्नान की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने, श्रद्धालुओं हेतु स्वच्छ जल, बैरिकेटिंग, महिलाओं हेतु चेंजिंग रूम, महिला एवम पुरुषों के लिए अलग अलग स्वच्छ शौचालय एवं पर्याप्त प्रकाश की व्यवस्था, स्नान स्थलों पर प्रशिक्षित गोताखोरों की तैनाती सुनिश्चित किये जाने, सभी विद्युत पोलों को सुरक्षा की दृष्टि से पॉलीथिन से ढकने, पूरे परिसर एवं संपर्क मार्गों पर व्यापक और निर्बाध प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करने, प्राथमिक उपचार की व्यवस्था हेतु पर्याप्त संख्या में एम्बुलेंस, चिकित्सक, पैरामेडिकल स्टाफ एवं आवश्यक दवाएं उपलब्ध रहने को लेकर सम्बंधितो को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर मंदिर परिसर सहित सभी संवेदनशील बिंदुओं पर उच्च गुणवत्ता वाले सीसीटीवी कैमरे लगाकर निगरानी हेतु एक नियंत्रण कक्ष व्यवस्था किये जाने को निर्देश दिये। पुलिस अधीक्षक ने सभी सुरक्षा कर्मियों को अलर्ट मोड में रहने के निर्देश देते हुए कहा कि मेला क्षेत्र में भीड़ नियंत्रण, मार्ग डायवर्जन, त्वरित सहायता, सीसीटीवी निगरानी एवं आपदा प्रतिक्रिया प्रणाली को मजबूत बनाया जाए। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी अरुण कुमार सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अवधेश कुमार, अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी विकास त्रिपाठी, उप जिलाधिकारी रामनगर विवेक शील सहित नगर पंचायत, लोक निर्माण, स्वास्थ्य, विद्युत, जल संस्थान, अग्निशमन व अन्य विभागों के संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

कार और बाइक की टक्कर में तीन घायल, एक की हालत गंभीर

बहराइच। जनपद बहराइच के थानाक्षेत्र पयागपुर के गोंडा बहराइच मार्ग पर कार तथा बाइक के आमने-सामने भीषण टक्कर में बाइक चालक सहित तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को पयागपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया है जिसमें बाइक चालक की हालत गंभीर बताई जा रही है। रविवार दोपहर करीब 12.30 बजे बहराइच की तरफ से आ रही कार जिस पर मात्र दो लोग सवार थे वही बहराइच की तरफ बाइक से जा रहे दिलीप कुमार मिश्रा निवासी पंडित पुरवा चैसार थाना पयागपुर सीधे कार से टकरा गए जिसमें मार्ग के बगल बन रहे सड़क के गढ्ढे में कार व बाइक दोनों जाकर गिरी जिसमे कार चालक आशीष कुमार गुप्ता निवासी रानी बाजार गोंडा तथा उनकी माता गायत्री देवी उम्र 55 वर्ष को भी गंभीर चोटे लगी है सभी घायलों को स्थानीय चिकित्सालय पयागपुर पहुंचाया गया है जहां बाइक चालक दिलीप कुमार मिश्रा की हालत गंभीर बताई जा रही है।

सरकार बाल श्रमिकों को शिक्षा से जोड़कर कर रही है विकास

जिला संवाददाता

बहराइच। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में प्रदेश से बालश्रम उन्मूलन के लिए विशेष कार्य किये गये है। प्रदेश सरकार बालश्रमिकों को चिन्हित कर शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ रही है। प्रदेश में संचालित विभिन्न योजनाओं से उन्हें लाभान्वित किया जा रहा है।

बाल श्रमिक विद्या योजना के तहत प्रदेश में संचालित इस योजना के अन्तर्गत ऐसे बाल श्रमिकों जिनके माता पिता की मृत्यु हो चुकी है अथवा वे किसी गंभीर रोग से ग्रस्त होने के कारण कार्य करने की स्थिति में नहीं है। ऐसे कामकाजी बच्चों के लिए आर्थिक सहायता की धनराशि प्रत्येक माह रु. 1000 बालकों के लिए व रु.1200 बालिकाओं के लिए दी जाती है। लाभार्थी कामकाजी बालक/बालिका व किशोर/किशोरी योजना के अन्तर्गत कक्षा-8, 9, एवं 10 तक शिक्षा प्राप्त करते है तो उन्हें कक्षा-8 उत्तीर्ण करने पर रू. 6000 की अतिरिक्त धनराशि प्रोत्साहन के रूप में दी जा रही है। इस योजना के अन्तर्गत प्रति वर्ष 8-18 आयु वर्ग के 2000 कामकाजी बच्चों/किशोर-किशोरियों को लाभान्वित किए जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में इस योजना के अन्तर्गत रू0 3.00 करोड़ आवंटित किए गए हैं। जिससे पात्र बालक/बालिकाओं की शिक्षा पर व्यय किया जा रहा है।

बाल श्रम सर्वेक्षण योजना में बाल श्रम समस्या का आंकलन कराने हेतु बाल श्रम सर्वेक्षण कराया जा रहा है, जिसमे 09-14 आयु वर्ग के खतरनाक व्यवसायों/प्रक्रियाओं में चिन्हांकित

● अब तक 623 हॉट स्पाट (ग्राम पंचायतों/शहरी वार्डो) को बाल श्रम मुक्त घोषित किया जा चुका है

बाल श्रमिकों के शैक्षिक पुनर्वासन हेतु राष्ट्रीय बाल श्रम परियोजना के अन्तर्गत प्रस्ताव तैयार कर भारत सरकार से स्वीकृत प्राप्त करने की योजना राज्य सेक्टर से स्वीकृत की गई है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में इस योजना के अन्तर्गत धनराशि रू0 5.00 लाख आवंटित किया गया है। जिससे सर्वेक्षण कार्य कराया जा रहा है।

नया सवेरा योजना अन्तर्गत नया सवेरा योजना के अन्तर्गत यूनीसेफ के सहयोग से प्रदेश के बाल श्रम से सर्वाधिक प्रभावित 20 जिलों के चिन्हित 1197 ग्राम पंचायतों/शहरी वार्डों को बाल श्रम मुक्त घोषित किया जाना है। योजना में 20 जिलों के 1197 ग्राम पंचायतों/शहरी वार्डों में संचालित नया सवेरा योजना के अन्तर्गत अब तक कुल 1197 ग्राम व वार्डों का सर्वेक्षण पूर्ण कराकर 6-14 आयु वर्ग के 41285 कामकाजी बच्चों को चिन्हित किया गया है, जिसके सापेक्ष 33405 बच्चों को शिक्षा की मुख्य धारा में प्रवेशित/नियमित कराया गया है। इसी प्रकार 15-18 आयु वर्ग के 14825 कामकाजी बच्चों/किशोर-किशोरियों को चिन्हित किया गया है तथा उन्हें व्यवसायिक प्रशिक्षण कार्यक्रम में जोड़े जाने की कार्यवाही की जा रही है। नया सवेरा योजना के अन्तर्गत चिन्हित कामकाजी बच्चों/किशोर किशोरियों के 14825 परिवारों को विभिन्न सामाजिक सुरक्षा योजना से भी आच्छादित कराया गया है। अब तक 623 हॉट स्पाट (ग्राम पंचायतों/शहरी वार्डो) को बाल श्रम मुक्त घोषित किया जा चुका है।

बन्धुआ श्रम पुनर्वासन योजना, 2016 के तहत श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा 17 मई 2016 के उपरान्त पूर्व में संचालित बंधुआ श्रम पुनर्वासन योजना को संशोधित कर दिया गया है। इस योजना के अन्तर्गत बंधुआ श्रम प्रकरणों में समरी ट्रायल पूर्ण होने के उपरान्त पुनर्वासन हेतु क्रमशः धनराशि रू0 1.00 लाख, 2.00 लाख व 03.00 लाख दिये जाने की व्यवस्था की गई है, जोकि पूर्ण रूप से श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा भुगतान किया जाता है।

माधव सर्वोदय इंटर कॉलेज को मिली एनसीसी की मान्यता

अयोध्या। पाठ्य सहगामी क्रियाकलापों के अंतर्गत अमौना, अयोध्या स्थित माधव सर्वोदय इंटर कॉलेज को एनसीसी की आधिकारिक स्वीकृति प्राप्त हुई। एन.सी.सी. के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल एम के सिंह ने विद्यालय प्रधानाचार्य धर्मेन्द्र कुमार पाठक को मान्यता प्रमाण पत्र प्रदान किया। इस मान्यता के अंतर्गत छात्रों को एनसीसी के माध्यम से विभिन्न सैन्य और सामाजिक गतिविधियों में भाग लेने का अवसर मिलेगा। एन.सी.सी. भारत सरकार के रक्षा मंत्रालय के तहत एक स्वैच्छिक संगठन है, जो स्कूल और कॉलेज के छात्रों को सैन्य प्रशिक्षण और सामाजिक सेवाएं करने का अवसर प्रदान करता है।

संक्षेप

बीओबी ने शेषराशि न रखने पर लगने वाले शुल्क किये माफ

लखनऊ। बैंक ऑफ बड़ौदा ने ग्राहकों को राहत देते हुए एक महत्वपूर्ण घोषणा की है। बैंक ने 1 जुलाई 2025 से सभी सामान्य बचत खातों (स्टैंडर्ड सेविंग्स अकाउंट्स) में मासिक औसत शेषराशि बरकरार न रखने पर लगने वाले शुल्क को पूरी तरह से माफ कर दिया है। इस पहल के जरिए बैंक ने अपने ग्राहकों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया है। इस निर्णय से अब ग्राहकों को अपने बचत खाते में न्यूनतम औसत शेषराशि नहीं बनाए रखने पर कोई भी शुल्क नहीं देना होगा। हालांकि, यह छूट प्रीमियम बचत खाता योजनाओं पर लागू नहीं होगी। बीना वाहिद कार्यपालक निदेशक, बैंक ऑफ बड़ौदा ने कहा कि न्यूनतम बैलेंस शुल्क हटाना हमारे ग्राहकों के प्रति बैंक ऑफ बड़ौदा की निरंतर प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

एचपी ने पेश किया ओमनी बुक लैपटाप

नई दिल्ली। एचपी ने आज भारत में नेक्स्ट-जनरेशन एआई पीसी की सबसे किफायती रेन्ज पेश की। नए एचपी ओमनी बुक 5 और 3 सीरीज को पावरफुल नेक्स्ट-जेन एआई क्षमता के साथ किफायती चाहने वाले यूजर्स को ध्यान में रखकर डिजाइन किया गया है। ओमनीबुक5 में क्वालकाम स्नैपड्रैगन एक्स प्लस प्रोसेसर और ओमनीबुक3 में एएमडी आरवाइजेन एआई 300 सीरीज द्रवारा संचालित, पोर्टफोलियो न्यूरल प्रोसेसिंग यूनिट से लैस है जिसकी क्षमता 45 से 50 ट्रिलियन ऑपरेशंस प्रति सेकेंड की है। नई एचपी ओमनी बुक सीरीज से छात्रों व कामकाजी प्रोफेशनल से लेकर रोजमर्रा के उपयोगकताओं तक जो अपने पीसी को एक आवष्यक उपकरण के रूप में भरोसा करतें है। सामर्थ्य,सरलता और विश्वसनीयता को ध्यान में रखतें हुए डिजाइन किए गए ये डिवाइस रोजमर्रा की कंप्यूटिंग को बेहतर बनाती है।

ग्लो एंड लवली का नया कैंपेन 'अपनी रोशनी बाहर ला' लॉन्च

नई दिल्ली। ग्लो एंड लवली ने राष्ट्रव्यापी अभियान 'अपनी रोशनी बाहर ला' के साथ एक नए चैप्टर की शुरूआत की है। नई पीढ़ी की महिला इन्फ्लुएंसर्स को सशक्त बनाने के उद्देश्य से यह अभियान लाया गया है। ब्राण्ड की यह पहल युवा भारतीय महिलाओं की विजिबिलिटी, वॉइस एवं इन्फ्लुएंस का जश्न मनाती है। विशेष रूप से तैयार किए गए मोड्यूल्स, मेंटरशिप एवं वास्तविक दुनिया के अनुभवों के साथ यह एकेडमी महत्वाकांक्षी महिलाओं को आकर्षक कंटेंट बनाने और क्रिएटर इकोनोमी में विकसित होने के लिए कौशल प्रदान करेगी। ग्लो एंड लवली कैंपेन, महिला क्रिएटर्स के एक शक्तिशाली समूह द्वारा पेश किया गया है, जो 'अपनी रोशनी बाहर ला' की भावना को अभिव्यक्त करती हैं।

अवीवा लाइफ ने प्रोडक्ट ऑफ द ईयर 2025 पुरस्कार जीता

नई दिल्ली। लाइफ इंश्योरेंस ने दो श्रेणियों लाइफ इंश्योरेंस रिटायरमेंट इनकम और लाइफ इंश्योरेंस यूलिप में प्रोडक्ट ऑफ द ईयर 2025 का प्रतिष्ठित पुरस्कार जीता है। भारत में प्रोडक्ट ऑफ द ईयर के 17वें संस्करण के लिए नीलसन आईक्यू की तरफ से देशभर में किए गए उपभोक्ता सर्वेक्षण से मिले निष्कर्षों के आधार पर यह सम्मान दिया गया है। यह पुरस्कार अवीवा सिग्नेचर इनक्रीजिंग इनकम प्लान और अवीवा सिग्नेचर इन्वेस्टमेंट प्लान को पुरस्कार मिला है। ग्राहकों ने इन दोनों प्रोडक्ट्स को अपनी श्रेणियों में सबसे इनोवेटिव प्रोडक्ट्स के रूप में चुना। यह पुरस्कार ग्राहकों को केंद्र में रखनेए सरलता एवं आज की वित्तीय जरूरतों के हिसाब से प्रासंगिक प्रोडक्ट्स डिजाइन करने पर अवीवा इंडिया के मजबूत फोकस को दिखाता है।

दोपहिया वाहनों के लिए विशेष लेन की वकालत

नयी दिल्ली। सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए दोपहिया वाहनों के लिए विशेष लेन बनाने और कानूनों को सख्ती से लागू करने की जरूरत है। विशेषज्ञों ने सोमवार को यह राय जताई। सड़क सुरक्षा पर एक संगोष्ठी में सड़क यातायात शिक्षा संस्थान के अध्यक्ष रोहित बलूजा ने कहा कि अधिकारियों को दोपहिया वाहनों के लिए एक अलग लेन पर विचार करना चाहिए क्योंकि इससे चालकों की सुरक्षा सुनिश्चित होगी। दोपहिया वाहनों के लिए विशेष लेन बनाने की जरूरत है, जो फिलहाल नहीं है।

सेंसेक्स में 9.61 अंकों की उछाल

मुंबई। उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में दोनों मानक सूचकांक...बीएसई सेंसेक्स और एनएसई निफ्टी सोमवार को लगभग स्थिर रुख के साथ बंद हुए। एशिया के अन्य बाजारों में कमजोर रुख तथा विदेशी संस्थागत निवेशकों की पूंजी निकासी के बीच अमेरिकी शुल्क लागू होने की नौ जुलाई की समयसीमा करीब आने के साथ निवेशकों ने सतर्क रुख अपनाया।

तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 9.61 अंक यानी 0.01 प्रतिशत की मामूली तेजी के साथ 83,442.50 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान सूचकांक ऊंचे में 83,516.82 अंक तक गया और नीचे में 83,262.23 अंक तक आया। पचास शेयरों पर आधारित एनएसई निफ्टी स्थिर बंद हुआ। निफ्टी के 22 शेयर लाभ में जबकि 28 नुकसान में रहे। दैनिक उपयोग का सामान बनाने वाली कंपनियों (एफएमसीजी) तथा पेट्रोलियम कंपनियों के शेयरों में लाभ ने आईटी तथा धातु शेयरों में हुए नुकसान की भरपाई की। विशेषज्ञों के अनुसार, भारत और अमेरिका के बीच व्यापार समझौते को लेकर चिंता से बाजार में उतार-चढ़ाव आया। अमेरिका के भारत समेत विभिन्न देशों पर लगाये गये शुल्क को 90 दिन के लिए टाले जाने की अवधि नौ जुलाई को समाप्त हो रही है। अमेरिका में आयात होने वाले भारतीय उत्पादों पर 26 प्रतिशत का अतिरिक्त आयात शुल्क लगाये जाने की घोषणा की गयी है। सोमवार को भारतीय शेयर बाजार स्थिर बंद हुए। मानक सूचकांक निफ्टी 25,450 पर खुला। कारोबार के दौरान यह नीचे में 25,407 पर आया और ऊंचे में 25,489 के स्तर तक गया। पूरे सत्र के दौरान सूचकांक ने एक सीमित दायरे में कारोबार किया। इसका कारण निवेशक अमेरिकी शुल्क को लेकर सतर्क हैं। बाजार प्रतिभागी आक्रामक रुख अपनाने को लेकर अनिच्छुक दिखे, जिससे सूचकांक सीमित दायरे में रहे। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में हिंदुस्तान यूनिलीवर, कोटक महिंद्रा बैंक, ट्रेंट, रिलायंस इंडस्ट्रीज, एशियन पेंट्स और आईटीसी लाभ में रहीं। दूसरी तरफ, नुकसान में रहने वाले शेयरों में भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लि., टेक महिंद्रा, अल्ट्राटेक सीमेंट, मारुति और इटर्नल (पूर्व में जोमैटो) शामिल हैं। छोटी कंपनियों से जुड़ा बीएसई स्मॉलकैप सूचकांक 0.33 प्रतिशत नीचे आया जबकि मझोली कंपनियों से संबंधित मिडकैप 0.15 प्रतिशत टूटा। सप्ताह की शुरुआत में बाजार में लगभग सुस्ती रही। बाजार अंत में लगभग स्थिर बंद हुआ। व्यापार समझौते को लेकर नई घोषणा और कंपनियों के तिमाही नतीजों की शुरुआत से पहले निवेशक देखो और इंतजार करो का रुख अपना रहा है।

संविधान की प्रस्तावना बच्चों के लिए माता-पिता की तरह है, इसे बदला नहीं जा सकता : उपराष्ट्रपति



कोच्चि। सात जुलाई (भाषा) उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने सोमवार को कहा कि भारतीय संविधान की प्रस्तावना बच्चों के लिए माता-पिता की तरह है और इसे बदला नहीं जा सकता, चाहे कोई कितनी भी कोशिश कर ले। उन्होंने कहा, संविधान की प्रस्तावना को लेकर कई मुद्दे रहे हैं। भारतीय संविधान की प्रस्तावना बच्चों के लिए माता-पिता की तरह है। आप चाहे जितनी कोशिश कर लें, आप अपने माता-पिता की भूमिका को नहीं बदल सकते। यह संभव नहीं है।

कोच्चि स्थित नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ एडवांस्ड लीगल स्टडीज (एनयूएएलएस) में छात्रों और संकाय सदस्यों के साथ बातचीत में उन्होंने कहा कि ऐतिहासिक रूप से किसी भी देश के संविधान की प्रस्तावना में बदलाव नहीं हुआ है, लेकिन भारत के संविधान की प्रस्तावना में आपातकाल के दौरान बदलाव किया गया। हमारे संविधान की प्रस्तावना उस समय बदली गई जब सैकड़ों और हजारों लोग जेल में थे, जो कि हमारे लोकतंत्र का सबसे अंधकारमय काल यानी आपातकाल था। उनका यह बयान राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) द्वारा संविधान की प्रस्तावना में शामिल शब्दों समाजवादी और धर्मनिरपेक्ष की समीक्षा की हालही में की गई मांग के संदर्भ में आया है। आरएसएस का कहना है कि ये शब्द डॉ. भीमराव अंबेडकर द्वारा तैयार किए गए संविधान में नहीं थे और इन्हें आपातकाल के दौरान जोड़ा गया था। नयी दिल्ली में 26 जून को आपातकाल के 50 वर्ष पूरे होने पर आयोजित एक कार्यक्रम में आरएसएस महासचिव दत्तात्रेय होसबाले ने कहा था, बाबा साहेब आंबेडकर ने जो संविधान बनाया, उसकी प्रस्तावना में ये शब्द कभी नहीं थे। आपातकाल के दौरान जब मौलिक अधिकार निलंबित कर दिए गए, संसद काम नहीं कर रही थी, न्यायपालिका पंगु हो गई थी, तब ये शब्द जोड़े गए।

किसानों की आर्थिक प्रगति के लिए दूध उत्पादन बढ़ाया जायेगाः सीएम

भोपाल। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कहा है कि राज्य सरकार दुग्ध उत्पादन बढ़ाकर किसानों और पशुपालकों की आर्थिक प्रगति सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

यादव ने पशुपालन एवं डेयरी विकास विभाग के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक के दौरान कहा कि राज्य के 50 प्रतिशत गांवों को दूध संग्रहण नेटवर्क के अंतर्गत लाने की रणनीति पर काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि किसानों और पशुपालकों की प्रगति की पहल के तहत 381 नई दुग्ध सहकारी समितियों का गठन कर 9,500 दुग्ध उत्पादकों को सहकारी डेयरी प्रणाली से जोड़ा गया है। बैठक के दौरान यादव को दूध संग्रहण बढ़ाने, दुधारू पशुओं की नस्ल सुधारने, मप्र के सांची दूध ब्रांड की लोकप्रियता बढ़ाने के लिए प्रदेश में किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी गई। अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को भोपाल दुग्ध संघ के अंतर्गत बछिया पालन केंद्र की स्थापना और किसानों से खरीदे गए दूध के मूल्य का समय पर भुगतान किए जाने की जानकारी भी दी। संघों ने दूध के दाम 2.5 रुपये से बढ़ाकर छह रुपये प्रति लीटर कर दिए हैं। जबलपुर और ग्वालियर में दो दुग्ध संघों द्वारा दूध संग्रहण में उल्लेखनीय वृद्धि की गई है। अधिकारी ने बताया कि दुग्ध उत्पादकों के लंबित भुगतान के लिए जबलपुर और ग्वालियर दुग्ध संघों को 2-2 करोड़ रुपये की कार्यशील पूंजी भी उपलब्ध कराई गई है।

भारत का लक्ष्य 2047 तक मक्का उत्पादन दोगुना करना

नयी दिल्ली। कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सोमवार को कहा कि भारत 2047 तक अपने मक्का उत्पादन को मौजूदा 4.23 करोड़ टन से दोगुना करके 8.6 करोड़ टन तक पहुंचा सकता है।

उद्योग मंडल फिक्की द्वारा आयोजित 11वें मक्का सम्मेलन में चौहान ने कहा कि दुनिया के पांचवें सबसे बड़े मक्का उत्पादक को आनुवंशिक रूप से संशोधित बीजों का उपयोग किए बिना उत्पादकता बढ़ाने की जरूरत है। चौहान ने कहा कि हम आनुवंशिक रूप से संशोधित बीजों का इस्तेमाल नहीं करते हैं, लेकिन फिर भी हम उत्पादकता के स्तर को बढ़ा सकते हैं। उन्होंने कहा कि भारत की औसत मक्का उत्पादकता 3.7 टन प्रति हेक्टेयर है, पश्चिम बंगाल और बिहार जैसे कुछ राज्य राष्ट्रीय औसत से बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं लेकिन कुल मिलाकर पैदावार बढ़ाने की जरूरत है। मंत्री ने बताया कि भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) ने मक्का की 265 किस्में विकसित की हैं। इनमें 77 हाइब्रिड और 35 जैव-फोर्टिफाइड किस्में हैं, लेकिन अभी और काम करने की जरूरत है। चौहान ने कहा कि मक्के में स्टार्च का स्तर बढ़ाने की जरूरत है। हमें इसे मौजूदा 65-70 प्रतिशत से बढ़ाकर 72 प्रतिशत करने की जरूरत है ताकि मक्के का बेहतर तरीके से इस्तेमाल किया जा सके। भारत का मक्का उत्पादन 1900 के दशक के एक करोड़ टन से बढ़कर वर्तमान में 4.23 करोड़ टन हो गया है। उन्होंने कहा कि पंजाब और हरियाणा जैसे राज्य जो धान की खेती पर ध्यान केंद्रित करते हैं.. उन्हें उत्पादन बढ़ाने के लिए मक्का की खेती में विविधता लानी चाहिए। चौहान ने कहा कि मक्का की कीमतें जो 2,400 रुपये प्रति क्विंटल के न्यूनतम समर्थन मूल्य से कम थीं... वह सरकार के 2025-26 तक 20 प्रतिशत इथेनॉल मिश्रण लक्ष्य के बाद मजबूत हुई हैं।

रुपया 47 पैसे की बड़ी गिरावट के साथ 85.87 प्रति डॉलर पर

मुंबई। वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों और अमेरिकी मुद्रा के मजबूत होने के बीच रुपया सोमवार को 47 पैसे की भारी गिरावट के साथ 85.87 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि अमेरिकी व्यापार शुल्कों पर अनिश्चितताओं के बीच विदेशी पूंजी की निकासी से स्थानीय मुद्रा पर और दबाव पड़ा। अमेरिका के अपने व्यापारिक साझेदारों पर शुल्क बढ़ोतरी की समयसीमा नौ जुलाई से पहले नए समझौते करने का दबाव बढ़ा दिया है।

साथ ही अमेरिका ने देशों को चेतावनी दी है कि एक अगस्त से उनपर उच्च शुल्क लागू हो सकते हैं। इससे रुपये पर और दबाव पड़ेगा। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने साथ ही ब्रिक्स समूह की अमेरिका विरोधी नीतियों का साथ देने वाले देशों पर 10 प्रतिशत अतिरिक्त शुल्क लगाने की धमकी दी है। ब्रिक्स समूह में शामिल देशों के नेता छह-सात जुलाई को 17वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के लिए ब्राजील में हैं। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया, अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 85.53 पर खुला। दिन में 85.51 से 86.03 प्रति डॉलर के दायरे में कारोबार करने के बाद अंत में यह 85.87 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ, जो पिछले बंद भाव से 47 पैसे की गिरावट है।

वाहनों की खुदरा बिक्री जून में पांच प्रतिशत बढ़ी

नयी दिल्ली। भारत में मोटर वाहनों की खुदरा बिक्री जून में सालाना आधार पर करीब पांच प्रतिशत बढ़ी। यात्री वाहनों और दोपहिया वाहनों सहित सभी वाहन खंडों में वृद्धि दर्ज की गई।

फेडरेशन ऑफ ऑटोमोटिव डीलर्स एसोसिएशन (एफएडीए) ने सोमवार को कहा कि पिछले महीने कुल मोटर वाहन पंजीकरण 20,03,873 इकाई रहा, जो जून 2024 के 19,11,354 इकाई की तुलना में 4.84 प्रतिशत अधिक है। यात्री वाहन (पीवी) की खुदरा बिक्री पिछले महीने सालाना आधार पर दो प्रतिशत बढ़कर 2,97,722 इकाई हो गई, जबकि एक साल पहले इसी अवधि में यह 2,90,593 इकाई थी। भारी बारिश और बाजार में नगदी की कमी के कारण ग्राहकों की संख्या पर असर पड़ा, जबकि बढ़ी हुई प्रोत्साहन योजनाओं और नई बुकिंग से चुनिंदा ग्राहकों को मदद मिली। दोपहिया वाहनों की खुदरा बिक्री जून में सालाना आधार पर पांच प्रतिशत बढ़कर 14,46,387 इकाई हो गई। वाणिज्यिक वाहनों (सीवी) का पंजीकरण जून में सात प्रतिशत बढ़कर 73,367 इकाई हो गया। तिपहिया वाहनों की खुदरा बिक्री पिछले महीने सात प्रतिशत बढ़कर 100,625 इकाई हो गई, जबकि ट्रैक्टर पंजीकरण नौ प्रतिशत बढ़कर 77,214 इकाई हो गया। अप्रैल-जून की अवधि में कुल खुदरा बिक्री सालाना आधार पर पांच प्रतिशत बढ़कर 65,42,586 इकाई हो गई, जबकि पिछले वर्ष की इसी अवधि में यह 62,39,877 इकाई थी। यात्री वाहनों की बिक्री सालाना आधार पर तीन प्रतिशत बढ़कर 9,71,477 इकाई हो गई। इसी तरह, दोपहिया वाहनों का पंजीकरण सालाना आधार पर पांच प्रतिशत बढ़कर 47,99,948 इकाई हो गया। अप्रैल-जून की अवधि में वाणिज्यिक वाहनों और तिपहिया वाहनों की खुदरा बिक्री क्रमशः एक प्रतिशत और 12 प्रतिशत बढ़ी। ट्रैक्टर पंजीकरण सालाना आधार पर छह प्रतिशत बढ़कर 2,10,174 इकाई हो गया। निकट भविष्य में कारोबारी परिदृश्य के बारे में फाडा ने कहा कि जुलाई में सामान्य से अधिक मानसून का पूर्वानुमान क्षेत्रीय भिन्नताओं के साथ ग्रामीण मांग को बढ़ावा मिलने की संभावना है। हालांकि भारी से बहुत भारी वर्षा वाले क्षेत्रों में लॉजिस्टिक संबंधी जटिलताएं उत्पन्न होंगी।

ब्रोकर पर कार्रवाई के समय जुर्माना शब्द का इस्तेमाल न करने पर विचार

मुंबई। बाजार नियामक सेबी के पूर्णकालिक सदस्य के सी वाष्णेय ने सोमवार को कहा कि जुर्माना शब्द के साथ जुड़े बदनामी के अहसास को देखते हुए सेबी गलत काम करने वाले ब्रोकर के खिलाफ कार्रवाई की स्थिति में इसका इस्तेमाल न करने पर विचार कर रहा है। वाष्णेय ने निवेशक ऐप में इलेक्ट्रॉनिक मतदान प्रणाली पर प्रॉक्सी सलाहकार सुविधा की पेशकश के लिए आयोजित एक कार्यक्रम में कहा कि भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) जुर्माने को तर्कसंगत बनाने की प्रक्रिया में भी है।

उन्होंने कहा कि आप जानते हैं कि इनमें से कई जुर्माना असल में दंड नहीं हैं। और जब इसे लगाया जाता है तो यह अनावश्यक रूप से ब्रोकर बदनाम हो जाता है। क्या हमारे पास इससे बेहतर नाम हो सकता है? उन्होंने कहा कि उद्योग मानक मंच (आईएसएफ) ने पिछले पांच महीनों में ब्रोकिंग उद्योग से जुड़े मुद्दों पर गहन विचार-विमर्श किया है, जिसका उद्देश्य कारोबारी सुगमता के उपाय करना है। वाष्णेय ने कहा कि पिछले शनिवार को राष्ट्रीय राजधानी में ब्रोकर, एनएसई और सेबी अधिकारियों के बीच हुई बैठक में कुछ विवादित मुद्दों पर आम सहमति बनी है और जल्द ही इसकी घोषणा की जाएगी। उन्होंने कहा कि हममें से हर कोई संतुष्ट है कि अब हम आगे बढ़ सकते हैं और कम-से-कम इसे तर्कसंगत बनाने का पहला चरण बहुत जल्द पूरा हो जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि जुर्माने के नामकरण में बदलाव और उन्हें युक्तिसंगत बनाने के अलावा सेबी जुर्माना लगाने के लिए एक एक्सचेंज को नोडल प्राधिकरण बनाने पर भी विचार कर रहा है। सेबी के पूर्णकालिक सदस्य ने कहा कि एक ऐसी प्रणाली शुरू करने की भी योजना है, जिसमें ब्रोकर अपना डेटा एक ही पोर्टल पर साझा करेंगे।

पेज एक का शेष

महत्वपूर्ण खनिज

नहीं हुए। ब्रिक्स एक प्रभावशाली समूह के रूप में उभरा है, क्योंकि यह विश्व की 11 प्रमुख उभरती अर्थव्यवस्थाओं को एक साथ लाता है, जो वैश्विक जनसंख्या का लगभग 49.5 प्रतिशत, वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद का लगभग 40 प्रतिशत और वैश्विक व्यापार के लगभग 26 प्रतिशत का प्रतिनिधित्व करता है। अपने संबोधन में प्रधानमंत्री ने ग्लोबल साउथ की मदद के लिए ब्रिक्स द्वारा किए जा रहे प्रयासों की भी चर्चा की। ग्लोबल साउथ शब्द का इस्तेमाल आम तौर पर आर्थिक रूप से कम विकसित देशों को संदर्भित करने के लिए किया जाता है। उन्होंने कहा, ब्रिक्स न्यू डेवलपमेंट बैंक (एनडीबी) के रूप में, हमने ग्लोबल साउथ के देशों की विकास आकांक्षाओं का समर्थन करने के लिए एक मजबूत और विश्वसनीय विकल्प पेश किया है। साथ ही उन्होंने कहा कि एनडीबी को मांग-संचालित दृष्टिकोण, दीर्घकालिक वित्तीय स्थिरता और स्वस्थ क्रेडिट रेटिंग पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। उन्होंने कहा हमारी आंतरिक प्रणालियों को मजबूत करने से सुधारित बहुपक्षवाद के लिए हमारे आह्वान की विश्वसनीयता और बढ़ेगी। मोदी ने कहा कि ग्लोबल साउथ के देशों की ब्रिक्स से कुछ विशेष अपेक्षाएं और आकांक्षाएं हैं और इन्हें पूरा करने के लिए मिलकर काम करना चाहिए।

उन्होंने कहा, उदाहरण के लिए, भारत में स्थापित ब्रिक्स कृषि अनुसंधान मंच, कृषि अनुसंधान में सहयोग बढ़ाने के लिए एक मूल्यवान पहल है। प्रधानमंत्री ने ब्रिक्स विज्ञान एवं अनुसंधान भंडार के निर्माण का भी प्रस्ताव रखा, जो ग्लोबल साउथ के देशों के लिए एक मूल्यवान संसाधन के रूप में काम कर सकता है। उन्होंने कहा, ग्लोबल साउथ को हमसे बहुत उम्मीदें हैं। उन्हें पूरा करने के लिए हमें उदाहरण के द्वारा नेतृत्व के सिद्धांत का पालन करना होगा। उन्होंने कहा, भारत अपने साझा लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए अपने सभी साझेदारों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर काम करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। मूल रूप से ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका से मिलकर बने ब्रिक्स का 2024 में विस्तार किया गया, जिसके तहत मिस्र, इथियोपिया, ईरान और संयुक्त अरब अमीरात को समूह में शामिल किया गया। इंडोनेशिया 2025 में ब्रिक्स में शामिल हुआ। इसके 17वें शिखर सम्मेलन में सदस्य देशों, भागीदारों और विशेष आमंत्रित देशों ने भाग लिया।

मतदाता सूचियों

याचिकाओं पर निर्वाचन आयोग को नोटिस जारी करने का अनुरोध करते हुए कहा कि यह समयसीमा (नवंबर में प्रस्तावित चुनावों के मद्देनजर) के भीतर किया जाने वाला असंभव कार्य है। एक अन्य याचिकाकर्ता की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक सिंघवी ने कहा कि राज्य में लगभग आठ करोड़ मतदाता हैं, जिनमें से लगभग चार करोड़ मतदाताओं को इस प्रक्रिया के तहत अपने दस्तावेज जमा करने होंगे।

सिंघवी ने कहा, समय-सीमा इतनी सख्त है कि अगर आपने 25 जुलाई तक दस्तावेज जमा नहीं किए, तो आपको बाहर कर दिया जाएगा। एक अन्य याचिकाकर्ता की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता गोपाल शंकरनारायणन ने कहा कि निर्वाचन आयोग के अधिकारी इस प्रक्रिया के लिए आधार कार्ड और मतदाता पहचान पत्र स्वीकार नहीं कर रहे हैं। न्यायमूर्ति धूलिया ने कहा कि इस मामले को 10 जुलाई को सूचीबद्ध किया जाएगा और कहा कि फिलहाल जो समय-सीमा तय की गई है, उसकी कोई वैधानिकता नहीं है क्योंकि अभी तक चुनावों की अधिसूचना जारी नहीं हुई है। पीठ ने याचिकाकर्ताओं से कहा कि वे निर्वाचन आयोग के वकील को अपनी याचिकाओं की पूर्व सूचना दें।

राजद सांसद मनोज झा और तृणमूल कांग्रेस सांसद महुआ मोइत्रा के अलावा, कांग्रेस के के सी वेणुगोपाल, शरद पवार नीत राकांपा गुट से सुप्रिया सुले, भाकपा से डी राजा, सपा से हरिंदर सिंह मलिक, शिवसेना (उबाठा) से अरविंद सावंत, झामुमो से सरफराज अहमद और भाकपा (माले) के दीपांकर भट्टाचार्य ने संयुक्त रूप से शीर्ष अदालत का रुख किया है। सभी नेताओं ने बिहार में मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण के लिए निर्वाचन आयोग के आदेश को चुनौती दी है और इसे रद्द करने का निर्देश देने का अनुरोध किया है। झा ने कहा कि निर्वाचन आयोग का 24 जून का आदेश संविधान के अनुच्छेद 14 (समानता का अधिकार), अनुच्छेद 21 (जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता का अधिकार), अनुच्छेद 325 (जाति, धर्म और लिंग के आधार पर किसी को भी मतदाता सूची से बाहर नहीं किया जा सकता) और अनुच्छेद 326 (18 वर्ष की आयु पूरी कर चुका प्रत्येक भारतीय नागरिक मतदाता के रूप में पंजीकृत होने के योग्य है) का उल्लंघन करता है, इसलिए इसे रद्द किया जाना चाहिए। राज्यसभा सदस्य ने कहा कि विवादित आदेश संस्थागत रूप से मताधिकार छीनने का एक हथियार है और इसका उपयोग मतदाता सूचियों में मनमाने और अपारदर्शी संशोधन को न्यायसंगत ठहराने के लिए किया जा रहा है, जो विशेष रूप से मुस्लिम, दलित और गरीब प्रवासी समुदायों को लक्षित करता है। यह कोई संयोग नहीं, बल्कि योजनाबद्ध बहिष्करण है। उन्होंने निर्वाचन आयोग को यह निर्देश देने की भी मांग की कि आगामी बिहार विधानसभा चुनाव वर्तमान मतदाता सूची के आधार पर कराए जाएं। झा ने दलील दी कि निर्वाचन आयोग ने राजनीतिक दलों याहितधारकों से कोई परामर्श किए बिना मतदाता सूचियों की एक विशेष गहन पुनरीक्षण का आदेश जारी कर दिया है। उन्होंने अपनी याचिका में यह भी कहा, इसके अलावा यह प्रक्रिया बिहार में मानसून के मौसम के दौरान शुरू की गई है, जब राज्य के कई जिलों में बाढ़ की स्थिति रहती है और स्थानीय आबादी विस्थापित हो जाती है। ऐसे में बड़ी संख्या में लोगों के लिए इस प्रक्रिया में सार्थक रूप से भाग लेना अत्यंत कठिन और लगभग असंभव हो जाता है। राजद नेता ने कहा कि इससे सबसे अधिक प्रभावित वर्गों में प्रवासी मजदूर शामिल हैं, जिनमें से कई 2003 की मतदाता सूची में शामिल होने के बावजूद निर्धारित 30 दिन की समय-सीमा के भीतर बिहार लौटकर नामांकन फॉर्म जमा नहीं कर पाएंगे।

पौधरोपण का

है कि एक जुलाई से पौधरोपण के महाभियान के तहत वन विभाग ने प्रदेश की सभी प्रमुख नदियों के किनारे 21,313.52 हेक्टेयर क्षेत्र में 3,56,26,329 पौधों का रोपण करने का लक्ष्य रखा है। इस अभियान के तहत गंगा, यमुना, सरयू, गोमती, केन, बेतवा, राप्ती, सोन, रामगंगा, छोटी गंडक, चंबल, हिंडन, और अन्य नदियों के किनारे पांच किलोमीटर के दायरे में पौधरोपण किया जाएगा। वन विभाग ने इसके लिए विस्तृत योजना तैयार की है। इस अभियान के तहत यमुना नदी के किनारे सर्वाधिक 96,78,330 पौधे लगाए जाएंगे, जबकि गंगा के किनारे 54,80,994 और बेतवा के किनारे 50,61,251 पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया है।

उत्तराखण्ड को कृषि सम्बन्धी 3800 करोड़ की योजनाओं को मिली सहमति

मुख्यमंत्री धामी ने केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान से की शिष्टाचार भेंट

प्रमुख संवाददाता

नई दिल्ली/देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने नई दिल्ली में केंद्रीय कृषि, ग्राम्य विकास एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान से शिष्टाचार भेंट की। सीएम ने राज्य के पर्वतीय एवं मैदानी क्षेत्रों की कृषि एवं बागवानी आवश्यकताओं तथा किसानों की आर्थिक सुदृढ़ता के लिए राज्य सरकार द्वारा तैयार की गयी प्रस्तावित योजनाओं पर भी चर्चा की। मुख्यमंत्री ने अवगत कराया कि उत्तराखण्ड सरकार ने कृषि एवं बागवानी क्षेत्र के समग्र विकास एवं किसानों को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से लगभग 3800 करोड़ रुपये की व्यापक योजनाएं तैयार की हैं। इन योजनाओं में नवाचार, यंत्रीकरण, तकनीकी समावेशन एवं पारम्परिक कृषि को बढ़ावा देने जैसे विविध पहलुओं को शामिल किया गया है। केंद्रीय कृषि मंत्री द्वारा राज्य की कृषि संबधि योजनाओं के लिए 3800 करोड़ की सैद्धांतिक सहमति प्रदान करने पर मुख्यमंत्री ने उनका आभार जताया। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह सहयोग राज्य के कृषि क्षेत्र को आत्मनिर्भर और आधुनिक बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम सिद्ध होगा। मुख्यमंत्री के अनुरोध पर केन्द्रीय मंत्री द्वारा पर प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पी.एम.जी.एस.वाई) 1 व 2 के अवशेष कार्यों की समय सीमा बढ़ाने की सैद्धांतिक सहमति प्रदान की गई। साथ ही पी.एम.जी.एस.वाई 4 के प्रस्ताव पर भी सैद्धांतिक सहमति प्रदान करने का आश्वासन दिया। केन्द्रीय मंत्री ने उत्तराखंड सरकार द्वारा कृषि एवं ग्रामीण विकास के विभिन्न क्षेत्रों में किये जा रहे उत्कृष्ट कार्यों की सराहना की। केंद्रीय कृषि मंत्री ने मुख्यमंत्री द्वारा प्रस्तुत प्रस्तावों पर सकारात्मक प्रतिक्रिया देते हुए आश्वस्त किया कि उत्तराखण्ड की कृषि आवश्यकताओं को प्राथमिकता के आधार पर संज्ञान में लिया जाएगा तथा राज्य के किसानों की समृद्धि के लिए हरसंभव सहयोग प्रदान किया जाएगा। बैठक में भारत सरकार के कृषि सचिव देवेश चतुर्वेदी, भारत सरकार के ग्रामीण विकास सचिव सैलेश कुमार सिंह तथा उत्तराखंड के स्थानिक आयुक्त अजय मिश्रा उपस्थित रहे।

Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी**
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com

विश्व मुक्केबाजी कप में भारत ने जीते 11 पदक

एजेंसी

अस्ताना। भारत की महिला मुक्केबाजों ने रविवार को दूसरे विश्व मुक्केबाजी कप में यादगार प्रदर्शन किया जिसमें साक्षी (54 किग्रा), जैस्मीन (57 किग्रा) और नूपुर (80 किग्रा) ने विपरीत अंदाज में जीत दर्ज कर स्वर्ण पदक अपने नाम किए। इनके शानदार प्रदर्शन से भारत ने 11 पदक के साथ अभियान समाप्त किया जो इस टूर्नामेंट में देश का अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है।

इनमें तीन स्वर्ण, पांच रजत और तीन कांस्य शामिल हैं। जुगनू (पुरुष 85 किग्रा), पूजा रानी (महिला 80 किग्रा), हितेश गुलिया (पुरुष 70 किग्रा) और अभिनाश जामवाल (पुरुष 65 किग्रा) ने अपने-अपने फाइनल में हारने के बाद रजत पदक के साथ समापन किया। साक्षी ने महिलाओं के 54 किग्रा भार वर्ग के फाइनल में अमेरिका की योसलाइन पेरेज के खिलाफ आक्रामक खेल दिखाकर सर्वसम्मत फैसला प्राप्त किया जबकि जैस्मीन ने महिलाओं के 57 किग्रा भार वर्ग में ब्राजील की जुसीलेन सेक्वेरा रोमेउ को 4 -1 से हराया। इसके बाद नूपुर ने 80 किग्रा से अधिक के भार वर्ग के फाइनल में कजाकिस्तान की मुक्केबाज येलदाना तालीपोवा की चुनौती को पार करते हुए 5 - 0 से जीत दर्ज की। अंतिम दिन के पहले सत्र में साक्षी ने भारत के लिए स्वर्ण पदक का खाता खोला। मीनाक्षी 48 किग्रा के फाइनल में नाजिम काइजेबे से 2-3 से हार गईं। जुगनू को कजाकिस्तान के बेकजाद नूरदौलेटोव के खिलाफ 0-5 से हार का सामना करना पड़ा जबकि पूजा को आस्ट्रेलिया की एसिटा फ्लिंट के खिलाफ इसी अंतर से शिकस्त मिली। हितेश ब्राजील के कायन ओलिवेरा के खिलाफ 0-5 से हार गए जबकि जामवाल यूरी फाल्काओ के खिलाफ 2-3 से हार गए। संजू (महिला 60 किग्रा), निखिल दुबे (पुरुष 75 किग्रा) और नरेंद्र (पुरुष 90 किग्रा) ने कांस्य पदक के साथ समापन किया।

❍ साक्षी, जैस्मीन, नूपुर को स्वर्ण पदक

भारत ने इंग्लैंड को हर विभाग में हराया

बर्मिंघम। इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने स्वीकार किया कि भारत ने दूसरे टेस्ट क्रिकेट मैच में खेल के हर विभाग में उनकी टीम से बेहतर प्रदर्शन किया तथा तेज गेंदबाज आकाशदीप के अविश्वसनीय कौशल ने मैच में निर्णायक अंतर पैदा किया। श्रृंखला में अपना पहला टेस्ट मैच खेल रहे आकाशदीप ने 10 विकेट लेकर भारत की 336 रन से जीत में अहम भूमिका निभाई। भारत की इस मैदान पर टेस्ट क्रिकेट में यह पहली जीत है। पांच मैच की श्रृंखला अब ।-। से बराबर है और तीसरा टेस्ट 10 जुलाई से लॉर्ड्स में खेला जाएगा। स्टोक्स ने मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, मुझे लगता है कि आकाश ने कल रात और आज सुबह पिच पर पड़ी दरार का अच्छा इस्तेमाल किया। लगातार कोण बदलने और उसका उपयोग करने की उसकी क्षमता अद्भुत है और फिर भी वह इतना सटीक है। वह उस दरार पर ध्यान केंद्रित कर रहा था। आज सुबह हैरी ब्रूक जिस गेंद पर आउट हुआ उस पर कोई भी बल्लेबाज कुछ नहीं कर सकता था।

आईसीसी ने संजोग गुप्ता को नया सीईओ नियुक्त किया

एजेंसी

दुबई। भारतीय मीडिया दिग्गज संजोग गुप्ता को सोमवार को जय शाह की अगुआई वाली अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) का नया मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) नियुक्त किया गया। वह आस्ट्रेलिया के ज्योफ एलार्डिस की जगह लेंगे जिन्होंने इस साल की शुरूआत में चैम्पियंस ट्रॉफी से पहले निजी कारणों का हवाला देते हुए अपने पद से इस्तीफा दे दिया था। अभी तक जियोस्टार में सीईओ (खेल) के रूप में कार्यरत रहे गुप्ता तत्काल प्रभाव से अपनी नई भूमिका का कार्यभार संभालेंगे।

वह आईसीसी के सातवें सीईओ होंगे। क्रिकेट की सर्वोच्च संस्था ने कहा कि इस पद के लिए उसे 25 देशों से 2,500 से अधिक आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 12 उम्मीदवारों को

शॉर्टलिस्ट किया गया। आईसीसी ने कहा उम्मीदवारों में खेल के शासी निकायों से जुड़े पदाधिकारियों के अलावा कॉरपोरेट जगत से जुड़े वरिष्ठ अधिकारी शामिल थे। इन नामों को नामांकन समिति को भेज दिया गया जिसमें आईसीसी के उपाध्यक्ष इमरान ख्वाजा, इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) के अध्यक्ष रिचर्ड थॉम्पसन, श्रीलंका क्रिकेट (एसएलसी) के अध्यक्ष शम्मी सिल्वा और भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के सचिव देवजीत सैकिया शामिल हैं। उन्होंने इस पद के लिए गुप्ता की सिफारिश की जिसे आईसीसी के चेयरमैन जय शाह ने मंजूरी दे दी।

आईसीसी ने कहा संजोग गुप्ता भारत और विश्व स्तर पर खेल प्रसारण के परिवर्तन के पीछे एक प्रेरक शक्ति रहे हैं। आईसीसी में अपने बयान में प्रो कबड्डी लीग और इंडियन सुपर लीग (फुटबॉल) जैसी अन्य लीगों की स्थापना और विस्तार तथा प्रीमियर लीग और विंबलडन जैसी वैश्विक प्रतियोगिताओं को बढ़ावा देने में गुप्ता की भूमिका का भी जिक्र किया। शाह ने कहा कि खेल रणनीति और व्यावसायीकरण में गुप्ता का अनुभव आईसीसी के लिए महत्वपूर्ण साबित होगा। उन्होंने कहा संजोग के पास खेल रणनीति और व्यावसायीकरण का व्यापक अनुभव है, जो आईसीसी के लिए अमूल्य साबित होगा।

एशियाई चैम्पियनशिप के छह पदक विजेता अंडर-17 विश्व चैम्पियनशिप की टीम में

एजेंसी

नयी दिल्ली। एशियाई चैम्पियनशिप के छह पदक विजेताओं ने सोमवार को यहां चयन ट्रायल में शानदार प्रदर्शन करते हुए अंडर 17 विश्व चैम्पियनशिप के लिए राष्ट्रीय टीम में जगह बनायी। भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) ने ट्रायल्स को हाल ही में आयोजित अंडर-17 राष्ट्रीय चैम्पियनशिप के पदक विजेताओं तक सीमित कर दिया था, जिसके कारण प्रत्येक 10 वर्ग में केवल सर्वश्रेष्ठ पहलवानों ने ही प्रतिस्पर्धा की, जिससे मुकाबलों की संख्या सीमित हो गई। हरियाणा की रचना परमार (43 किग्रा), दिल्ली की मोनी (57 किग्रा), राजस्थान की अश्विनी वैष्णो (65 किग्रा) और हरियाणा की मनीषा (69 किग्रा), अपने-अपने वर्ग में विजेता बनीं। इन सभी ने वियतनाम में एशियाई चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीता था। ट्रायल में जीत दर्ज करके भारतीय टीम में जगह बनाने वाली अन्य खिलाड़ियों में उत्तर प्रदेश की प्रीति (40 किग्रा), कशिश (46 किग्रा), कोमल (49 किग्रा), यशिता (61 किग्रा) और काजल (73 किग्रा) शामिल हैं।

ऑस्ट्रेलिया ने वेस्टइंडीज से जीती श्रृंखला

एजेंसी

सेंट जॉर्ज (ग्रेनाडा)। ऑस्ट्रेलिया ने वेस्टइंडीज को दूसरे टेस्ट क्रिकेट मैच के चौथे दिन ही 133 रन से हराकर श्रृंखला अपने नाम की और इस तरह से फ्रैंक वॉरेल ट्रॉफी अपने पास बरकरार रखी। ऑस्ट्रेलिया ने चौथे दिन वेस्टइंडीज को 34.3 ओवर में 143 रन पर आउट कर तीन टेस्ट मैचों की श्रृंखला में 2-0 की अजेय बढ़त बना ली। ऑस्ट्रेलिया ने स्टीव स्मिथ (71) और कैमरन ग्रीन (52) के अर्धशतकों की मदद से अपनी दूसरी पारी में 243 रन बनाकर वेस्टइंडीज के सामने 277 रन का मुश्किल लक्ष्य रखा। वेस्टइंडीज की तरफ से शमर जोसेफ ने 66 रन देकर चार विकेट लिए। वेस्टइंडीज की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसका स्कोर जल्द ही चार विकेट पर 33 रन हो गया। उसकी टीम इससे उबर नहीं पाई और मैच दोपहर के सत्र में ही समाप्त हो गया। ऑस्ट्रेलिया की तरफ से बाएं हाथ के तेज गेंदबाज मिशेल स्टार्क ने आठ ओवर में 24 रन देकर तीन विकेट चटकाए। जोश हेजलवुड ने दो विकेट लिए और ऑफ स्पिनर नाथन लियोन ने 5.3 ओवर में 42 रन देकर तीन विकेट हासिल किए। मैच में छह विकेट लेने वाले लियोन ऑस्ट्रेलिया की तरफ से टेस्ट क्रिकेट में सर्वाधिक विकेट लेने वाले गेंदबाजों की सूची में दूसरे स्थान पर काबिज ग्लेन मैकग्रा की बराबरी करने से अब केवल एक विकेट दूर हैं। लियोन ने 2011 से अब तक 139 टेस्ट मैचों में 562 विकेट लिए हैं। मैकग्रा ने 1993-2007 तक 124 टेस्ट मैचों में 563 विकेट लिए थे।

महान लेग स्पिनर शेन वॉर्न 1992-2007 तक 145 टेस्ट मैचों में 708 विकेट लेकर ऑस्ट्रेलियाई सूची में शीर्ष पर हैं। वेस्टइंडीज की तरफ से दूसरी पारी में कप्तान रोस्टन चेस ने सर्वाधिक 34 रन बनाए, लेकिन स्टार्क की गेंद पर एलबीडब्ल्यू आउट हो गए। शमर जोसेफ ने तीन छक्कों की मदद से 24 रन का योगदान दिया। आस्ट्रेलियाई विकेटकीपर एलेक्स कैरी को उनकी शानदार बल्लेबाजी के लिए मैन ऑफ द मैच चुना गया। उन्होंने पहली पारी में 63 और दूसरी पारी में 30 रन बनाए। इसके अलावा उन्होंने स्टंप के पीछे चार कैच भी लपके। तीसरा टेस्ट मैच शनिवार से किंग्स्टन, जमैका में शुरू होगा। यह दिन रात्रि टेस्ट मैच होगा।

मनु भाकर एशियाई चैंपियनशिप के लिए भारतीय निशानेबाजी टीम में

एजेंसी

नयी दिल्ली। ओलंपिक में दो पदक जीतने वाली मनु भाकर कजाकिस्तान के श्यामकेंट में 16 से 30 अगस्त तक होने वाली 16वीं एशियाई चैम्पियनशिप के लिए सोमवार को घोषित 35 सदस्यीय भारतीय टीम में शामिल एकमात्र ऐसी निशानेबाज हैं जो दो व्यक्तिगत स्पर्धाओं में भाग लेंगी।

भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ (एनआरएआई) द्वारा घोषित अन्य टीमें सितंबर-अक्टूबर में यहां होने वाले आईएसएसएफ जूनियर विश्व कप और जूनियर एशियाई चैंपियनशिप के लिए हैं, जो सीनियर प्रतियोगिता के साथ ही होगी। एनआरएआई ने चीन के निंगबो में होने वाले आईएसएसएफ विश्व कप (राइफलापिस्टल) के लिए सीनियर टीम की घोषणा भी कर दी है। यह प्रतियोगिता सात से 15 सितंबर तक आयोजित की जाएगी।

इस प्रमुख एशियाई प्रतियोगिता के लिए सीनियर टीम में 35 सदस्य हैं, जो तीन मिश्रित टीम सहित 15 स्पर्धाओं में भाग लेंगे। भाकर महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल और महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल स्पर्धाओं में प्रतिस्पर्धा करेंगी। सीनियर टीम में वापसी करने वाले प्रमुख खिलाड़ियों में पुरुष एयर राइफल के पूर्व विश्व चैंपियन रुद्राक्ष पाटिल और ओलंपियन अंजुम मौदगिल (महिला 50 मीटर राइफल 3 पोजीशन), ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर (पुरुष 50 मीटर राइफल 3 पोजीशन), सौरभ चौधरी (पुरुष 10 मीटर एयर पिस्टल) और केनान चेनाई (पुरुष ट्रैप) शामिल हैं।

हॉकी : भारत ए का पहला मुकाबला आयरलैंड से

आइंडहोवन (नीदरलैंड)। भारत ए पुरुष हॉकी टीम मंगलवार को यहां आयरलैंड के खिलाफ मैच के साथ अपने यूरोप दौरे की शुरुआत करेगी। भारतीय टीम का यूरोप दौरे में कुछ शीर्ष टीमों के साथ मुकाबला होगा और इसका उद्देश्य उभरते खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेलने का अनुभव प्रदान करना है। युवा और अनुभवी खिलाड़ियों के मिश्रण वाली इस टीम का नेतृत्व संजय कर रहे हैं, जिनका मानना है कि यूरोप का दौरा टीम के लिए शानदार अवसर है। शुरुआती मैच से पहले कप्तान ने कहा, यूरोप का दौरा हम सभी के लिए एक शानदार अवसर है। इस दौरे पर कुछ बहुत कठिन मैच होंगे और हम इन टीमों के खिलाफ खुद को परखने के लिए उत्सुक हैं। हमारी टीम में युवा और अनुभवी खिलाड़ी हैं और इस दौरे से उन्हें काफी कुछ सीखने को मिलेगा। भारत ए टीम आयरलैंड, फ्रांस और नीदरलैंड के साथ दो-दो जबकि इंग्लैंड और बेल्जियम के साथ एक-एक मैच खेलेगी।

मैग्नस ने सुपर यूनाइटेड रैपिड और ब्लिट्ज टूर्नामेंट जीता

जगरेब (क्रोएशिया)। दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन ने एक दौर शेष रहते सुपर यूनाइटेड रैपिड और ब्लिट्ज शतरंज टूर्नामेंट जीतकर एक बार फिर साबित कर दिया कि वह दुनिया में सर्वश्रेष्ठ हैं जबकि मौजूदा विश्व चैंपियन डी गुकेश तीसरे स्थान पर रहे। नौ दौर के रैपिड टूर्नामेंट में गुकेश से चार अंक पीछे रहने के बाद कार्लसन ने ब्लिट्ज वर्ग में इसका पूरा फायदा उठाया और पहले चरण में नौ में से 7.5 अंक हासिल कए। दूसरे चरण में पहले आठ बाजियों में से चार अंक हासिल करना ही उन्हें टूर्नामेंट में एक और जीत दिलाने के लिए पर्याप्त था। गुकेश ने रैपिड वर्ग में शानदार शुरुआत करते हुए 14 अंक हासिल किए थे लेकिन ब्लिट्ज वर्ग में अपने पहले नौ गेम में से केवल 1.5 अंक हासिल करके लय खो बैठे। कार्लसन ने 22.5 अंकों के साथ टूर्नामेंट समाप्त किया और वह अमेरिका के वेस्ली सो से 2.5 अंक आगे थे जो दूसरे स्थान पर रहे। गुकेश अंततः 19.5 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रहे। कार्लसन ने 17,5000 अमेरिकी डॉलर के पुरस्कार पूल में से 40,000, वेस्ली ने 30,000 और गुकेश ने 25,000 हासिल किए। भारत के आर प्रज्ञानानंदा 15 अंक के साथ नौवें स्थान पर रहे।

दीक्षा आयरिश ओपन गोल्फ में 63वें पायदान पर रही

किल्डारे (आयरलैंड)। भारतीय गोल्फर दीक्षा डागर 2025 केपीएमजी महिला आयरिश ओपन के अंतिम दौर में चार ओवर 77 का निराशाजनक कार्ड खेलने के बाद संयुक्त रूप से 63वें स्थान पर रही। लगातार 11वें टूर्नामेंट में कट हासिल करने में सफल रही दीक्षा पिछले दो दौर के बेहतर प्रदर्शन को आखिरी दौर में जारी नहीं रख सकी। उन्होंने 75-73-73-77 के कार्ड के साथ कुल छह ओवर का स्कोर बनाया। अवनि प्रशांत, त्वेसा मलिक और हिताक्षी बख्शी जैसी भारतीय खिलाड़ी इस प्रतियोगिता के कट में प्रवेश करने से चूक गई थी। एमेच्योर लोट्टी वोड ने छह शॉट के बड़े अंतर से शानदार जीत दर्ज की। इंग्लैंड की इस खिलाड़ी ने शुरुआती तीन दौर में 68-67-67 के कार्ड खेलने के बाद चौथे दौर में चार-अंडर 69 का कार्ड खेला।

कार्यालय नगर निगम मथुरा-वृंदावन

"प्लास्टिक छोड़ो, पर्यावरण से नाता जोड़ो!"

क्या आप जानते हैं कि एकल-उपयोग प्लास्टिक —वो प्लास्टिक जो हम एक बार इस्तेमाल कर फेंक देते हैं — हमारे शहर, नदियों और धरती को वर्षों तक प्रदूषित करता है ?

स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत नगर निगम मथुरा-वृंदावन द्वारा 12 जून से 31 जुलाई 2025 तक 'आरंभ 6.0 अभियान' तथा 01 जुलाई से 12 जुलाई 2025 तक 'प्लास्टिक उन्मूलन महा-अभियान (PUMA) - चरण 4.0' प्रभावी रूप से संचालित किया जा रहा है।

1. प्लास्टिक बैग, डिस्पोजल प्लेट्स, कप, स्ट्रॉ, चम्मच जैसी वस्तुओं का बहिष्कार करें।
2. जूट, कपड़े व कागज से बने थैले अपनाएं।
3. पर्यावरण-संवेदनशील नागरिक बायोबैग का प्रयोग करें - ये प्राकृतिक रूप से नष्ट हो जाते हैं और प्रदूषण नहीं फैलाते।
4. प्लास्टिक कचरे को फेंकें नहीं, पुनर्चक्रण करें - इसके लिए प्रेम मंदिर के पास प्लास्टिक बोतल क्रशिंग मशीन का उपयोग करें।
5. बच्चों को भी प्लास्टिक से होने वाले नुकसान के प्रति जागरूक बनाएं।

याद रखें

इस अभियान के अंतर्गत नगर निगम द्वारा रैलियाँ, नुक्कड़ नाटक, थैला वितरण, थैला बैंक, हस्ताक्षर अभियान जैसे कई कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

स्कूल, कॉलेज, बाजार और सार्वजनिक स्थलों को नो-प्लास्टिक जोन घोषित किया जा रहा है।

प्लास्टिक से मुक्ति कोई विकल्प नहीं, अब जरूरत है।

आपका छोटा सा प्रयास, मथुरा-वृंदावन को स्वच्छ, सुंदर और टिकाऊ बना सकता है।

आइए, मिलकर बनाएं एक प्लास्टिक मुक्त मथुरा-वृंदावन।

"ना प्लास्टिक-हां पर्यावरण!"

नगर निगम मथुरा-वृंदावन - स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत जन-सहयोग से समर्पित।

नगर आयुक्त
नगर निगम मथुरा-वृंदावन

हिन्दी दैनिक
वायस ऑफ लखनऊ
के
21वें स्थापना दिवस
की दिली मुबारकबाद
मो० इरशाद मलिक
अध्यक्ष/संस्थापक
मलिक समाज फाउंडेशन

हिन्दी दैनिक
वायस ऑफ लखनऊ
के
स्थापना दिवस की
हार्दिक बधाई
अखिलेश वर्मा
'जिलाध्यक्ष'
दिलीप वर्मा
जिला मीडिया प्रभारी
राष्ट्रीय लोकदल, बाराबंकी

हिन्दी दैनिक
वायस ऑफ लखनऊ के
स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई
बाराबंकी में पहली बार
चम्पारण
RESTAURANT
NOW OPEN
देवेन्द्र प्रताप सिंह ज्ञानू
प्रोपाइटर/समासद

NLPD प्रोफेशनल इंस्टीट्यूट एवं हास्पिटल, आलापुर की ओर से
हिन्दी दैनिक
वायस ऑफ लखनऊ
के
स्थापना दिवस की
हार्दिक बधाई
सुशील कुमार
एम०डी०
प्रदीप कुमार
एम०डी०

हिन्दी दैनिक
वायस ऑफ लखनऊ
के 'स्थापना दिवस'
की हार्दिक बधाई
संजय जायसवाल
'समासद'
आजाद नगर वार्ड, नगरपालिका परिषद नवाबगंज, बाराबंकी।

अंकुर शोरुम माल की ओर से
हिन्दी दैनिक
वायस ऑफ लखनऊ के
21वें स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई
अंकुर शोरुम माल
नेलसन हॉस्पिटल रोड, पी.डब्लू. डी. ऑफिस के सामने निकट
कमला नेहरू पार्क, बाराबंकी 9415166601

हिन्दी दैनिक
वायस ऑफ लखनऊ
के
21वें 'स्थापना दिवस'
की
हार्दिक शुभकामनायें
हुकुम सिंह हेल्प फाउंडेशन
सेवा
सहयोग
स्व: हुकुम सिंह यादव
ज्ञान सिंह यादव
'अध्यक्ष'
हुकुम सिंह हेल्प फाउंडेशन

'हिन्दी दैनिक'
वॉयस ऑफ लखनऊ के
21वें स्थापना दिवस
की
दिली मुबारकबाद
शाफे जुबेरी
एडवोकेट/समासद
'जिलाध्यक्ष'
मुलायम सिंह यूथ बिग्रेड, बाराबंकी

लखनऊ
हिन्दी दैनिक
वायस ऑफ लखनऊ
के
स्थापना दिवस की
हार्दिक बधाई
लखनऊ
विष्णु प्रभाकर वर्मा
निवर्तमान नगर अध्यक्ष
भारतीय जनता पार्टी, बाराबंकी
रोहिताश्व दीक्षित

हिन्दी दैनिक
वायस ऑफ लखनऊ
के
'स्थापना दिवस'
की
हार्दिक बधाई
शीला सिंह वर्मा
चेयरमैन
सुरेन्द्र वर्मा
पूर्व ब्लाक प्रमुख

हिन्दी दैनिक
वायस ऑफ लखनऊ
के 'स्थापना दिवस'
की दिली मुबारकबाद
मोहम्मद फैसल
समासद
बेहरुबगर वार्ड, बाराबंकी।


हिन्दी दैनिक
वायस ऑफ लखनऊ के
21वें स्थापना दिवस
की दिली मुबारकबाद
वसीम राईन
'राष्ट्रीय उपाध्यक्ष'
ऑल इण्डिया पसमांदा मुस्लिम महाज

हिन्दी दैनिक
वायस ऑफ लखनऊ
के
स्थापना दिवस की
दिली मुबारकबाद
हाफिज अयाज अहमद
'जिलाध्यक्ष' समाजवादी पार्टी, बाराबंकी

हिन्दी दैनिक
वायस ऑफ लखनऊ के
21वें 'स्थापना दिवस'
की हार्दिक
शुभकामनायें
पंकज गुप्ता 'पंकी'
प्रदेश कार्यसमिति सदस्य भाजपा पिछड़ा मोर्चा उ०प्र०
'प्रदेश उपाध्यक्ष'—अन्तर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन उ०प्र०
मो०–9415049009

टी०आर०सी लॉ कालेज परिवार की ओर से
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
वायस ऑफ लखनऊ
के
21वें स्थापना दिवस
की हार्दिक बधाई
एवं शुभकामनाये
डा० सुशील चतुर्वेदी
'प्रबन्धक'
टी०आर०सी लॉ कालेज, सतरिख, बाराबंकी

निजामुद्दीन एण्ड कम्पनी सट्टी बाजार, बाराबंकी
की ओर से
हिन्दी दैनिक
वायस ऑफ लखनऊ
के स्थापना दिवस की दिली मुबारकबाद
हाजी उसामा अंसारी
अकबरस सादात अंसारी
अजहर उमर अंसारी
मुजीबुद्दीन अंसारी

हिन्दी दैनिक
वायस ऑफ लखनऊ
के
'स्थापना दिवस'
की दिली
मुबारकबाद
फराजुद्दीन किदवाई
'प्रदेश प्रवक्ता' सपा
सौजन्य से – समाजवादी पार्टी, बाराबंकी

हिन्दी दैनिक
वायस ऑफ लखनऊ
के
21वें स्थापना दिवस
की हार्दिक बधाई
एवं शुभकामनायें
शिव स्वामी वर्मा
एडवोकेट
सौजन्य से– अनुज वर्मा सोनू
भाजपा नेता

वॉयस ऑफ लखनऊ हिन्दी दैनिक के
स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
अली हसन (सोनू)
ग्राम प्रधान-मुसहर नचना
ब्लॉक-कूरेभार
जनपद-सुल्तानपुर

वॉयस ऑफ लखनऊ हिन्दी दैनिक के
स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
प्रकाश कुमार मिश्रा
एडीओ पंचायत
विकास खण्ड-कूरेभार
जनपद-सुल्तानपुर

स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
वॉयस ऑफ लखनऊ हिन्दी दैनिक के
स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
रोहित शुक्ला
युवा समाजसेवी
ग्राम सभा-ऐहार
रायबरेली

वॉयस ऑफ लखनऊ हिन्दी दैनिक के
स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
दिलीप कुमार
प्रधानाध्यापक-प्रा०वि० खुरहटी, राही
मंत्री-उ०प्र० प्राथमिक शिक्षक संघ, राही
रायबरेली

परिवहन विभाग बाराबंकी
की ओर से
हिन्दी दैनिक
वायस ऑफ लखनऊ
के
'स्थापना दिवस'
की
हार्दिक शुभकामनायें
सौजन्य से—परिवहन विभाग

वॉयस ऑफ लखनऊ हिन्दी दैनिक के
स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
अदिति सिंह
सदर-विधायक
रायबरेली
आशुतोष पाण्डेय
नगर अध्यक्ष
भारतीय जनता पार्टी रायबरेली

वॉयस ऑफ लखनऊ हिन्दी दैनिक के
स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
R.S.R. Industries
Manufacturers : Non Woven Bags
Rajat : 9897924921
Shivam : 7017612808
Rishabh : 9568678737
D-47, Foundry Nagar, Agra
rsrindustries1@gmail.com
www.rsrindustriesagra.com
R.S.R. Industries
A HOUSE OF NON WOVEN BAGS
BEST QUALITY IN YOUR OWN CITY

वॉयस ऑफ लखनऊ हिन्दी दैनिक के स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
डॉ. गजेन्द्र सिंह
अध्यक्ष-उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षक संघ शाखा राही,
जनपद-रायबरेली

वॉयस ऑफ लखनऊ हिन्दी दैनिक के स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
सचिन
बाजपेयी
नॉर्दर्न रेलवे
यूनियन
रायबरेली

वॉयस ऑफ लखनऊ
के
स्थापना दिवस
प्रकाशन के 21 वर्ष
पूर्ण करने
के अवसर पर प्रकाशित
विशेषांक परिशिष्ट
हेतु
वॉयस ऑफ लखनऊ परिवार
को
हार्दिक
शुभकामनाएं
तनुज पुनिया
सांसद-बाराबंकी

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
वायस ऑफ लखनऊ
के
21वें स्थापना दिवस की
हार्दिक बधाई
एवं शुभकामनाये
राकेश वर्मा 'कर्रा'
वरिष्ठ भाजपा नेता

स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

वॉयस ऑफ लखनऊ हिन्दी दैनिक के
स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

त्रिनेत्र पाण्डये
बरिष्ठ भाजपा नेता
प्रधान प्रतिनिधि ग्राम पंचायत सेमरौना
ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि ब्लॉक धनपतगंज
जनपद सुल्तानपुर

वॉयस ऑफ लखनऊ हिन्दी दैनिक के
स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

सुरेश कुमार कसौधन
ग्राम पंचायत कूरेभार
विकास खण्ड-कूरेभार
जनपद-सुल्तानपुर

पं. अभयजीत दुबे
संस्थापक

वॉयस ऑफ लखनऊ
हिंदी दैनिक समाचार पत्र की
21 वर्षगांठ
की हार्दिक शुभकामनाएं
डॉ. अजयेन्द्र कुमार दुबे
प्रबंधक
कुटीर संस्थान कुटीर चक्के जौनपुर

मातृ संस्था
श्री गीता साहित्य कुटीर

वॉयस ऑफ लखनऊ हिन्दी दैनिक के
स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

ऋषभ पटेल
अवर अभियंता
जनपद सुल्तानपुर

वॉयस ऑफ लखनऊ
हिन्दी दैनिक के स्थापना
दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

जितेंद्र कुमार
जिला अध्यक्ष
राकेश दुबे
समाजसेवी
सुल्तानपुर प्रबुद्ध प्रकोष्ठ मध्य उत्तर प्रदेश

वॉयस ऑफ लखनऊ

के 21 वें स्थापना दिवस पर हार्दिक शुभकामनाएं



ज्ञान प्रकाश सिंह
वरिष्ठ भाजपा नेता

वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर

वॉयस ऑफ लखनऊ हिन्दी दैनिक के
स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

प्रो. वन्दना सिंह
कुलपति
वीर बहादुर सिंह
पूर्वांचल
विश्वविद्यालय
जौनपुर उ.प्र.

卐 श्रीगणेशाय नमः 卐 | 卐 ॐ नमो भगवतेवासुदेवाय 卐

आमंत्रण
श्रीमद्भागवत
कथा महायज्ञ

स्नेही स्वजन,
भगवान श्रीकृष्ण की कृपा, पितरों का आशीर्वाद, पुज्यनिया माता जी धनराजी देवी के स्नेहाशीष, आत्मा की चिरसंचित तपशक्ति एवं ब्रह्मनिष्ठ-संकल्पबल से प्रेरित होकर जगन्नाथ गया भात के पुण्य उपलक्ष्य में शास्त्रसम्मत, स्मृतिसंगत, संहितायुक्त ब्राह्मणधर्म के विधानानुसार विराट श्रीमद्भागवत कथा महायज्ञ 'बाबाकुंज' में आयोजित है।

कार्यक्रम विवरण

11 जुलाई 2025, दिन - शुक्रवार से 17 जुलाई 2025, दिन - वृहस्पतिवार तक
(मंगलाचरण, वेदपाठ कथा एवं आरती) प्रतिदिन सायं 3:00 से 7:00 बजे तक
महाप्रसाद : 18 जुलाई 2025, दिन - शुक्रवार, अपराह्न 12 बजे से आपके आगमन तक
स्थान : बाबाकुंज, बदलापुर, जौनपुर

इस महायज्ञ में आप सपरिवार, संबंधु-बांधव, ईष्ट मित्र सहित आमंत्रित हैं। वेदध्वनि एवं मन्त्र उच्चारण से सृष्टि कल्याण का संकल्प सिद्ध होने को है।

आपका -
ओम प्रकाश 'बाबा' दुबे,
प्रथम विधायक - बदलापुर, बरौली, जौनपुर

स्वगाताकंक्षी -
समस्त दुबे परिवार

|| कथा वाचक ||
आचार्य पं. श्री राघवेन्द्र शास्त्री जी

इजराइल ने यमन में हूती विद्रोहियों पर किये हवाई हमले

दुबई (यूएई)। इजराइल की सेना ने यमन में हूती विद्रोहियों के कब्जे वाले बंदरगाहों और उनके ठिकानों को निशाना बनाकर सोमवार तड़के हवाई हमले किए जिसके जवाब में विद्रोहियों ने भी इजराइल की ओर मिसाइल दागी।

इजराइल की सेना ने कहा कि उसने हूती विद्रोहियों के कब्जे वाले होदेदा, रास ईसा और सालिफ बंदरगाहों के साथ-साथ रास कनातिब ऊर्जा संयंत्र पर हमले किए। उसने कहा इन बंदरगाहों का इस्तेमाल हूतियों द्वारा ईरान की सरकार से हथियार लाने के लिए किया जाता है। ये हथियार फिर इजराइल और उसके सहयोगियों के खिलाफ आतंकवादी हमलों में इस्तेमाल किए जाते हैं। इजराइल की सेना ने कहा कि उसने गैलेक्सी लीडर जहाज पर भी हमला किया। यह वाहन ले जाने वाला एक जहाज है।

इस पर हूतियों ने नवंबर 2023 में उस समय कब्जा कर लिया था जब उसने इजराइल-हमास संघर्ष के विरोध में लाल सागर गलियारे में हमले शुरू किए थे। इजराइल की सेना ने कहा हूती विद्रोहियों ने जहाज पर एक रडार प्रणाली लगाई थी और वे इसका इस्तेमाल अंतरराष्ट्रीय समुद्री क्षेत्र में जहाजों का पता लगाने के लिए कर रहे हैं ताकि आगे की आतंकवादी गतिविधियों को अंजाम दिया जा सके। बहामास के ध्वज वाला जहाज गैलेक्सी लीडर एक इजराइली अरबपति से संबंधित था। इजराइली सेना ने कहा कि जहाज पर कोई इजराइली मौजूद नहीं था।

कंज्यूमर कनेक्ट इनिशिएटिव

समाज के हित में लगातार कार्य कर रही मथुरा रिफाइनरी

1982 में अपनी स्थापना के बाद से, इंडियन ऑयल की मथुरा रिफाइनरी पेट्रोलियम रिफाइनिंग और पर्यावरण प्रबंधन के बीच तालमेल का एक आदर्श मॉडल रही है। इसने हर वर्ष समाज के प्रति सेवा भाव रखते हुए अपना सफर तय किया है। प्रकृति के खजाने को सर्वोत्तम तरीके से पारिस्थितिकी अनुकूल और परिष्कृत करना रिफाइनरी के प्रमुख उद्देश्यों में से एक रहा है।



फॉर्च्यून की 'ग्लोबल 500' रैंकिंग में देश के शीर्ष रैंक वाले भारतीय कॉर्पोरेट इंडियन ऑयल ने हरित ईंधन का उत्पादन करने और उत्सर्जन को कम करने के लिए अत्याधुनिक प्रौद्योगिकियों को अनुसंधान एवं विकास के सहयोग से अपनाया है। इसके अलावा, अपने परिचालन को पर्यावरण हितैषी और स्थायी बनाने के लिए इसने अनेक पहल भी की है। भारत के प्रमुख रिफाइनर के रूप में, इंडियन ऑयल पर्यावरण के प्रति पूरी तरह जागरूक है और उसका मानना है कि सतत् विकास, आर्थिक विकास और पर्यावरण सुरक्षा के तीन स्तंभों पर आधारित है। इस दर्शनशास्त्र को मथुरा, उत्तर प्रदेश में स्थित इंडियनऑयल की छठी रिफाइनरी में वास्तविक रूप में देखा जा सकता है। मथुरा रिफाइनरी की स्थापना 1982 में राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के साथ-साथ घनी आबादी वाले उत्तर पश्चिमी भारत की ऊर्जा आवश्यकताओं को पूरा करने के उद्देश्य से की गई थी। मथुरा रिफाइनरी अपनी सीएसआर एक्टिविटी में स्वच्छ पीने का पानी एवं जल के संरक्षण, शिक्षा, हेल्थ, सेनिटाइजेशन, रोजगार, महिला सशक्तिकरण जैसे मुद्दों को प्राथमिकता देती है। मथुरा रिफाइनरी पिछड़ी जाति एवं अन्य कमजोर वर्ग को आगे बढ़ने में मदद करती है। सीएसआर प्रोजेक्ट्स को करने का मकसद लोगों के लिए एक बेहतर क्वालिटी और कम्यूनिटी तैयार करना है।

जिससे लोगों को एक बेहतर जीवन, नए स्किल और शिक्षा गृहन करने का अवसर मिलता है।

मथुरा रिफाइनरी का खास सीएसआर प्रोजेक्ट

समाज को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं देने के लिए आईओसीएल द्वारा स्वर्ण जयंती सामुदायिक हॉस्पिटल, मथुरा की शुरुआत की गई है। सन् 1999 से इसका निर्माण व संचालन सुप्रीम कोर्ट ऑफ इंडिया के आदेश के आधार पर हुआ है। बीपीएल कैटेगरी के लोगों के लिए यहां मुफ्त इलाज की सुविधा है। यह 50 बेड वाला हॉस्पिटल है। इंडियन ऑयल आरोग्यम स्कीम के तहत 2017 से 4 मोबाइल मेडिकल यूनिट आसपास के 48 गांवों में प्राथमिक स्वास्थ्य चिकित्सा सुविधा प्रदान कर रहे हैं। हॉस्पिटल में विभिन्न टेस्ट, पैथ लैब, ओपीडी सुविधा, एमरजेंसी, जनरल मेडिसन एवं सर्जरी के लिए विभाग मौजूद है।

हॉस्पिटल की निगरानी टाटा इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल साइंस द्वारा की जाती है। सुप्रीम कोर्ट द्वारा हॉस्पिटल की सराहना करते हुए कहा गया, हॉस्पिटल बहुत अच्छे से काम कर रहा है और निगरानी की जरूरत नहीं है। वर्तमान में करीब 50 हजार मरीजों का इलाज हर वर्ष हॉस्पिटल द्वारा किया जा रहा है। सीएसआर एक्टिविटी में मेडिकल क्षेत्र मथुरा रिफाइनरी के लिए बड़ी उपलब्धि है।

शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए सीएसआर एक्टिविटी में स्कूल

इस स्कूल की स्थापना मई 1977 में मथुरा रिफाइनरी टाउनशिप में की गई थी। स्कूल में पहली कक्षा से बारहवीं कक्षा तक की पढ़ाई कराई जाती है। साथ ही 11वीं एवं 12वीं कक्षा में साइंस, कॉमर्स एवं ह्यूमैनिटीज स्ट्रीम मौजूद हैं। 10वीं एवं 12वीं की शिक्षा में बेहतर प्रदर्शन के लिए केंद्रीय विद्यालय खासे जाने जाते हैं। केंद्रीय विद्यायल समाज में हर तबके को क्वालिटी एजुकेशन किफायती दाम पर देने के लिए प्रतिबद्ध हैं, जिसमें गांव एवं पिछड़े वर्ग के बच्चे भी शामिल होते हैं। एडमिशन सीजन के दौरान 25 फीसदी सीट गरीब बच्चों के लिए रिजर्व होती हैं। 1977 में स्थापना के बाद इस स्कूल से 4800 बच्चे उत्तीर्ण हो चुके हैं।

इस बजट से उन बच्चों को ज्यादा सहायता मिलती है जो पिछड़े वर्ग से होते है, साथ ही स्कूल की महंगी फीस नहीं दे सकते।

महिला सशक्तिकरण

महिला सशक्तिकरण की तरफ कदम बढ़ाते हुए और महिलाओं के बीच खास एजुकेशन को बढ़ावा देते हुए, 30 लड़कियों को मथुरा रिफाइनरी द्वारा वर्ष 2016-17 में सीएसआर के अंतर्गत जनरल नर्सिंग कोर्स के लिए चुना गया। इसमें इन 30 लड़कियों की शिक्षा का खर्च, हॉस्टल चार्ज, खाना आदि सब मथुरा रिफाइनरी द्वारा उठाया गया। इस एक्टिविटी के लिए हर वर्ष 9 लाख का बजट पारित किया जाता है। इस कोर्स के लिए हर वर्ष 30 लड़कियों को उत्तर प्रदेश से वृंदावन के रा कृष्णा मिशन आश्रम भेजा जाता है। 30 लड़कियों के बैच के 3 साल के इस कोर्स में सीएसआर के अंतर्गत 27 लाख खर्च किए जाते हैं।

स्किल डेवलपमेंट सेंटर

एनएसडीसी द्वारा 310 लोकल युवा बेरोजगारों को ट्रेनिंग देकर रोजगार योग्य बनाया गया है। सिलाई मशीन ऑपरेटर, मोबाइल फोन हार्डवेयर टेक्निशियन एवं सेल्स जैसी ट्रेनिंग युवाओं को दी गई है, जिससे वह अपना खुद का रोजगार शुरू कर सकें।

स्किल डेवलपमेंट से युवा अपना खुद का रोजगार कर सकते हैं साथ ही किसी कॉरपोरेट के साथ भी जुड़ सकते हैं। इससे देश में बेरोजगारी की समस्या कम होती है और युवाओं का कौशल बढ़ता है।

(इस लेख में किए गए दावों की सत्यता की पूरी जिम्मेदारी संबंधित व्यक्ति / संस्थान की है।)